

अखबार जो बदल दे नजरिया
राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 140 epaper.rashtriyakhabar.com ज्येष्ठ, शुक्लपक्ष पंचमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

त्यजन्ति मित्राणि धनैर्विहीनं दाराश्च भृत्याश्च सुहृज्जनाश्च।
तं चार्थवन्तं पुनराश्रयन्ते अर्थो हि लोके पुरुषस्य बन्धुः॥

**भावार्थ** : जब मनुष्य के पास धन नहीं रहता तो उसके मित्र, स्त्री, नौकर-चाकर और भाई बंधु सब उसे छोड़कर चले जाते हैं। यदि उसके पास फिर से धन संपत्ति आ जाए तो वे फिर उसका आश्रय ले लेते हैं। संसार में धन ही मनुष्य का बंधु है।



**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 38.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .27 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .04 बजे

## राहुल ने ट्रक से किया सफर

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार की रात ट्रक से दिल्ली से चंडीगढ़ का सफर पर निकले और वाहन चालकों से उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की। कांग्रेस ने मंगलवार को ट्वीट किया , जनता के नेता राहुल गांधी ट्रक चालकों के बीच पहुंचे और उनकी समस्याएं जानीं। राहुल जी ने दिल्ली से चंडीगढ़ तक का सफर तय किया। ट्वीट के साथ कांग्रेस ने श्री गांधी का 32 सेकंड का वीडियो भी साझा किया। वीडियो में सफेद टी-शर्ट पहने श्री गांधी ट्रक पर चढ़ते और सवारी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट पर कुछ तस्वीरें भी साझा कीं जिनमें वह ट्रक चालकों के साथ बातचीत करते नजर आ रहे है। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने मुखर्जी नगर में यूपीएससी के उम्मीदवारों के साथ बातचीत की थी।

## राज्यकर्मियों ने किया पहलवानों के समर्थन में प्रदर्शन

**चंडीगढ़ :** ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एंप्लाईज फेडरेशन के आह्वान पर मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ समेत विभिन्न उत्तरी राज्यों के सरकारी कर्मचारियों ने जंतर-मंतर पर पिछले 25 दिनों से धरनारत पहलवानों के प्रदर्शन के समर्थन में दिल्ली पहुंचकर आक्रोश प्रदर्शन किया। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा के यहां जारी बयान के अनुसार बड़ी संख्या में कर्मचारी संसद मार्ग स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा से पहलवानों के समर्थन में, केंद्र सरकार व दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते और यौन उत्पीड़न के आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जुलूस की शक्ल में जंतर-मंतर पहुंचे।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**बैठक** मुख्यमंत्री कार्यालय में ममता से मिले दो राज्यों के सीएम

# राज्यसभा में केजरीवाल को समर्थन मिलेगा

- राज्यसभा में भाजपा को हराने की बात कही
- संभावित गठबंधन पर किसी ने कुछ नहीं कहा
- कई और आप नेता भी केजरीवाल के साथ आये

**राष्ट्रीय खबर**



**कोलकाताः** असली बिसात को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की है। इसके बीच ही दिल्ली पर उपराज्यपाल के जरिए कब्जा की कोशिश ने भाजपा के खिलाफ विरोधियों को फिर से एकजुट होने का एक और मौका दे दिया है। इसी मुद्दे पर मुख्यमंत्री कार्यालय नबान्नो में तीन मुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद ममता बनर्जी ने एक बार फिर विपक्षी एकता का संदेश दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ बैठीं ममता ने कहा, अगर सब एक हो जाएं तो राज्यसभा में भी भाजपा को हराने का मौका है। ममता के शब्दों में, देश में लोकतंत्र नहीं है। सुप्रीम कोर्ट लोकतंत्र को बचा सकता है। यह सरकार तो सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं कर रही हैं। यह सरकार बुलडोजरों की सरकार है, एजेंसियों की सरकार है, वे संविधान पर ही बुलडोजर चला रहे हैं।मुख्यमंत्री को डर है कि भाजपा आने वाले दिनों में देश का नाम और संविधान बदल सकती है। ममता ने सभी विपक्षी दलों से भाजपा के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने की अपील की तृणमूल नेता का कहना है कि भाजपा को एक भी वोट नहीं दिया जा सकता है। यहां तक कि भाजपा के भीतर भी कई ऐसे हैं जो इस सरकार से नाखुश हैं। ममता ने उनसे भाजपा दलों को समर्थन देने की अपील की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात करने कोलकाता आए थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, आप नेता राघव चड्ढा, संजय सिंह और आतिशी भी वहां मौजूद थीं। वे मंगलवार दोपहर कोलकाता हवाईअड्डे पर उतरे। उनके स्वागत के लिए तृणमूल राज्यसभा सांसद डोला सेन और राज्य मंत्री सुजीत बोस मौजूद थे। माना जा रहा है कि केंद्र में भाजपा विरोधी एकता को शांत करने के लिए आप का शीर्ष नेतृत्व कोलकाता आया था। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर नवान्नो की बैठक में विपक्षी गठबंधन पर चर्चा हुई होगी लेकिन किसी ने भी इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहा है। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह केजरीवाल के घर पहुंचे। इस मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, जदयू नेता मनोज झा, ललन सिंह और संजय झा भी मौजूद रहे। केंद्र द्वारा दिल्ली अध्यादेश की घोषणा के खिलाफ नीतीश केजरीवाल के साथ खड़े थे। शनिवार को आप नेता ने सभी विपक्षी दलों से उनके साथ खड़े होने का आह्वान किया था। ऐसे में मंगलवार को नबान्नो में केजरीवाल से मिलना राजनीतिक तौर

›› पेज 2 भी देखें

## राज्यसभा में ही भाजपा को पटखनी देने की नीतीश की चाल

# विपक्ष एकजुट हुआ तो फंस जाएगी सरकार की गाड़ी

- दिल्ली के अध्यादेश का मामला फंसा है
- नीतीश कुमार सबसे अधिक सक्रिय हुए हैं
- भाजपा को 119 का आंकड़ा प्राप्त करना होगा

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्लीः** भाजपा को लोकसभा चुनाव के पहले ही बैकफुट पर लाने तथा पूरे देश को एक स्पष्ट संदेश देने की नीतीश कुमार की चाल अब मूर्त रूप ले रही है। दरअसल दिल्ली की चुनी हुई सरकार की शक्तियां अध्यादेश के जरिए छीन लेने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री को तेजी से काम करने का मौका मिल गया है। यह एक ऐसा फैसला है, जिससे सभी गैर भाजपा शासित राज्य नाराज हैं। अब नीतीश कुमार इसी नाराजगी को विपक्षी एकता के धागे में पिरोना चाहते हैं। किसी भी अध्यादेश को कानूनी जामा पहनाने के लिए उसे संसद के दोनों सदनों से पारित कराना पड़ता है। लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के पास स्पष्ट बहुमत है। इसलिए वहां भाजपा को कोई परेशानी नहीं होगी असली मामला राज्यसभा में आकर फंस जाएगा। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास 329 सांसदों के साथ लोकसभा में पर्याप्त बहुमत है, लेकिन 238 सदस्यीय राज्यसभा में भगवा पार्टी के पास 93 सांसद हैं। यह मानते हुए कि सभी सदस्य उपस्थित होंगे और मतदान करेंगे, भाजपा को 119 पार करने की आवश्यकता है। दूसरी तरफ इसके अलावा, आप के राज्यसभा में 10 सांसद हैं और उसे अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी, कांग्रेस, जिसके 31 सांसद हैं, को पटाने की आवश्यकता होगी। कांग्रेस के बिना, यह भविष्यवाणी करना मुश्किल है कि अन्य विपक्षी दल अंततः कैसे पक्ष लेंगे। वर्तमान में, राज्यसभा में विपक्षी खेमा में टीएमसी - 12 सांसद, डीएमके - 10 सांसद, टीआरएस - 7 सांसद, राजद - 6 सांसद, सीपीआई (एम) - 5 सांसद, जद (यू) - 5 सांसद,तेदेपा - 1 सांसद, राकांपा - 4 सांसद,

›› पेज 2 भी देखें




राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### कैबिनेट की बैठक 31 मई को

रांची : राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 31 मई को होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शाम चार बजे प्रोजेक्ट भवन में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल सचिवालय समन्वय विभाग में सभी विभागों को पत्र लिखकर प्रस्ताव की मांग की है।

### नए हाई कोर्ट की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे उपायुक्त

रांची: झारखंड के नए हाई कोर्ट भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची किशोर कौशल ने न्यू बिल्डिंग हाईकोर्ट में कार्यक्रम की तैयारियों और अल्बर्ट एक्का चौक पर की जा रही तैयारियों का जायजा का लिया।

**व्यवस्था** पासवा के प्रदेश कार्यालय के उद्घघाटन

# व्यवस्था ही कुछ ऐसी है कि सरकारी स्कूलों में क्वालिटी शिक्षा कतिपय कारणों से नहीं हो पा रही है:रामेश्वर

- गरीब से गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में भेजते हैं
- 80 उत्क्रमित विद्यालय खोलकर एक अच्छी शुरूआत
- गांवों में जहां भी जाता हूं जगह-जगह प्राइवेट स्कूल देखता हूं:रामेश्वर



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा व्यवस्था ही कुछ ऐसी है कि सरकारी स्कूलों में क्वालिटी शिक्षा कतिपय कारणों से नहीं हो रहे हैं,गरीब से गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में भेजते हैं।शिक्षकों को मैं इसके लिए दोषी नहीं तयमानता हूं।पासवा के प्रदेश कार्यालय के उद्घघाटन के मौके पर झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अपने संबोधन में उद्गार प्रकट कर रहे थे।हरमू चौंक स्थित प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के कार्यालय का उद्घाटन करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 80 उत्क्रमित विद्यालय खोलकर एक अच्छी शुरूआत की है लेकिन अभी भी और बहुत कुछ करने की जरूरत है, सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी स्कूल अच्छे तब होंगे जब सभी स्कूलों को बेहतर बनाया जाएगा।मैं गांवों में जहां भी जाता हूं जगह-जगह प्राइवेट स्कूल देखता हूं। उन्होंने मीडियाकर्मियों से प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा निजी विद्यालयों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में पासवा अच्छा काम कर रही है, मैं भी पासवा के इसके साथ जुड़ गया हूं। बुनियादी जरूरतों से भी महत्वपूर्ण शिक्षा है। हर सरकार की जिम्मेदारी होती है शिक्षा मुहैया कराने की, जब मैं दिवंगत शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो जी से बात करता था तो वह लगातार इस बात की ओर ध्यान देते थे प्राइवेट स्कूलों को भी हमें आगे बढ़ाने के प्रयासों में मदद करना करना चाहिए। पासवा ने पिछले वर्ष ऐसे बच्चों को सम्मानित किया था जिन्होंने किसी कारण वश 80 प्रतिशत नम्बर लाये थे जबकि ऐसा नहीं था कि 80 प्रतिशत वाले बच्चे किसी से कम होंगे, संभवतः इस वर्ष भी पासवा ऐसे बच्चों को सम्मानित करेगी।

उद्धघाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा झारखन्ड में शिक्षा का प्रचार प्रसार करने एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना पासवा का मुख्य उद्देश है और इसी के मातहत पूरे राज्य में शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए आज कार्यालय का उद्घाटन किया जा रहा है। उन्होंने कहा राज्य में संचालित 40 हजार से अधिक निजी विद्यालयों के बगैर राज्य में शिक्षा की बात बेईमानी है।लेकिन साथ ही साथ शिक्षा को व्यवसाय समझने वालों को आगाह किया जाता है कि झारखंड के भोले-भाले आदिवासियों एवं गरीबों को लूटना बन्द करें।

## न्यूज फटाफट

### सीता सोरेन मिली राज्यपाल से



**रांची:** झामुमो विधायक सीता सोरेन ने मंगलवार को राजभवन जाकर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया गया। सीता सोरेन के साथ उनकी पुत्री और उनके पीएस राकेश चौधरी भी थे। इस मौके पर राज्यपाल के सचिव भी मौजूद रहे।

### आम लोगों की समस्याओं को सुने राजनेता व अधिकारी: नायक



**रांची:** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह एवं राज्य के डीजीपी डॉ अजय कुमार सिंह केवल अपने कार्यालय में ही न बैंठे बल्कि वे माह में एक बार झारखंड की जनता की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनने का काम करे तथा उनकी समस्याओं का निदान करने की दिशा में काम करें। उक्त बातें मंगलवार को झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि एक सुनिश्चित दिन तय कर निश्चित समय पर जनता दरबार लगाने का काम करें ताकि राज्य की जनता उनके पास समस्याओं को लेकर जा सके साथ ही साथ मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव तथा राज्य के डीजीपी अपने चेंबर में भी प्रतिदिन राज्य की जनता से भेंट करने का काम कर (जनता दरबार) लगाए। श्री नायक ने यह भी कहा कि राज्य की जनता को अधिकारी प्रताड़ित करने का काम रहे हैं। उनके समस्याओं को प्रखंड एवं जिलास्तरीय पदाधिकारी अनदेखी करते है। जनकी की समस्याओं का निदान नहीं हो पाता है। इसकी वजह से जनता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उच्च स्तरीय पदाधिकारी से भेंट करने का प्रयास करती है मगर उनके पास भेंट करने का समय नही रहता है जिससे उनके समस्याओं का समाधान नहीं होने के कारण आज हालत यह है कि झारखंड की जनता का मनोबल टूट रहा है और सरकार के प्रति नाराजगी का भाव बड़ता जा रहा है ।श्री नायक ने आगे कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री जनता दरबार बंद कर दिए हैं उसको वे पुन: चालू करें और मुख्य सचिव एवं राज्य के डीजीपी की जनता दरबार लगाकर झारखंड मे एक नई परंपरा की शुरूआत करते हुए एक दिन जनता के नाम (जनता दरबार) चलाने का काम करे जिससे हमारी गरीब गुरबा असहाय जनता जो उनसे भेंट भी नहीं कर सकती उनसे जनता दरबार में भेंट कर अपनी समस्याओं को उनके बीच रखने का काम करेगी और मुझे पूर्ण विश्वास है की मुख्य सचिव के जनता दरबार एंव डीजीपी के जनता दरबार के लगने से जनता को थोड़ी राहत अवशय मिलेगी और निचे जिलास्तरिय तथा प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों में भय भी उत्पन्न होगा गलत कार्य करने से ,भ्रष्टाचार एंव भ्रष्ट पदाधिकारी भी जनता के काम बिना शुल्क लिए करने को मजबूर होंगें ।

### बिजली-पानी की समस्या पर मुख्यमंत्री क्यों हैं मौन : संजय सेठ



**रांची:** रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची आगमन हो रहा है और पूरे राज्य में बिजली-पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। राष्ट्रपति के कार्यक्रम में देश भर की मीडिया रहेगी। वे गांव के लोगों के साथ संवाद करेगी। इस दौरान राज्य में बिजली-पानी की हाहाकार की खबरें आने से राज्य की छवि धुमिल होगी। ऊर्जा मंत्रालय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधीन है। बिजली संकट के लिए जिम्मेवार कौन है, इस पर मुख्यमंत्री मौन क्यों हैं। वे चुप्पी तोड़कर राज्य की जनता को जवाब दें।उन्होंने कहा कि शहर की 50■ बोरिंग फेल हो चुकी है। रूक्का डैम का जलस्तर मात्र 3 फीट बचा हुआ है। अन्य डैम की कमोवेश यही स्थिति है। महिलाएं-छात्र सब परेशान हैं। उद्योग-धंधे प्रभावित हो रहे हैं। किसान खेतों में पानी का पटवन नहीं कर पा रहे। मुख्यमंत्री बताएं कि लोगों को पीने का पानी देने का क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

## नियमित बिजली आपूर्ति को लेकर सरयू राय ने सरकार की आलोचना की

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राज्य में जनता बार-बार बिजली की कटौती से परेशान है। जहां जेबीवीएनएल के अधिकारी नियमित बिजली आपूर्ति के लिए प्रयासरत रहने की जानकारी दे रहे हैं, वहीं, विधायक सरयू राय ने इस मामले में ट्वीट किया है। पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय ने अपने ट्वीट में लिखा है कि बिजली संकट के दौर में ऊर्जा सचिव कई दिनों से विदेश में हैं। जबकि सरकार ने संयुक्त सचिव सह झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के सीएमडी मनीष रंजन को ऊर्जा सचिव का प्रभार दिया है। बिजली उत्पादक कंपनियों को भुगतान से संबंधित संचिका मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री हेमंत सोरेन के पास पड़ी हुई है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद ही उत्पादक कंपनियों को भुगतान किया जायेगा। बिजली उत्पादक कंपनियों को समय पर भुगतान होने पर ही कंपनियां बिजली देंगी। और बिजली आपूर्ति फिर से बहाल की जायेगी। श्री राय ने लिखा है कि अगर ये काम सही समय पर हो गया होता, तो आज जनता परेशान नहीं होती।जेबीवीएनएल को आधुनिक पावर लिमिटेड को बिजली खरीद का भुगतान करना है। जेबीवीएनएल को आधुनिक पावर को कुल 45 करोड़ रुपये देने हैं। नियमतः ये बिजली खरीद की राशि 75 दिनों के अंदर भुगतान करनी होती है। ये राशि बकाया होने पर प्राप्ति एप के जरिये खुद बिजली काट दी जाती है। राज्य में इस वजह से भी बिजली कटौती हो रही है।

जोबा मांझी के पलामू दौरे के बाद से शुरू हुआ विवाद

## कांग्रेस और जेएमएम के बीच विधानसभा सीटों के बंटवारे को लेकर बढ़ी तकरार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:**विधानसभा चुनाव में एक वर्ष से भी अधिक समय है, लेकिन उससे पहले ही सीट के बंटवारे को लेकर पलामू में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच तकरार बढ़ गई है। कई मौकों पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करते दिख रहे हैं। दरअसल, इसकी शुरूआत पलामू की प्रभारी मंत्री जोबा मांझी के दौरे के बाद से शुरू हुई है।कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने मंत्री के कार्यक्रम में पार्टी नेताओं को नहीं बुलाने का आरोप लगाया था और झारखंड मुक्ति मोर्चा पर गठबंधन धर्म का पालन नहीं करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर बीते रविवार को पलामू में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी की बैठक हुई थी। इस बैठक में डालनगंज विधानसभा सीट से पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा उर्फ गुड्डू सिन्हा को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया था। प्रत्याशी तय करने की घोषणा के बाद से कांग्रेस की जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने एक प्रेस बयान जारी कर इस पर आपत्ति जतायी थी।जिसमें कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद सरकार सत्ता में है, लेकिन झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर अपना अलग राग अलाप रहा है। पार्टी द्वारा प्रत्याशी की घोषणा करना गठबंधन धर्म का उल्लंघन है। पलामू के पांचों विधानसभा सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की दावेदारी गलत है। झारखंड मुक्ति मोर्चा को इस तरह का बयान देने से बचना चाहिए। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 2014 में विधानसभा चुनाव लड़ कर अपना जनाधार देख लिया है। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक के बयान पर पलटवार करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा की तरफ से युवा नेता सन्नी शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष का बयान बचकाना है। जो भी तय हुआ है वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के निजी बैठक में हुआ है। निजी बैठक को लेकर इस तरह का बयान देना दुखद है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बढ़ते कद से नेता जी घबरा गए हैं। पलामू में विधानसभा की पांच सीटों में से एक भी सीट गठबंधन के पास नहीं जाना नेताजी की विफलता को दिखाता है।

## राष्ट्रपति का झारखंड दौरा: 5 हजार जवान रहेंगे मुस्तैद



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारी पूरी हो गई है। राजधानी में सुरक्षा के विशेष इंतजाम देखने को मिलेंगे, जिसमें 7 कद्दर सहित 50 से अधिक डीएसपी और इंस्पेक्टर के अलावे 3000 जवानों को तैनात किया जा रहा है, जो सड़कों से लेकर बड़ी-बड़ी इमारतों पर सुरक्षा में मुस्तैद नजर आएंगे। राष्ट्रपति रांची के विभिन्न इलाकों में कई कार्यक्रम में शामिल होंगी। रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित बिरसा मुंडा प्रतिमा, अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण और झारखंड हाईकोर्ट के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया जाना है। वहीं ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में भी राष्ट्रपति शामिल हो रही हैं। राजभवन में रात विश्राम करेंगी। इन कार्यक्रमों को मद्देनजर रांची में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची में 7 आईपीएस अधिकारी के साथ-साथ 50 डीएसपी, इंस्पेक्टर के अलावे 3000 से अधिक जवानों की तैनाती विभिन्न इलाकों में की जा रही है। ट्रैफिक को विशेष ध्यान में रखते हुए कई जगहों पर बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया जाएगा। ऊंचे -ऊंचे बिल्डिंग और इमारतों से भी नजर रखी जाएगी। सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसे देखते हुए पूरे शहर की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम में एक टीम तैनात की गई है। राष्ट्रपति का कारकेड जिस मार्ग से गुजरेगा, वहां पर तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था होगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता के अलावा जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को भी तैनात किया गया है।राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को 24 सेक्टर में बांटा गया है। इसमें करीब 2800 पदाधिकारी व जवानों को तैनात किया गया है। ट्रैफिक की व्यवस्था में लगे जवानों और अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी हाल में राष्ट्रपति के कारकेड के गुजरने में यातायात व्यवस्था बाधित नहीं हो। इसके अलावा राष्ट्रपति का कारकेड जिन-जिन मार्गों से गुजरेगा, वहां की 200 ऊंचे भवनों को चिह्नित किये गये हैं।

## राज्यपाल सीपी से राधाकृष्ण किशोर ने की मुलाकात



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट कर विगत दिनों पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म तथा पाटन थाना की एक जनजाति लड़की का बाल मुड़वाकर घुमाए जाने के संदर्भ में अवगत कराते हुए पीड़िता को सहायता राशि उपलब्ध कराने हेतु पहल करने संबंधी ज्ञापन समर्पित किया।

## पेज एक का शेष

### राज्यसभा में केजरीवाल .. ..

पर एक महत्वपूर्ण घटना है। 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष धीरे-धीरे गठबंधन बनाने की ओर बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी ने ममता से मुलाकात की थी। नीतीश ने यह भी संकेत दिया कि ममता के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों के साथ बैठक हो सकती है। इसके बाद कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आए, जिसने भाजपा की हार के बाद विपक्षी गठबंधन की नमक चाल को और तेज कर दिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में तृणमूल सहित विपक्षी दलों को आमंत्रित किया गया था। हालांकि कोई कॉल नहीं आई। कांग्रेस के एक सूत्र के मुताबिक, दिल्ली कांग्रेस की आपत्ति के चलते आप को शपथ ग्रहण समारोह में नहीं बुलाया गया। हालांकि तृणमूल और आप ने शुरू से ही कांग्रेस के विपक्षी गठबंधन में होने पर आपत्ति जताई थी।

### विपक्ष एकजुट हुआ .. ..

समाजवादी पार्टी - 3 सांसद, शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे- 3 सांसद, भाकपा - 2 सांसद, झामुमो - 2 सांसद हैं। अन्य छोटे दलों जैसे एजीपी, आईयूएमएल, जेडी (एस), केरल कांग्रेस, मरुमलार्ची डीएमके, आरएलडी, तमिल मनीला कांग्रेस (मूपनार) और टीडीपी के पास राज्य में एक-एक सांसद हैं। कांग्रेस के बिना, ये 77 तक पहुंचते हैं। कांग्रेस का साथ मिला तो यह संख्या 108 हो जाती है। अध्यादेश के खिलाफ समर्थन जुटाने के लिए नीतीश कुमार ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की थी. जबकि शुरूआती संकेतों ने सुझाव दिया था कि कांग्रेस आप का समर्थन करेगी, वेणुगोपाल ने सभी अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में दिल्ली सरकार की एनसीटी की शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ लाए गए अध्यादेश के मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं लिया है। यह अपनी राज्य इकाइयों और अन्य समान विचारधारा वाले दलों से परामर्श करेगा। लेकिन बदली हुई परिस्थितियों में तथा कर्नाटक में आम आदमी पार्टी की चुनौती नहीं होने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि कांग्रेस भी इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी का साथ देगी।

**मिशन 2024** भाजपा ने मिशन 2024 को लेकर तैयारी शुरू की

## भारतीय जनता पार्टी की जनसंपर्क यात्रा, पार्टी की एसटी मोर्चा ने बनाई रणनीति



राष्ट्रीय खबर

**रांची:**भाजपा ने मिशान 2024 को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में मंगलवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा देशभर में 30 मई से जनसंपर्क यात्रा शुरू कर रही है। एसटी मोर्चा की कार्यसमिति की बैठक में इसको लेकर रणनीति बनी। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बावरी ने की। जिसमें राज्य भर से मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।वही बैठक में सभी कार्यकताओं को जनसंपर्क अभियान की प्रमुखता बताते हुए कहा गया कि सभी कार्यकर्ता इस अभियान के तहत घर-घर तक पहुंचे। केंद्र सरकार के विकास कार्यों को घर घर तक पहुंचायें। बैठक के बाद पत्रकारों से मुखातिब होते हुए अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बावरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 9 वर्ष पूरे हो रहे हैं।सरकार ने देश हित में काफी कदम उठाया है।साथ ही सरकार की जनता के लिए काफी योजनाएं हैं।इसे लेकर देशभर में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है और इसी कड़ी में हमारे प्रदेश में भी हमारे विंग के कार्यकर्ता जनता तक पहुंचेंगे हर घर जाएंगे और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देंगे ताकि 2024 में एक बार फिर से देश में भारतीय जनता पार्टी वाली सरकार को लाया जा सके।

## अल्पसंख्यकों को छल रही है झारखंड सरकार, अब तक नहीं हो पाया आयोग का गठन: भाजपा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में मुसलमानों को लेकर राजनीति आए दिन देखने को मिलती है। राज्य में सत्ता पर आसीन कांग्रेस, जेएमएम, राजद और वामदल जैसी पार्टियां खुद को मुसलमानों का हितेषी बताती है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी अपने को मुसलमानों का रहनुमा बता कर कांग्रेस, जेएमएम और राजद जैसी पार्टियों पर आरोप लगाने से पीछे नहीं हट रही।बात करें झारखंड से जाने वाले हज यात्रियों की तो वर्तमान में झारखंड की राजधानी रांची से विमान सेवा की शुरूआत नहीं हो पा रही है। जिसको लेकर कांग्रेस, झामुमो और राजद केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार पर खूब हमला करते नजर आ रहे हैं। झारखंड से जाने वाले हज यात्रियों के लिए रांची से विमान की सुविधा नहीं मिलने के बाद हज कमेटी के चेयरमैन और विधायक इरफान अंसारी भारतीय जनता पार्टी पर खूब निशाना साध रहे हैं। वहीं जेएमएम कोटे से मंत्री बने हफीजूल हसन अंसारी भी विमान सेवा शुरू नहीं होने पर केंद्र सरकार को कोसने से पीछे हटते नहीं दिख रहे हैं।वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कमाल खान बताते हैं कि जब पूर्व में भाजपा की सरकार थी तो देश का सबसे अच्छा हज हाउस झारखंड के मुसलमानों के लिए रांची में बनाने का काम किया गया। उन्होंने झामुमो, कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार के गठन के 3 साल से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन अभी तक अल्पसंख्यकों के लिए ना तो आयोग का गठन हो पाया है और ना ही वक्फ बोर्ड का गठन किया गया है।

## शहर >> अपडेट

### तीन हजार में हुआ भानाचक नरकट का डाक

**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के बैठनिया भानाचक पंचायत के बहुचर्चित भानाचक नरकट की डाक पंचायत सचिव चन्द्र मणि शुक्ला, मुखिया आशा देवी पति दीना नाथ साह के द्वारा विधिवत रूप से की गई। पंचायत सचिव चन्द्र मणि शुक्ला ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिनवलिया में आयोजित ग्राम सभा में डाक की प्रक्रिया की गई। जिसमें भोला मुखिया, मिथुन कुमार निषाद तथा राजु कुमार शामिल हुए। सबसे ऊंची बोली भोला मुखिया ने तीन हजार तीन सौ दस रुपए लगाकर डाक अपनी नाम कर लिया। मुखिया आशा देवी पति दीना नाथ साह ने बताया कि उक्त डाक वितिय वर्ष 2023,24के लिए की गई है। इस अवसर पर संजय कुमार मुखिया, राजू मुखिया, जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# आस्था : गुरु अर्जुन देवजी के 417 वां शहादत दिवस पर गुरुद्वारे में सजा कीर्तन दीवान

## लंगर और छबील में उमड़ा हुजूम

राष्ट्रीय खबर



**गया :** सिखों के पांचवें पातशाह, शहीदों के सरताज गुरु अर्जुन देव जी का 417 वां शहीदी गुरु पर्व गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर शहादत दिवस को समर्पित 2 दिनों से हो रही सुखमणि साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति के बाद हेड ग्रंथि भाई हरदीप सिंह एवं भाई दयाल सिंह ने गुरुद्वारा साहिब में शब्द कीर्तन भजन गायन कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। गुरबाणी के अमोलक कीर्तन से संगत निहाल हो गए। उसके बाद गुरु के समक्ष अरदास लगाकर सबके भले की अरदास की गई। गुरु का कड़ाह प्रसाद बीच वितरित किया गया। संगतो ने सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव की शहादत को याद कर शहीदी दिवस मनाया। गुरुद्वारा के बाहर स्टॉल लगाकर राहगीरों के बीच शरबत की छबील वितरित की गई। सुबह से ही गुरुद्वारा साहिब में संगत भारी संख्या में मत्था टेकने के लिए पहुंचे। दोपहर बाद संगतो ने लंगर का प्रसाद छका। मौके पर रौनक सिंह सेठ ने बताया कि गुरु अर्जुन देव को इस्लाम कबूल करने के लिए बहुत ही यातनाएं दी गई। उन्हें गर्म तवा पर बैठाया गया। लेकिन उन्होंने इस्लाम कबूल नहीं किया। वीरगति को प्राप्त हुए उस वक्त इनके शरीर में छाले पड़ गए थे। तब मियां मीर ने उनसे पूछा कि आपके शरीर में छाले पड़ गए हैं और आप इतने शांत हैं। सब गुरु अर्जुन देव ने कहा कि जितने जिस्म पर पड़ेंगे छाले उतने सिख होंगे सिदक वाले। उन्होंने कहा कि श्री गुरु अर्जुन देव ने जोर जुल्म के खिलाफ खड़े होकर अपनी शहादत दी। इनका जीवन त्याग और बलिदान से भरा हुआ है,जिससे सीख लेने की जरूरत है। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार भगवान सिंह, सचिव शरब सिंह, कोषाध्यक्ष प्रिंस सिंह, बिट्टू सिंह, मन्ना सिंह,मनजीत सिंह मेडिकल,हनी सिंह, स्त्री सत्संग की प्रधान कंवलजीत कौर,मोना पुरी,रजनी छाबड़ा, सोनिया छाबड़ा, पूनम सचदेवा, सुरजीत कौर, रिंकी, पिंकी, सिंपी सहित बड़ी संख्या में स्त्री सत्संग की महिलाएं शामिल थी। इस बीच पूरा परिसर वाहेगुरु जी की खालसा वाहेगुरु जी की फतेह से गूंज उठा।

## यूपी से ओवरलोड ईट ले बिहार आ रहे ट्रेक्टर को एमबीआई ने की जब्त



**बगहा :** नौरंगिया थाना क्षेत्र के यूपी बिहार बॉर्डर पर मदनपुर में सोमवार के दिन जिला एमबीआई की टीम ने यूपी से बिहार को आ रहे ईट लदे ओवरलोड न्यु होलैड ट्रेक्टर- ट्रेलर को जप्त किया है। हालांकि उक्त ट्रेक्टर ट्रेलर पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं था। पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली कि वाहन मालिक यूपी निवासी है जिसपर बिहार मोटर व्हीकल कानुन के तहत कारवाई की जा रही है। एमबीआई के द्वारा जप्त ट्रेक्टर ट्रेलर को नौरंगिया थाना में सुपुर्द किया गया है। नौरंगिया थाना अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया कि सोमवार के दिन एमबीआई के द्वारा जप्त ट्रैक्टर ट्रेलर को थाना परिसर में लाया गया। इस दौरान चालक फरार हो चुका था।

## दोन कैनाल नहर में डूबने से बालक की मौत, स्वजन गमगीन

**बगहा :** वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के झरहरवा गांव के समीप दोन कैनाल नहर में नहाने के क्रम में एक 8 वर्षीय बालक की डूबकर मौत हो गयी। बालक की पहचान झरहरवा निवासी मनोज साह के पुत्र विकेस कुमार के रूप में हुई है। बच्चे की डुबने की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं कुछ गोताखोर युवक नहर में जा कर बालक की खोजबीन में जुट गए। घंटों प्रयास के बाद चंपापुर पुल के निकट मृत बालक का शव बरामद कर लिया गया। घटना की सूचना पर वाल्मीकिनगर थाने के अवर निरीक्षक अजीत कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए हैं। घटना से परिजन समेत पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त हो चला है। मृतक की मां दहाडे मारकर रो रही थी जिससे पुरा माहौल गमगीन हो गया। परिजनों के आग्रह पर मृत बालक का अंतिम संस्कार गांव के नजदीक कर दिया गया।

# कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभार्थियों ने पाया प्रमाण पत्र

राष्ट्रीय खबर



**गया :** कौशल विकास एव उधमिता मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संस्थापित जन शिक्षण संस्थान, गया के उप व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र फतेहपुर में मंगलवार को ब्यूटी एंड वेलनेस कोर्स का 105 दिवसीय निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद लाभार्थियो के बीच प्रमाण पत्र वितरित कर उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभा की सराहना करते हुए सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत फतेहपुर रवि कुमार के द्वारा लाभार्थियो को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

रवि कुमार ने लाभार्थियो को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि महिलाएं हुनर प्राप्त कर स्वयं को रोजगार से जोड़े और अपने आर्थिक उन्नयन करें, साथ ही साथ उन्होने जन शिक्षण संस्थान को नगर पंचायत फतेहपुर द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान करने करने के लिए आश्वासन भी दिया।

इस बीच कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम पदाधिकरी रवींद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि जब तक महिलाएं स्वरोजगर से जुड़कर आत्म निर्भर नहीं बनेंगी तब तक महिलाओं का आर्थिक, समाजिक, सांस्कृतिक स्थिति में पूर्ण रूप से गुणात्मक सुधार नहीं हो सकता है। वोकेशनल ट्रेनिंग आज के समय की मांग है।

इस अवसर पर सरयू शाह, ट्रेनर खुशबू कुमारी, मुकेश कुमार, विभा गुप्ता, रूबी देवी, सलोनी कुमारी ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# अखंड रामधुन यज्ञ को लेकर प्रसन्डो में निकली भव्य कलश शोभायात्रा

▶▶ धार्मिक आयोजन से पुलकित हो रहा गांव का वातावरण

राष्ट्रीय खबर



**हवेली खड़गपुर :** प्रखंड के प्रसन्डो दक्षिण टोला स्थित मोतीलाल महावीर मंदिर में बजरंगवली की प्रतिमा स्थापना को लेकर 24 घंटे का अखंड रामधुन यज्ञ के धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होने के पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश पूजन के उपरांत सैंकड़ो धमार्नुरागी महिलाएं व देवकन्याओं ने सिर पर कलश रखकर धार्मिक भाव के साथ कलश शोभा यात्रा में शामिल हुई। कलश शोभा यात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण करते हुए लोगों में धार्मिक अलख जगाया। गाजे-बाजे, भक्ति भजन-कीर्तन के साथ निकाली गई विशाल कलश यात्रा में बच्चे-बूढ़े, युवा, युवती और ग्रामीणों का उत्साह पूरे परवान पर दिखा। कलश शोभा यात्रा के दौरान हर कोई रामनाम और वीर बजरंगबली का जयघोष करता दिखा। इस दौरान श्रद्धालुओं के द्वारा जय श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण धार्मिक भक्ति के रंग में समाया नजर आया। अखंड रामधुन के धार्मिक अनुष्ठान में धमार्नुरागी रामनाम के संकीर्तन में धार्मिक भाव के साथ डूबे नजर आ रहे है। इस मौके पर अमरदीप सिंह, फानो बाबा, प्रवीण कुमार, पुरूषोत्तम कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, प्रेमजीत सिंह, धनंजय सिंह, नीरज सिंह टप्पू आदि समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## पंचायत उप चुनाव कल, पीठासीन अधिकारी व कर्मी हुए नियुक्त



**बगहा :** पंचायत निर्वाचन उपचुनाव को लेकर प्रखंड बगहा-1 अंतर्गत नड्डा व महीपुर भतौड़ा पंचायत में एक एक वार्ड में वार्ड सदस्य के लिए उपचुनाव 25 मई को होनी हैं। जिसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया गया है। बीडीओ सह निर्वाचित पदाधिकारी कुमार प्रशांत ने बताया कि नड्डा पंचायत के वार्ड नम्बर 7 में एवम महीपुर भतौड़ा पंचायत के वार्ड नम्बर 9 में वार्ड सदस्य पद पर चुनाव होना है। नड्डा पंचायत में दो बूथ बनाया गया है जबकि महीपुर भतौड़ा में एक। नड्डा में कुल 892 मतदाताओ के लिए पीठासीन पदाधिकारी मदन कुमार समेत 5 मतदाता कर्मियों की नियुक्ति की गई है जबकि महीपुर भगोड़ा पंचायत में कुल मतदाता 589 मतदाताओ के लिए पीठासीन अधिकारी समेत 10 मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई हैं। जबकि प्रखंड बगहा दो में बीडीसी पद के लिए नरवल बरवल पंचायत क्षेत्र में कुल 4499 मतदाता हैं। पीठासीन अधिकारी समेत 50 मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गई हैं। उक्त जानकारी बगहा दो बीडीओ सह निर्वाचित पदाधिकारी जयराम चौरसिया ने दी।

# नीतीश सरकार विद्यार्थियों के भविष्य के साथ कर रही है खिलवाड़ : डॉ प्रेम

राष्ट्रीय खबर



**गया :** पूर्व मंत्री सह भाजपा के विधायक डॉ प्रेम कुमार ने पूरे प्रदेश समेत गया जिले के सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को पाठ्य पुस्तकें नहीं कराए जाने पर आश्चर्य व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में अंधेरी नगरी चौपट राजा वाला कहावत चरितार्थ हो रही है।अप्रैल माह में ही छात्रों के लिए पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराना था लेकिन गया सहित प्रदेश के सभी जिलों में अब तक कुल नामांकित छात्रो में महज 65 प्रतिशत कुल पाठ्य पुस्तकें ही मिल पाई है।

गया जिले में शिक्षा विभाग के अंतर्गत के 24 प्रखंड के अलावा गया नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत दो प्रखंड संसाधन केन्द्र उत्तरी एवं दक्षिणी इसके अंतर्गत 60 मध्य विद्यालय एवं 71 प्राथमिक विद्यालय कार्यरत है,जहाँ छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों की आपूर्ति अप्रैल के बजाय मई में किया जा रहा है। वर्ग 3 एवं 8 में बच्चों को राज्य सरकार की संस्था टेस्ट बुक कमेटी के द्वारा पुस्तक की आपूर्ति नही की गई है। वर्ग 1 एवं 2 छात्रों के 3 दिन पूर्व आपूर्ति की गई है, जिससे बच्चो की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया है कि पूरे राज्य में छात्र के उज्वल भविष्य को देखते हुए विद्यालयों में जल्द से जल्द पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाए। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय उत्साह के साथ मना रहा पर्यावरण दिवस

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी, पू चं :** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय विश्व पर्यावरण दिवस को उत्साह के साथ मना रहा है। पर्यावरण की बिगड़ती परिस्थितियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं छात्रों को सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विश्वविद्यालय ने चार दिनों तक चलने वाली गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया है। चाणक्य परिसर में आज 'बेहतर पर्यावरण, बेहतर कलह्, विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के उपाय दशार्ते हुए शक्तिशाली कला कृति बनाई। कुलपति प्रो. संजीव श्रीवास्तव ने समिति के प्रयासों की सराहना की और कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा सतत विकास के सिद्धांतों का प्रयास करता है। उन्होंने आगे कहा कि बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में विश्वविद्यालयों को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। विश्व पर्यावरण दिवस समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर अर्ततरना पाल और सदस्य प्रोफेसर सुनील महावर डॉ. रश्मि श्रीवास्तव और डॉ. साकेत रमन इस चार दिवसीय आयोजन के समन्वयक हैं। प्रो० पाल ने कहा, ₹पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता भारत की ऋ्र्र20 अध्यक्षता के आलोक में और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को चोरों ने बनाया निशाना, कैश बॉक्स सुरक्षित



**चकिया, पू चं :** बीती रात थाना क्षेत्र के एनएच 28 स्थित सुफिया नर्सिंग होम परिसर में लगे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन को तोड चोरों ने कैश चोरी करने का प्रयास किया। लेकिन चोर एटीएम के कैश बॉक्स को निकालने में नाकाम रहे। जिससे कैश सुरक्षित बच गया। इसके बाद चोरों ने एटीएम को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। उसके बॉक्स को ले जाने के लिए एटीएम कमरा से बाहर निकाल लिया था लेकिन उसे ले नहीं जा सका। घटना की जानकारी सुबह टहलने के लिए निकले लोगों ने एटीएम कमरा से बाहर स्ट्रॉन्ग बॉक्स को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। एटीएम से चोरी का प्रयास विफल होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। वहीं घटना की सूचना पाकर शाखा प्रबंधक ने भी घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच की व इसकी सूचना संबंधित विभाग के वरीय अधिकारीयों को दी। क्षतिग्रस्त एटीएम को देख ऐसा लग रहा था कि चोरों ने कैश निकासी के लिए जीतोड़ कोशिश किया लेकिन कामयाब नही हो सका।

## बारिश में जलमग्न हुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का परिसर



**हवेली खड़गपुर :** मंगलवार को अचानक तेज बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली वहीं जगह-जगह जल जमाव से लोगों को काफी परेशान देखा गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर और पहुंचने वाले रास्ते पर बारिश की पहली फुहार के बाद जगह-जगह जलजमाव से अस्पताल आने-जाने वाले लोगों को परेशान देखा गया। परिसर में निकास की सटीक व्यवस्था नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने का हिस्सा बारिश में जलमग्न नजर आया। लोगों ने बताया कि पहली ही हल्की बारिश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर का यह हाल है अगर बरसात का मौसम पूरी तरह शुरू होगा तब परिसर का हाल कैसा होगा। लोजपा नगर अध्यक्ष संजय कुमार ठाकुर ने बताया कि बरसात के पहले अस्पताल परिसर में जलजमाव का निराकरण और निकास की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना चाहिए।

# पुलिस ने तेजाब कांड के मुख्य आरोपी को 24 घण्टे के अंदर किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**चकिया, पू चं :** पुलिस ने तीन वर्ष की किशोरी समेत चार व्यक्तियों पर तेजाब फेंकने के मामले में नामजद मुख्य आरोपी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया। बताया की एसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। एसआईटी टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटा के अंदर अभियुक्त को साहेबगंज पुलिस के सहयोग से गिधा गांव के निकट से दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान साहेबगंज थाना क्षेत्र के गिधा बलथी गांव निवासी महेश भगत के रूप में हुई है। साथ ही कहा कि घटनास्थल से पुलिस ने 5 लीटर के गैलन में 50 एमएल बचा हुआ तेजाब व 500 ग्राम पेट्रोल व बांस का एक सीढ़ी तथा दो मग बरामद किया। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार साहेबगंज थाना अध्यक्ष राकेश रंजन एसआई शैलेंद्र कुमार सिंह एएसआई हरेश कुमार शर्मा पीएसआई गौरव कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। बताते चले की बीते रविवार को देर रात्रि में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 16 में एक किराए के मकान में रह रहे चार व्यक्ति एसिड अटैक में झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायलों में तीन वर्ष की किशोरी भी शामिल थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाई थी जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति गंभीर देख एसकेएमसीएस मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया था। घायलों की पहचान पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चकबारा गांव निवासी रेमन पासवान 45 इनकी पत्नी शीला देवी 35 व 13 वर्षीय पुत्र पवन पासवान एवं तीन वर्षिय पुत्री रीया कुमारी के रूप में बताई गई थी। अस्पताल में पहुंची पुलिस ने घायल महिला का फर्द ब्यान लिया था।

## सघन दस्त अभियान अंतर्गत सम्पूर्ण टीकाकरण के निमित्त बैठक सम्पन्न

**बेतिया :** सघन दस्त अभियान कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर जिला के विभिन्न प्रखंडों में आशा, एएनएम/नर्स के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। यह कार्यशाला प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आयोजित कर रहे हैं। जिससे 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को दस्त के साथ ही अन्य बीमारियों से सुरक्षित किया जा सके। डीआईओ डॉ अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि सम्पूर्ण टीकाकरण के द्वारा पोलियो, टीबी, गलाघोंटू, काली खाँसी, हेपेटाइटिस बी के साथ अन्य गंभीर बीमारियों से बच्चों को सुरक्षित किया जा सकता है। विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित टीकाकरण किया जाता है। कोविड प्रोटोकॉल के पालन के साथ संबंधित क्षेत्र की एएनएम द्वारा सेविका एवं आशा कार्यकताओं के सहयोग से गर्भवती एवं शिशु का नियमित टीकाकरण किया जाता है।

## देसी कट्टा के साथ माफिया व युवक गिरफ्तार गिरफ्तार

**बाराचट्टी/गया :** थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशचक से हथियार के साथ देर रात एक युवक को बाराचट्टी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।इस संबंध जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राम लखन पंडित ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के गणेशचक गाँव मे एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है ।सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पुलिस पहुंचकर वहां घूम रहे युवक से पूछताछ एवं तलाशी लेने के बाद उसके पास से एक देशी कट्टा पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है ।गिरफ्तार युवक की पहचान फतेहपुर थाना के ग्राम नावाडीह निवासी बिनोद कुमार पिता बालेश्वर यादव के रूप में हुआ है ।जो एक शादी समारोह में अवैध देशी कट्टा कमर में खोसकर घूम रहा था ।पूछताछ के बाद उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है ।आगे उन्होंने बताया कि समेकित जाँच चौकी सूर्यमंडल से रंगदारी एवं इन्ट्री माफिया अनुज कुमार पिता महेंद्र सिंह निवासी अमरूवा को देर शाम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**शहर >> अपडेट**

## पीठासीन पदाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

**मुंगेर :** पीठासीन पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन प्राधिकार मुंगेर प्रमंडल, मुंगेर के रूप में मनोज कुमार द्वारा विगत 21 मई 2023 को पदभार ग्रहण किया गया है। उन्होंने बताया कि अब इससे संबंधित सभी मामलों की सुनवाई प्रारंभ कर दी गयी है। इस प्राधिकार के अंतर्गत मुंगेर के अलावा लखीसराय, जमुई, खगड़िया, बेगूसराय और शेखपुरा जिला के भी मामलों की सुनवाई की जाएगी।

# पुलिस का बोर्ड लगे लग्जरी गाड़ी से हो रही शराब की तस्करी

## शराब के साथ एक गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**बाराचट्टी, गया :** थाना क्षेत्र के समेकित जाँच चौकी सूर्यमंडल के पास उत्पाद पुलिस की टीम ने पकड़ी भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब की खेप। कार्यवाई में पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेजा। शराब धंधेबाज तस्करी का नया उपाय ढूंढ लिए है। तस्कर अब पुलिस से बचने के लिए पुलिस विभाग का बोर्ड लगाकर शराब का तस्करी को अंजाम दे रहे है। सहायक आयुक्त उत्पाद प्रेम प्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना मिला कि झारखंड से लग्जरी कार से भारी मात्रा में अवैध शराब लेकर बिहार की सीमा में प्रवेश करने वाला है। सूचना के आधार पर जाँच चौकी पर तैनात निरीक्षक मद्य निषेध दीपक कुमार सिंह ने त्वरित कार्यवाई करते हुए झारखंड के रास्ते से आ रहे सभी गाड़ियों का सघन तलाशी शुरू कर दिया। इसी क्रम में झारखंड से आ रहे लग्जरी डस्टर कार जिसमे पुलिस का बोर्ड लगा हुआ था, रोककर तलाशी लिया गया तो उसमें भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया।जिसमे विभिन्न ब्रांडो के 750 मि.ली. के 236 बोतल कुल 177 लीटर शराब बरामद किया गया।वही मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया। धंधे में संलिप्त वाहन चालक सह शराब तस्कर की पहचान राम कुमार, पिता-धनंजय शर्मा निवासी खैरा बाजार, थाना किंजर जिला अरवल के रूप में हुआ है। दीपक कुमार सिंह ने बताया की पूछताछ में गिरफ्तार शराब तस्कर ने बताया कि यह शराब के खेप राँची से लेकर पटना जा रहा था।



## ट्रेन की चपेट में आने से एक छात्रा हुई घायल

**चकिया, पू चं :** मुजफ्फरपुर - नरकटियागंज रेलखंड पर बाबूलाल साह बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निकट ट्रेन के चपेट में आने से एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल छात्रा को इलाज के लिए स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां पर उपचार चल रहा है। घायल छात्रा की पहचान तेतरिया थाना क्षेत्र के बड़ा बिशुनपुर गांव निवासी 18 वर्षीय रानी कुमारी उर्फ अमृता कुमारी के रूप में बताई गई है। बताया जाता है की छात्रा पीपरा थाना क्षेत्र के महुआवा गांव अपने मामा के यहां कई दिन पूर्व आई थी। आवश्यक कार्य के लिए शहर आई तभी उक्त स्थान पर ट्रेन के चपेट में आने से गंभीर रुप से जख्मी हो गई।

## स्वास्थ्य कर्मियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



**सुगौली, पू च :** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों की एक साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को हुई। जिसमें एमओआईसी डॉक्टर शुभम कुमार ने उपस्थित सीएचओ, एएनएम,आशा फैसिलिटेटर और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से सप्ताह भर के कार्यों की जानकारी ली। एएनएम और आशा फैसिलेटरो से उनके क्षेत्र में स्वास्थ्य से जुड़े कामों के बारे में पूछताछ किया और उसकी अधिकतम रिपोर्ट ली।साथ ही उन्होंने अगले सप्ताह पूरा किए जाने वाले कामों का टारगेट दिया।वही बीएचएम नितेश कुमार गिरी ने बताया कि सभी स्वास्थ्य कर्मियों से पिछले सप्ताह की दैनिक जानकारी ली गई और अगले सप्ताह के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में बीएचएम आदित्य रंजन, बीएमएनई रविशंकर कुमार, डब्ल्यूएचओ के फील्ड मैनेजर संजीव कुमार, मनोज कुमार गुप्ता सहित सभी एएनएम, आशा फैसिलिटेटर और अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। बीएचएम ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुचारू रूप से चले इसके लिए स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया।

## गंडक के किनारे मिला किशोर का शव, पिता ने लगाया दोस्तों पर हत्या का आरोप



**बगहा :** मंगलवार के दिन एक किशोर का शव गंडक नदी से बरामद किया गया है। मृतक किशोर की पहचान डुमरिया स्थित वार्ड नंबर नौ निवासी नंद किशोर शर्मा का 16 वर्षीय पुत्र सोहित कुमार के रूप में हुई है। पिता का आरोप है कि उसके दोस्तों ने मोबाइल के लिए उसकी हत्या कर दी है। युवक 20 मई से लापता था। लड़के के पिता नंद किशोर शर्मा ने बताया कि सोहित को उसके तीन दोस्त विक्की, फिरोज और अफसर शनिवार , को अपने साथ ले गए। उसके बाद से ही बेटा घर नहीं लौटा। पिता का आरोप है कि मोबाइल के लिए लड़के की हत्या की गई है। पिता ने पटखौली थाना में आवेदन दिया था। पठखौली ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## ठनका गिरने से दो लोगों की हुई मौत, एक जख्मी

**बेगूसराय :** जिले में ठनका गिरने से दो लोगों की मौत और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना चकिया ओपी क्षेत्र के बीहट नगर परिषद के चकबल गांव की है। जानकारी के अनुसार ठनका गिरने से जिन लोगों की मौत हुई है, उनकी पहचान बीहट नगर परिषद के वार्ड नंबर 19 के किउल गांव निवासी मोगल महतो के 42 वर्षीय पुत्र उमा महतो और दूसरा गड़हरा बीहट नगर परिषद के 18 वार्ड नंबर निवासी कैलाश राम का 40 वर्षीय पुत्र अरुण राम के रूप में की गई है। वहीं तीसरे घायल व्यक्ति मेघन साह का 42 वर्षीय पुत्र शंभू साह बताया जा रहा है। जिसका इलाज बरौनी के लाइफ लाइन हॉस्पिटल में चल रहा है। चकिया ओपी की पुलिस ने दोनों मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। वही दोनों मृतक के परिजनों में ठनका गिरने से मौत होने के बाद कोहराम मचा हुआ है।

# जल जीवन हरियाली सीएम और डिप्टी सीएम का है ड्रीम प्रोजेक्ट : प्रभारी मंत्री

राष्ट्रीय खबर



**बेगूसराय :** बिहार सरकार के विधि एवं बेगूसराय जिला के प्रभारी मंत्री डॉ. शमीम अहमद ने जल जीवन हरियाली को लेकर जिला परामर्श दातृ समिति के साथ एक समीक्षात्मक बैठक की। उन्होंने मीडिया से बातें करते हुए कहा कि जल जीवन हरियाली हमारे सीएम और डिप्टी सीएम जी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। उन्होंने बताया कि जिले में जल जीवन हरियाली को लेकर कैसे इसका विकास हो, इसकी गहन समीक्षा की गई।उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि जिले में पानी का लेयर नीचे जा रहा है। यह कैसे मेंटेन रहेगा, इसकी चर्चा अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ की। उन्होंने आगामी संभावित बाढ़ की मद्देनजर तैयारी को लेकर गहन समीक्षा की और कई आवश्यक निर्देश अधिकारी को दिए।

शिक्षकों के द्वारा किए जा रहे आंदोलन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा के शिक्षक एक सरकारी कर्मी हैं। उन्हें आंदोलन नहीं करना चाहिए। फिर पूछे गए दूसरे सवाल का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि धरना प्रदर्शन करना शिक्षकों का एक संवैधानिक अधिकार है। लेकिन उसका अलग तरीका होना चाहिए। इस बैठक में राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा, मेयर टिकी देवी, डीडीसी सुशांत कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, सदर एसडीओ रामानुज प्रसाद सिंह के अलावे कई अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी इस बैठक में उपस्थित थे।

# नियोजित शिक्षक सरकार के दमनात्मक आदेश का करेंगे विरोध : दिलीप कुमार

राष्ट्रीय खबर



**बखरी, बेगूसराय :** नियोजित शिक्षकों के साथ सरकार के हकमारी का विरोध तबतक लगातार जारी रहेगा, जब तक सरकार शिक्षक नियुक्ति नियमावली - 2023 में संशोधन कर बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा नहीं देती है। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ 25 मई को जिला मुख्यालयों में एवं 31 मई को राज्य मुख्यालय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का घेराव लोकतांत्रिक तरीके से करेगी। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला सचिव दिलीप कुमार के नेतृत्व में संघ का एक कमिटी शिक्षकों को अपने हक-हूकूक के लिए उक्त कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सम्मिलित होने का अपील करने का कार्य करेगी। जिला सचिव दिलीप कुमार ने कहा कि शिक्षकों के साथ सरकार के उपमुख्यमंत्री ने जो चुनाव में वादा किया था, उसे भूल गयी है।सरकार में सम्मिलित महागठबंधन के विधायकों का घेराव संघ के द्वारा किया गया। जिसमें विधायकों के द्वारा शिक्षकों के मांग का समर्थन किया गया है। संघ के प्रतिनिधी शिक्षकों को जागरूक करने एवं घेराव में सम्मिलित होने के लिए विद्यालय -विद्यालय जाकर उन्हे पटना चलने को प्रेरित करने का कार्य कर रही है।इस कार्यक्रम में बखरी प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार, शिक्षक नेता कौशल किशोर, प्रमोद पंडित, दुलारचंद्र कुमार, जवाहर लाल सहनी सहित अनेक शिक्षक कार्य कर रहें हैं।

# मिलीभगत : धरहरा में धड़ल्ले से संचालित है अवैध गिट्टी-बालू का कारोबार

**खनन विभाग को लाखों का लग रहा चुना, हाथ पर हाथ धरे बैठे सक्षम पदाधिकरी**

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** एक ओर सरकार जहां अवैध पत्थर व बालू उत्खनन पर लगातार कार्रवाई करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। वहीं, दूसरी ओर अवैध कारोबारियों के द्वारा धरहरा थाना क्षेत्र के कई जगहों पर धड़ल्ले से अवैध गिट्टी व बालू का कारोबार डिपो के माध्यम से चलाया जा रहा है। जिससे खनन विभाग को लाखों रुपए से अधिक के राजस्व की क्षति हो रही है। इसके अलावा सड़कों पर इस भीषण गर्मी में तेज लू के थपेड़ों व तेज पछिया व पुरवा हवा के झोंकें में उड़ने वाले बालू आम राहगीरों के आंखों में चले जाने से आंखों में खतरनाक बीमारियां हो रही है। इसकी चपेट में आए कई राहगीर नेत्र रोग विशेषज्ञ के यहां पहुंचकर आंख पर इलाज के लिए लाखों रुपए खर्च कर चुके हैं।

पीड़ित ग्रामीण मुन्ना कुमार, अजय कुमार, शिबू कुमार सहित दर्जनों लोगों ने सारोबाग , अदलपुर ,औड़ा बगीचा, धरहरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास सहित कई अन्य जगहों पर चल रहे अवैध गिट्टी बालू के डिपो को जप्त कर कार्रवाई की मांग स्थानीय थानाध्यक्ष से की है। वही इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि शीघ्र अवैध डिपो की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के वेतन स्थगित करने का डी एम ने दिया आदेश

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन अंतर्गत विभिन्न कायो की समीक्षा बैठक में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं एसएलडब्लूएम अंतर्गत विभिन्न कार्यों की प्रगति पर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कड़ी फटकार लगाते हुए उनके वेतन भुगतान पर रोक लगाने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि समीक्षा बैठक में शत-प्रतिशत आईएचएचएल इंट्री एवं भुगतान का निर्देश दिये जाने के बावजूद किसी भी प्रखंड की शत-प्रतिशत आईएचएचएल भुगतान नहीं हुआ है। जिसके लिए प्रखंड समन्वयक एसबीए पूर्णरूपेण जिम्मेवार है। शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त नहीं करना प्रखंड समन्वयकों के कार्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता को दशार्ता है। शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त होने तक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के सभी प्रखंड समन्वयक का माह मई 2023 का मानदेय स्थगित करने का निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रत्येक प्रखंड में 01 यूनिट प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई की स्थापना किया जाना है। उक्त योजना का क्रियान्वयन संबधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के पर्यवेक्षण में किया जाता है। ऐसे में जमालपुर प्रखंड को छोड़कर अबतक किसी भी प्रखंड द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई की स्थापना नहीं की गयी है, जो अत्यंत ही खेदजनक हैं। इससे प्रतीत होता है कि प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा पूर्व में समीक्षा बैठकों में दिये गये निदेर्शों को नजरअंदाज करते हुए सरकार की महत्वपूर्ण योजना के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है तथा प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी गंभीर नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त होने तक सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (जमालपुर को छोड़कर) के माह मई 2023 का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि ठोस एवं तरल कचरा के प्रबंधन हेतु पंचायत स्तर पर भूमि चिन्हित कर अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण किया जाना है। जिले में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई हेतु कुल 78 भूमि को चिन्हित कर 71 स्थलों का अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त है, जिसमें से 59 स्थलों पर अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराते हुए सिर्फ 20 का ही कार्य पूर्ण किया गया एवं 39 निमार्णाधीन है। इस कार्य हेतु प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्राधिकृत हैं। इससे स्पष्ट है कि विगत 03 माह से अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण कार्य की प्रगति अत्यंत ही धीमी है। पूर्व के बैठकों में भी जिलाधिकारी द्वारा शत-प्रतिशत स्थलों पर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया था, इसके बावजूद भी अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई निर्माण कार्य में धीमी प्रगति होना प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों के कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दशार्ता है एवं इससे प्रतीत होता है कि लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु संबंधित प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गंभीर नहीं है तथा इनके द्वारा लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त होने तक सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के भी माह मई 2023 का वेतन स्थगित करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि तीनों योजनाओं का सतत अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण जिला स्तरीय लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान टीम द्वारा किया जाना है। उपरोक्त कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं रहना आप सभी के कार्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता को दशार्ता है। उन्होंने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत उपरोक्त महत्वपूर्ण कार्यों में अपेक्षित प्रगति होने तक जिला समन्वयक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं जिला सलाहकार, एसएलडब्लूएम एवं एमआईएस मुंगेर के माह मई 2023 का मानदेय स्थगित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं एसएलडब्लूएम अन्तर्गत इन महत्त्वपूर्ण कार्यों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराते हुए यथाशीघ्र शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया।

# अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम जिलास्तरीय सतर्कता एव अनुश्रवण समिति की बैठक

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनयम के अंतर्गत सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विगत बैठक के प्रस्ताव एवं अनुपालन संबंधी प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जलारेड्डी, अपर समाहर्ता अमरेन्द्र शाही, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला आपदा पदाधिकारी सह विशेष कार्य पदाधिकारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विशेष लोक अभियोजक एससी/एसटी द्वारा प्राप्त 3 माह के मासिक प्रतिवेदन की समीक्षा, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में प्राप्त आवंटन एवं उनके विरूद्ध किए गए खर्च संबंधी प्रतिवेदन की समीक्षा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण के तहत लंबित कांडों की समीक्षा तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के तहत लंबित आरोप पत्र की समीक्षा की गयी। इस क्रम में जिलाधिकारी ने सभी मामलों की ससमय सुनवाई एवं निष्पादन करने का निर्देश दिया। पीड़ितों को प्राथमिकी के दस दिनों के अंदर मुआवजा भुगतान की बात पर जिलाधिकारी ने कहा कि इसे और शीघ्र करें। दस दिन का समय ज्यादा है, जब लाभुकों द्वारा पासबुक उपलब्ध करा दिया जाता है तो उनसे आधार कार्ड भी शीघ्र प्राप्त कर निर्धारित 48 घंटे अथवा तीन से चार कार्य दिवस के अंदर मुआवजे की भुगतान करें। समीक्षा के दौरान यह बात भी सामने आयी कि कुछ लाभुकों द्वारा साक्ष्य से संबंधित कागजात अथवा अन्य दस्तावेज ससमय उपलब्ध नहीं कराया जाता है, जिस कारण भी मामले के निष्पादन में विलंब होती है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि वैसे पीड़ितों से सीधे तौर पर बात करें और उन्हें समझा बुझा कर दस्तावेज प्राप्त कर मामले का निष्पादन करें। समीक्षा के दौरान बताया गया कि अप्रैल माह में 9 कांड दर्ज हुए जिसमें से एक कांड का निष्पादन किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 32090000 आवंटन प्राप्त हुए जिसके तहत कुल 32023524 रुपए की राशि व्यय की गयी।

# सम्राट चौधरी के खिलाफ हुई सुनवाई

राष्ट्रीय खबर



**मुंगेर :** जदयू के प्रदेश सचिव संतोष सहनी के द्वारा बीते 17 मई को मुंगेर न्यायालय में परिवाद पत्र दायर किया गया था।

दरअसल मुंगेर सांसद ललन सिंह के मटन-पार्टी पर भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने बयान दिया था कि मटन-पार्टी में शराब परोसा गया था। इस बयान के बाद जदयू खेमा पूरी तरह आक्रोशित था और अब मामले की सुनवाई कोर्ट में हो रही है। इस मामले को लेकर जदयू के प्रदेश सचिव संतोष कुमार सहनी के द्वारा मुंगेर न्यायालय के सीजीएम कोर्ट में भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है और प्रदेश सचिव के आवेदन में 22 लोगों की गवाही भी संलग्न है। सूत्रों के अनुसार सम्राट चौधरी की परेशानी बढ़ सकती है। आज मुंगेर न्यायालय में सुनवाई के दौरान जदयू सचिव संतोष सहनी का बयान दर्ज हुआ।अगली सुनवाई की तिथि 5 जून को मुकर्रर किया गया। आगामी 5 जून को फिर सुनवाई के बाद कोर्ट के द्वारा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को सम्मन भेजा जाएगा। इसके बाद न्यायालय के द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इससे पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल के द्वारा भी लिगल नोटिस दिया गया था। जिलाध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि अगर तय सीमा के अंदर जवाब नहीं मिला तो उनके द्वारा मुंगेर न्यायालय में केस दर्ज किया जाएगा। उधर मटन पार्टी के बाद भाजपा के द्वारा जदयू पर आरोप लगाने के बाद बयानबाजी का भी दौर जारी है।

# बहुमुखी प्रतिभा वाले कवि थे सुमित्रानंदन पंत : डॉ. राम सिंहासन

## जयंती पर कवियों ने सुनाई स्वरचित रचनाएं

राष्ट्रीय खबर



**गया :** स्थानीय विष्णुपद मार्ग स्थित मेहरवार भवन में हिंदी साहित्य के छायावादी युग के महान कवि एवं उपन्यासकार सुमित्रानंदन पंत की जयंती सह काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।साहित्य महापरिषद के बैनर तले आयोजित इस साहित्यिक कार्यक्रम में शहर के साहित्यकार और कविगण उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ सुमित्रानंदन पंत के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। अपने संबोधन में साहित्य महापरिषद के अध्यक्ष डॉ राम सिहांसन सिंह ने कहा कि पंत जी हिंदी साहित्य के आधुनिक युग के ऐसे बहुमुखी प्रतिभा वाले कवि थे,जिन पर आधुनिक युग की अनेक विचारधाराओं का प्रभाव है। पंत जी का जीवन सुंदर प्रेरणा से प्रारंभ हुआ। वे प्रकृति के सुकुमार कवि थे। छायावाद के प्रमुख स्तंभों में पंत को विशिष्ट स्थान प्राप्त था। पंत नए युग के प्रवर्तक के रूप में आधुनिक हिंदी साहित्य में उदित हुए हैं। पदम भूषण, ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित हुए थे। उन्होंने कहा कि छायावाद के प्रमुख स्तंभ पंत जी के काव्य में प्रेम सौंदर्य का समुचित उद्घाटन हुआ है। डॉ सच्चिदानंद प्रेमी ने कहा कि पंत जी प्रकृति से लेकर प्रगतिवाद तक रचना की। जगत व प्रकृति के विशाल आंगन में पंत एक प्राकृतिक उपकरणों द्वारा अपनी सुंदर भावना को व्यक्त करते हुए दिखाई देते हैं। डॉ रामकृष्ण मिश्र ने कहा कि पंत की कविताओं में प्रकृति के साथ-साथ प्रयोगवाद तथा यथार्थ का भी चित्रण मिलता है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें गीतकार कन्हैया लाल मेहरवार ने ₹आपकी उम्मीद में पाया ना अपने आपको, प्यार के इस प्यास में नफरत मुझे पीता गया । राजीव रंजन ने जहर बुझी हवा यहां हो गई है अजीब, गंगा जमुना में अब डूब गई है तहजीब₹। रचनाएं प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। गजेंद्र लाल अधीर, डॉ सच्चिदानंद प्रेमी, डॉ रामकृष्ण मिश्र, डॉ राजेंद्र सिंह,डॉ वंदना विथिका, एमएफ फातमी, खालिद हुसैन परदेसी एवं नौशाद जी ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राजीव रंजन एवं धन्यवाद ज्ञापन कन्हैयालाल मेहरवार ने किया।

## पंचायत उपचुनाव को लेकर पोलिंग पार्टी ने अपना दिया योगदान



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली,पू.चः** प्रखंड के उत्तरी मानसिंहा पंचायत में पंचायत समिति के एक और वार्ड सदस्य के 1 पद के लिए होने वाले चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टी ने अपना योगदान दिया है।प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचि पदाधिकारी तेज प्रताप त्यागी ने बताया कि 25 मई को होने वाले पंचायत उपचुनाव के लिए 8 पोलिंग पार्टी और एक रिजर्व पार्टी सहित कुल 9 टीमों ने अपना योगदान दिया है।पोलिंग टीम को चुनाव से संबंधित सामग्री उपलब्ध कराई गई। जिसका मिलान कर टीम ने चेक लिस्ट वापस जमा कर दिया।उन्होंने बताया कि उत्तरी मनसिंघा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य क्षेत्र संख्या 06 के लिए बूथ संख्या 51, 52,53,54,55 और 56 पर मतदान कराया जाएगा।वही वार्ड सदस्य के 1 पद के लिए बूथ संख्या 42 पर मतदान होगा।चुनाव कार्य में बीएसएस सह उप निर्वाचि पदाधिकारी प्रियरंजन,राघवेंद्र कुमार कमलेश,त्रिदीप गुप्ता,नीलेंदु गौतम,नागेंद्र शर्मा,राकेश श्रीवास्तव और कार्यालय सहायक वकील चंद्र यादव लगे थे।

## धू-धू कर जलता रहा जंगल, वनकमीयी को भनक तक नहीं



### मदनपुर वनक्षेत्र के गोबरहिया गांव के समीप जंगल में लगी भीषण आग

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन प्रमंडल दो के मदनपुर वनक्षेत्र के गोबरहिया गांव के समीप सोमवार की शाम करीब पांच बजे जंगल मे आग लग गई। विदित हो कि उसी रास्ते से महामहिम राज्यपाल वाल्मीकि नगर के दो दिवसीय दौरे के बाद वापस लौटे थे। रविवार के दिन वाल्मीकि नगर उनके जाने के पूर्व भी इसी वन क्षेत्र में भीषण आग लगी हुई थी। इस दौरान मुख्य सड़क धुआ धुआ हो गया था तथा वन कर्मियों कि कोई मौजूदगी नहीं देखी गई। जंगल मे आग लगने के एक घंटा बाद भी मदनपुर वनक्षेत्र के रेंजर समेत वनरक्षी,वनपाल व वनकमीयो की भनक तक नहीं। जिसके कारण आग बिन हवा सुखे खर पतवाड़ के चलते तेजी से फैलता जा रहा था। इस भीषण आग से करीब चार एकड़ तक सदाबहार जंगल जलकर राख हो गया तथा मदनपुर वनक्षेत्र के वनकर्मचारी की पेट्रोलिंग की पर भी सवाल उठने लगा। घटना की सुचना मिलते ही वन प्रमंडल दो के प्रभारी वनक्षेत्र अधिकारी प्रदुम्न गौरव ने कहा कि आग की सूचना को गंभीरता से लेते हुए मदनपुर वनक्षेत्र कार्यालय को सुचना दे घटनास्थल पर वनकमीयो की टीम को भेज आग पर काबु पा लिया गया है।डीएफओ ने बताया कि रेंजर,वनपाल, वनरक्षी समेत वनकमीयो की इस तरह की लापरवाही बरदाश नहीं की जायेगी।लापरवाह वनकर्मचारियों को चिन्हित कर विभागीय कारवाई की जाएगी।

## डाक विभाग की उदासीनता से गंडक पार में डिजिटल पेमेंट पर लगा ग्रहण

**बगहा/पिपरासी:** सरकार जहां कैश लेश लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल पेमेंट पर जोर दे रही है । साथ ही कई प्रकार के डिजीटल प्लेटफार्म के माध्यम से लेनदेन करने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। वही दूसरी तरफ उसके ही महत्वपूर्ण विभाग डाक विभाग के कारण डिजिटल पेमेंट पर ग्रहण लग रहा है। डिजिटल पेमेंट के लिए सबसे जरूरी एटीएम, चेकबुक का वितरण खाताधारकों को समय से नही होने के कारण काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। इसकी जानकारी देते हुए एसबीआई के शाखा प्रबंधक ने बताया की वर्तमान में कहा कैश लेश लेनदेन के लिए ग्राहक डिजिटल पेमेंट करने के लिए एटीएम व चेकबुक की मांग कर रहे है। वही बैंक के तरफ से एटीएम व चेकबुक निर्गत करने के बाद भी डाक विभाग की लापरवाही के कारण ग्राहकों को उनका एटीएम व चेकबुक नही मिल पा रहा है। इस कारण बेवजह ग्राहकों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया की गंडकपार के पिपरासी, मधुबनी, भितहा व ठकरहा प्रखंड के लिए एक मात्र एसबीआई बैंक की शाखा है। इस शाखा तक लोग बहुत ही दिक्कत से पहुंचते है। लेनदेन की दिक्कत को देखते हुए बीते आठ माह से इस शाखा से चारों प्रखंड के ग्राहकों द्वारा एटीएम व चेकबुक की मांग बढ़ी है। इसको देख बैंक के तरफ से आवेदन करने वाले सभी ग्राहकों को एटीएम व चेकबुक निर्गत कर दिया जता है ।और उसे डाक के माध्यम से ग्राहकों के निवास तक पहुंचाने का जिम्मा सौंप दिया गया। लेकिन डाक कर्मियों की लापरवाही के कारण लगभग 250 एटीएम व चेकबुक वापस आ गए। इसको देख बैंक के तरफ से ग्राहकों को सूचना देकर वितरण किया जा रहा है। वही बहुत से ऐसे भी ग्राहक है, जो बैंक आ रहे है, तो पता चल रहा है। की उनका एटीएम वापस आ गया है। वही स्थानीय लोगों की माने तो कुछ डाककर्मी दो से तीन हजार पर युवकों को रख कर एटीएम व चेकबुक का वितरण कराते है। शाखा प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया की इसकी शिकायत उनके द्वारा डाक विभाग के उच्चाधिकारियों से गई ।लेकिन वे तरह तरह के बहाने बना कर जिम्मेदार डाक कर्मियों पर कार्रवाई नही करते है। वही उप डाकपाल मधुबनी के उमंग शुक्ला ने बताया कि किसी भी एटीएम चेक बुक पर पता अपूर्ण होने के आधार पर वापस किया जाता है। वही चेक बुक एवं एटीएम पर मोबाइल नंबर नहीं रहता है। जिससे परेशानी बढ़ रही है। ज्ञात हो कि गंडक पार के चारो प्रखंड मिलाकर अट्ठारह सहायक डाकघर हैं ।जिसके बहुत ऐसे बीपीएम हैं, जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं।और सहायक डाकघर प्रभार में चलता है।

## बैंक में लगा नो कैश का बोर्ड, कैसे बदलेंगे दो हजार के नोट

**मधुबनी :** प्रखंड मुख्यालय में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में दो हजार का नोट बदलने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन नहीं हो रहा है। बैंक के मुख्य द्वार पर कैश नही होने का बोर्ड लगा हुआ है। जब बैंक में कैश उपलब्ध नहीं रहेगा तो कैसे नोटों की बदली की जाएगी। आरबीआई के पटना कार्यालय द्वारा सभी बैंकों को निर्देश दिया गया है की दो हजार का नोट बदलने के लिए ग्राहकों को बैठने और शीतल पेयजल की व्यवस्था करना है। लेकिन मधुबनी प्रखंड के बैंक में इस तरह की सुविधा नहीं नजर आ रहा है। दहवा स्थित बैंक के शाखा प्रबंधक रितेश राज ने बताया कि में नोट बदलने के लिए अलग से काउंटर नहीं बनाया गया है। कैश काउंटर पर इसकी सुविधा दी गई है। बैंक में कर्मियों की कमी है। जिस ग्राहक का बैंक में खाता नहीं है। वैसे ग्राहक का नोट बदलने की सुविधा दी जाएगी।खाताधारक ग्राहक अपने खाता में जमा पर्ची भर के दो हजार के नोट जमा कर सकते हैं।

# समर कैम्प प्रशिक्षण का टोला सेवक और तालिमी मरकज ने किया बहिष्कार

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली,पू.चः** प्रखंड में चलने वाले समर कैम्प का सुगौली के शिक्षा सेवक और तालिमी मरकज के स्वयं सेवियों ने बहिष्कार किया।इसको लेकर बिहार राज्य शिक्षा सेवक तालिमी मरकज संघ के बैनर तले प्रखंड इकाई के सभी शिक्षा सेवक प्रखंड शिक्षा कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने समर कैम्प प्रशिक्षण के बहिष्कार करने की एक विज्ञप्ति प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम विजय यादव को सौंपा। शिक्षा सेवक कन्हैया चौधरी ने बताया कि यह निर्णय राज्य संघ एवं जिला शिक्षा सेवक तालीमी मरकज संगठन के द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में लिया गया है। उन्होंने बताया है कि संगठन का जैसा अगला निर्देश आएगा उसके अनुसार हमलोग काम करेंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा सभी शिक्षकों के लिए गर्मी की छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। जब कि हम शिक्षा सेवकों को समर कैंप प्रशिक्षण में भाग लेने का आदेश जारी किया गया है। सरकार के द्वारा हमलोगो के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। हमलोगो को महज 9680 रुपए मासिक मानदेय मिलता है। जिससे बड़ी मुश्किल से परिवार का भरण पोषण हो पाता है। जबकि अन्य शिक्षकों को मोटी तनख्वाह दी जाती है बावजूद इसके शिक्षा सेवकों को ही समर कैम्प प्रशिक्षण कार्य में लगाया गया है। हम सरकार से मांग करते है कि हमे भी सम्मानित मानदेय दिया जाए। राज्य कर्मी के दर्जे के साथ प्राथमिक शिक्षक का दर्जा दिया जाए।मौके पर शिक्षा स्वयंसेवकों में ताहिर आलम,शाहिद जमील, जितेन्द्र बैठा,जियाउल इमाम,मो.बलाल,कृष्ण कुमार निराला,रूपेंद्र बैठा,देवकी लाल बैठा,रंजीता कुमारी सीमा कुमारी दीप माला कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजद युवा जिलाध्यक्ष ने बैठक कर किया पार्टी का विस्तार

**मधुबनी :** प्रखंड के मरिचहवा चौक पर सोमवार की देर शाम राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता बगहा पुलिस जिला राजद के युवा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने किया। बैठक में राजद कमेटी का विस्तार किया गया। राजद युवा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया कि कार्यकताओं के साथ बैठक कर कई नए चेहरे को राजद में शामिल करते हुए राजद का सदस्यता ग्रहण कराया गया। जिसमें दीपक यादव को मधुबनी प्रखंड के राजद प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वही धर्मेंद्र यादव को कोषाध्यक्ष जितेंद्र यादव को मीडिया प्रभारी व विजय कांत चौबे को मधुबनी प्रखंड का महासचिव बनाया गया है। उन्होंने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अभी से लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी में जुट जाएं। वही मधुबनी प्रखंड में युवाओं को राजद में शामिल होने पर राजद कार्यकताओं में काफी हर्ष है।

## विभागीय लापरवाही : वैध घाट से फल-फूल रहा अवैध बालू खनन कारोबार

**बगहा/पिपरासी :** अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न बालू घाट का संचालन शुरू हो गया है। और बालू माफिया वैध घाट से अवैध बालू खनन करा रहे हैं। कारण की माइनिंग प्लान में भूमि की जो खाता, खेसरा , जमाबंदी,रकबा दिया गया है। उस स्थान पर खनन नहीं कराकर जहां इनकी मर्जी हुई वहीं अपनी दूकान खोल ली। बालू का खनन सरकारी भूमि से करना है। या रैयतदार अपनी सहमति प्रदान करता है तो उससे सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कराकर खनन कर सकता है। बालू खनन करीब दो फीट करना है । लेकिन यूपी से पहुंचे बालू माफियाओं की टोली के द्वारा चार से छह फिट तक खनन कराने में पीछे नहीं हटते हैं। और कोई कार्रवाई भी इनके उपर नहीं हुई है। यह सरकारी अमीन से माइनिंग प्लान की भूमि पैमाईश भी नहीं कराई जाती है। बाढ़ आने के बाद कुछ ज्ञात और चिह्नित नहीं हो पता है कि यह भूमि का रकबा किस स्थान पर है। वगैर पैमाईश के ही खनन शुरू कर तिजोरी भरनी शुरू हो जाती है। ओवरलोड वाहनों का परिचालन विना रोक-टोक का धड़ल्ले से संचालित होता है। सरकारी अमीन के जगह प्राईवेट अमीन से कुछेक दियारे में कार्य किया जाता है। कारण की प्राईवेट अमीन मनमुताबिक बालू की दूकान खोलवा देगा। और, हाकिम भी इसका जांच नहीं करते है, खनन विभाग की बल्ले-बल्ले । विभाग भी अवैध खनन कराने में सक्रिय भूमिका निभाता है। इसके जड़ में जो भी हो । माइनिंग प्लान के अनुसार बालू का खनन नहीं होना, इसका जांच नहीं होना, समझ से परे है। गंडक पार के प्रखंड में भी करीब आधा दर्जन बालू घाट संचालित करने की अनुमति मिली है। कुछेक नामित बालू घाट से हटकर दूसरे नामित जगह पर खनन किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि अगर खनन छह फीट किया जा रहा है तो जल संकट गहराएगा। गंडक नदी सुख रही है। यह अच्छा संदेश पर्यावरण के लिए नहीं है। यूपी के ठिकेदार अवैध तरीके से खनन कर प्रर्यावरण से छेड़ छाड़ माना जा रहा है। और खनन विभाग का कोई मतलब नहीं है।

## प्रौद्योगिकी से राष्ट्र का परिवर्तन, डिजिटल इंडिया का उदय : सिंह

**पटना :** उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सचिव राजेश कुमार सिंह के अनुसार 21 वीं सदी में सतत आर्थिक विकास तेज गति से तकनीकी प्रगति से प्रेरित है। जिसने हमारे जीने, काम करने और बातचीत करने के तरीके में क्रांति ला दिया है। डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार के बल देने व प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से हाल के वर्षों में भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। 1.4 बिलियन से अधिक लोगों वाला भारत देश विश्व स्तर पर इंटरनेट का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। भारत में 800 मिलियन से अधिक इंटरनेट कनेक्शन हैं और प्रति ग्राहक औसत मासिक डेटा खपत 16 जीबी से अधिक है, जो 2014 के बाद से 266 गुना की चौंकाने वाली वृद्धि है। इससे उपभोक्ताओं और पर्यावरण की बदलती जरूरतों के साथ आर्थिक प्रक्रियाएं लगातार विकसित हो रही हैं। निकट भविष्य में, उभरती भविष्य की प्रौद्योगिकियां लगभग सभी आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों का एक अनिवार्य तत्व होंगी। हमारे सामने चुनौती इन प्रक्रियाओं को और अधिक समावेशी और मानवीय बनाने की है, जिससे सामान्य व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंच सके। भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ₹कारोबारी सुगमता के शीर्ष पर जीवन सुगमता₹ को बढ़ावा देने के प्रयास में जुटा है, क्योंकि इसका उद्देश्य व्यवसायों और नागरिकों दोनों को लाभान्वित करने के लिए एक समावेशी और लोकतांत्रिक परिदृश्य को बढ़ावा देना है।

## सड़क हादसा में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**सुगौली,पू.चः** थाना क्षेत्र छपवा मोतिहारी मुख्य मार्ग में बिते दिन सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में मंगलवार को मौत हो गई।मृतक थाना के दक्षिणी श्रीपुर पंचायत के रामपुर निवासी कासीम अंसारी का पुत्र इरफान आलम बताया गया है।घटना के बाबत बताया जाता है कि बिते दिन मृतक बाइक से अपने एक पड़ोसी के साथ सेमरा से एक बरात से घर लौट रहा था।इसी बीच एक ट्रक ने ठोकर मार दिया।जिसमें थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी इरफान आलम और संदीप कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया।घटना के बाद पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया और ट्रक को जब्त कर लिया।जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिती में घायलों को चिकित्सकों ने मोतिहारी रेफर कर दिया। वहां से भी दोनों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान इरफान की मौत हो गई।इस बाबत थानाध्यक्ष धनंनजय शर्मा ने बताया कि मामले में पूर्व में ही प्राथमिकी दर्ज हो चुका है।पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जूटी है।

# स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में पंचायत उप निर्वाचन पूर्ण करें : डीएम

## पंचायत उप निर्वाचन मतदान 25 एवं मतगणना 27 मई को

अवधेश कुमार शर्मा



**बेतिया :** पंचायत उप निर्वाचन 2023 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पूर्ण शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर सम्बंधित सभी पदाधिकारी सजग एवं सतर्क रहकर अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निवर्हन करें। निर्वाचन की प्रक्रिया में राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन आवश्यक है। जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने निर्वाचन में किसी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। जिला पदाधिकारी ने कार्यालय प्रकोष्ठ में पंचायत उप निर्वाचन 2023 की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान एवं मतगणना के लिए सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी ससमय अपने कर्तव्य स्थल पर पहुंच जाने चाहिए। मतदान दल कर्मियों को मतदान केन्द्र पर जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में वाहन की व्यवस्था प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करें। मतदान के दिन खराब ईवीएम को बदलने को कलस्टर का निर्माण कर लें, जिससे आवश्यकता पड़ने पर संबंधित बूथ को त्वरित गति से ईवीएम उपलब्ध कराया जा सके। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सफलतापूर्वक मतदान एवं मतगणना सम्पन्न कराने को लेकर कम्युनिकेशन प्लान स्ट्रॉग रखना होगा, कम्युनिकेशन गैप नहीं होनी चाहिए।

इसके अंतर्गत मझौलिया प्रखंड में सरपंच के 1, वार्ड सदस्य के 2 पदों के लिए मतदान होना है। इसी प्रकार नौतन प्रखंड में वार्ड सदस्य के 1, बैरिया प्रखंड में वार्ड सदस्य के 2, लौरिया प्रखंड में वार्ड सदस्य के 1, पंच के 1, मैनाटांड़ प्रखंड में पंचायत समिति के 1, सिकटा प्रखंड में मुखिया के 1, सरपंच के 1, बगहा-1 प्रखंड में वार्ड सदस्य के 2, बगहा-2 प्रखंड में पंचायत समिति के 1, ठकराहां प्रखंड में मुखिया के 1 तथा भितहां प्रखंड में सरपंच के 1 पदों के लिए चुनाव कराया जाना है। इसके लिए कुल-74 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, सहायक समाहर्ता शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अनिल राय, जिला पंचायत राज पदाधिकारी मनीष कुमार सहित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रचंड गर्मी के बाद हुई बारिश से अन्नदाता प्रसन्न

**बगहा :** अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार के भोर झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। बारिश के बाद गर्मी से राहत मिली और मौसम भी सुहाना हो गया। मंगलवार के अहले सुबह आंधी पानी के साथ झमाझम बारिश होने से किसानों ने राहत की सांस ली है। जिस बारिश का करीब सात माह से इंतजार किसान कर रहे थे आखिर कार इन्द्र देव ने सब की सुन ली। बारिश होने से मौसम में भी काफी तब्दीली आई है। चंद रोज पूर्व खेत खलिहान सूखकर बंजर बन गए थे। किसान कर्ज लेकर गन्ना मे पटवन करने पर विवश थे।

पर्याप्त वर्षा से किसानों के भी चेहरे पर खुशी दिखी। खेतों में नमी देखकर किसान खेतों में बिचड़ा गिराने की तैयारी में जुट गए हैं। धान की बोआइ के लिए खेतों में पानी के ठहराव को लेकर किसान खेत के मेड़ को दुरुस्त करने में जुट गए। बर्षा से बाग-बगीचा में हरियाली दिख रही है। बारिश से अब खेत खलिहान फिर से हरा भरा होकर लह लहाने लगा हैं । बारिश खरीफ फसलों के लिए काफी लाभकारी होगा। मानसून की इस वर्षा का काफी महत्व है। धान की खेती के लिए यह उपयुक्त मौसम है। किसान धान का बिचडा गिराने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

## मृतिका के पिता ने ससुराल वालों पर कराई प्राथमिकी

**सुगौली,पू.चः** पंजीअरवा गांव में रविवार रात विवाहिता की मौत मामले में ससुराल वालों पर प्राथमिकी दर्ज कराया है।मामले को लेकर मृतका चांदनी के पिता पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बनकट गाव निवासी संजय पासवान ने मृतका के पति अर्जुन पासवन,ससुर भूसा पासवान,सास ज्वाला देवी,भाई छठु पासवान, टूना पासवान,बबीया देवी सहित अन्य को नामजद आरोपित बनाते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमें बताया है बीते साल 18 मई को उन्होंने अपनी बेटी चांदनी की शादी थाने के पंजीअरवा गाव निवासी भूसा पासवान के पुत्र अर्जुन पासवान के साथ की थी।शादी के कुछ महीने बाद से आरोपित दहेज में अपाचे बाइक की माग करने लगे।असमर्थता जताने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उनका आरोप है कि रविवार की रात उनकी बेटी कि हत्या कर दिया गया।इस बाबत थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि मृतका के पिता के आवेदन पर प्रार्थमिकी दर्ज कर ली गई है।


## बड़े बकायेदार जल्द ऋण जमा करें, अन्यथा संपत्ति से वसुल करेगा बैंक : शाखा प्रबंधक

**बगहा :** बैंक ऑफ इंडिया शाखा बगहा ने बडे ऋणियों के विरुद्ध कडी कार्रवाई की है। तथा ससमय ऋण की राशि जमा नहीं करने वाले केसीसी धारक , मुद्रा लोन , वाहन लोन समेत विभिन्न प्रकार के ऋणियों के विरुद्ध शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। जानकारी बैंक ऑफ इंडिया शाखा बगहा के शाखा प्रबंधक हर्षवर्धन कुमार राव ने दी है। उन्होंने बताया कि आंचलिक कार्यालय के आदेश के आलोक में बडे बकायादारों व ऋणियों के विरुद्ध बैंक ने मुहिम चला कर ऋण वसुली अभियान चला रखा है। शाखा प्रबंधक ने बताया कि जो ऋणी ससमय ऋण की राशि को ससमय जमा नहीं करता है तो बैंक वैसे ऋणियों से चल व अचल संपत्ति से ऋण की राशि को वसुल करेंगी। उन्होंने बैंक के बडे बकायादारों, केसीसी धारकों , पुराने ऋणियों से अपील करते हुए कहा है कि आप पुराने ऋण की राशि को ससमय जमा करें। बैंक आपके समुचित विकास व सहयोग में तत्पर रहेगी। शाखा प्रबंधक ने बताया कि जो ऋणी ऋण की राशि को ससमय जमा नहीं करता है तो बैंक वैसे चिन्हित ऋणियों के विरुद्ध मुहिम चला कर उनके चल व अचल संपत्ति से ऋण की राशि को वसुल करेंगी। बैंक की इस कार्रवाई से बडे बकायादारों व पुराने ऋणियों में हडकंप मच गया है।

संपादकीय

# दुश्मन का दुश्मन मेरा दोस्त की राजनीति

दुश्मन का दुश्मन मेरा दोस्त, एक प्रचलित कहावत पुराने समय से चली आ रही है। भारतीय राजनीति में नरेंद्र मोदी के कद्दावर चेहरे ने विरोधी दलों को इसी नीति पर चलने पर मजबूर कर दिया है। सभी दलों का आरोप है कि केंद्र सरकार अब केंद्रीय एजेंसियों के सहारे उनका दमन करना चाहती है। इस बात में सच्चाई कितनी है, इसे तय करना अदालत का काम है। लेकिन आम आदमी पार्टी के दो मंत्री जेलों में बंद हैं। इसी तरह राहुल गांधी भी अपनी लोकसभा की सदस्यता गवां चुके हैं। कर्नाटक में नई सरकार के गठन के मौके पर ही फिर से विरोधी एकता को लेकर आगे बढ़ने की कांग्रेस की मंशा साफ हो गयी है। अब गाड़ी यहां आ पहुंची है, जहां कांग्रेस ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी को अध्यादेश के खिलाफ समर्थन देना स्वीकार कर लिया है। जिस विपक्षी एकता का शोर पिछले लम्बे अर्से से सुनाई पड़ रहा है, उसके परवान चढ़ने का समय भी अब नजदीक आता दिखाई पड़ रहा है। सवाल सिर्फ एक ऐसे फामूर्ले का है जिस पर सभी दलों की



स्वीकृति की मुहर लग सके। दरअसल कई भाजपा विरोधी दल यह मानते हैं कि उनके अपने प्रभाव क्षेत्र में कांग्रेस ने ही उनकी ताकत को कम करने की पुरजोर कोशिश की है। वे भाजपा विरोधी मंच के नाम पर अपनी जमीन छोड़ना नहीं चाहते हैं। कर्नाटक के मंच पर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी नहीं थी और भारत तेलंगाना समिति के नेता के. चन्द्रशेखर राव नहीं थे, उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव नहीं थे और दिल्ली के मुख्यमन्त्री व आम आदमी पार्टी के नेता श्री अरविन्द केजरीवाल नहीं थे। इनमें से चन्द्रशेखर राव व केजरीवाल को निमन्त्रण ही नहीं भेजा गया था। साथ ही बीजू जनता दल के ओडिशा के मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक व आन्ध्र प्रदेश वाई.एस.आर. कांग्रेस के नेता जगन मोहन रेड्डी व उत्तर प्रदेश बहुजन समाज पार्टी की सर्वेसर्वा सुश्री मायावती भी समारोह भी नहीं थे। मोटे तौर पर देखा जाये तो ये ऐसे दल हैं जो पिछले नौ सालों से केन्द्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार की मुसीबत के समय संसद में मदद करते रहे हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है और पिछले कई साल से उसने संसद में भाजपा के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया हुआ है। अतः सामान्य रूप से यह कहा जाता है कि बैंगलुरू में जिस-जिस विपक्षी दल के नेता सिद्धारमैया सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शरीक हुए वे 2024 के यूपीए की संभावित पार्टियां हैं। ये सब दल मिलकर भाजपा के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। इन सभी दलों का मूल आधार किसी न किसी रूप में धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त के चारों तरफ घूमता रहा है। दूसरी तरफ एक दूसरी समानता यह भी है कि यह सभी दल इनदिनों केंद्रीय एजेंसियों का कहर भी झेल रहे हैं। लगभग 21 वर्षों से भाजपा के सहयोगी रहे नीतीश बाबू के जनता दल (यू) का भी इस सिद्धांत में अटूट विश्वास रहा है और लालू यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल तो ऐलानिया तौर पर धर्मनिरपेक्षता को अपने बुरे वक्तों में भी इस सिद्धान्त को अपनी पार्टी का पहला वाक्य कहती रही है। ममता बनर्जी जैसी नेता का इस समारोह में शामिल न होना यह बताता है कि उनकी वरीयता में कुछ और भी शामिल है। जहां तक मायावती का सवाल है तो उनकी ताकत अब लगभग समाप्ति की तरफ है और उनका लक्ष्य स्वयं को पुराने राजनीतिक कर्मकांडों से अपने को सुरक्षित बचाये रखने का है। समारोह में उत्तर प्रदेश लोकदल के नेता जयन्त चौधरी का शामिल होना बताता है कि लोकसभा चुनावों में उनकी रुची कांग्रेस के सहयोग से अपने मूल जनाधार को मजबूती देने की है। यह जनाधार पश्चिमी व मध्य उत्तर प्रदेश में ही अब बचा है। अपने दादा स्व. चौधरी चरण सिंह की विरासत को बचाने के लिए उनका धर्मनिरपेक्ष ताकतों के साथ दिखना जरूरी है। मगर अखिलेश यादव व के. चन्द्रशेखर राव की कहानी दूसरी है, ये शुरू में गैर भाजपा व गैर कांग्रेस के समकक्ष तीसरा मोर्चा बनाने की बातें किया करते थे मगर कर्नाटक में कांग्रेस की प्रचंड जीत से इनके फिलहाल होश उड़े हुए हैं। वैसे एक मजबूत मंच बनने में अभी और समय बाकी माना जा रहा है क्योंकि दिसम्बर महीने तक चार प्रमुख राज्यों में चुनाव होने हैं जिनमें केवल कांग्रेस पार्टी की ही प्रमुख भूमिका रहेगी और यहां तक रहेगी कि तेलंगाना में उसे भारत तेलंगाना समिति से ही दो-दो हाथ करने होंगे। मगर लोकतन्त्र की मजबूती के लिए ऐसा होना जरूरी भी होता है क्योंकि दिसम्बर महीने तक विधानसभा चुनाव होंगे और अगले साल अप्रैल महीने में लोकसभा के राष्ट्रीय चुनाव होंगे। तब तक कौन अंततः कहां होगा, इसका आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी क्योंकि चार राज्यों में अभी विधानसभा चुनाव होने हैं।

# गुलाबीनोट की बंदी से भ्रष्टाचार और कालेधन पर प्रहार

बीते दिनों रिजर्व बैंक ने 2 हजार के नोट चलन से बाहर करने की सूचना सार्वजनिक की तो फिर से नोटबंदी के दौर की यादें ताजा हो गई। देशभर में रिजर्व बैंक के नए आदेश की चर्चा है। लेकिन इस बाद हालात नोटबंदी के वक्त जैसे बिल्कुल भी नहीं हैं। रिजर्व बैंक ने नोट बदली के लिए पर्याप्त समय दिया है। वैसे दो हजार के नोट को लेकर शुरू से ही आशंका थी कि सरकार इसे बंद कर सकती है। यह बात तब सच हुई जब सरकार ने वर्ष 2018 के बाद इन्हें छापना बंद कर दिया। लेकिन आम लोगों में यह प्रश्न खड़ा किया जा रहा है कि वर्तमान समय में इस बंद करने के निर्णय का औचित्य क्या है। कुछ लोग इस निर्णय को रिजर्व बैंक द्वारा भूल सुधार करना बता रहे हैं तो कुछ के अनुसार ये एक और भूल है। विपक्ष इसे जनता को परेशानी में डालने वाला बताकर इसकी आलोचना कर रहा है। लेकिन सबसे अलग हटकर देखें तो इस निर्णय को नोटबंदी के अगले चरण के तौर पर देखा जा सकता है। कुछ लोग इसे नोटबंदी की बजाए नोटबदली का नाम दे रहे हैं।



**राजेश माहेश्वरी**
स्वतंत्र पत्रकार

2016 में जब नोटबंदी की गई थी तब कोई उसे काले धन पर चोट बता रहा था तो कोई आतंकवादियों की आर्थिक सहायता को रोक देने का उपाय। लेकिन आम तौर पर यही समझा गया कि वह दांव काले धन को बाहर लाने चला गया था। लेकिन अमल में हुई कुछ गलतियों की वजह से उस दुस्साहसिक कदम का अपेक्षित लाभ नहीं मिल सका। काले धन वालों ने येन केन प्रकारेण अपने नोट ठिकाने लगा दिए, जिसमें बैंक कर्मचारी, पेट्रोल पम्प आदि के साथ सरकारी विभाग भी शामिल रहे। ये कहना गलत न होगा कि समाचार माध्यमों के जरिये आ रही खबरों से सरकार घबरा सी गयी और उसने नोट बदलने के लिए जिस तरह की रियायत और मोहलत दी उसने उस निर्णय के असली उद्देश्य पर पानी फेर दिया। और फिर सरकार ने 2 हजार का नया नोट जारी कर नए सवाल भी पैदा कर दिए। मसलन काले धन को बाहर लाने के लिए बड़े नोट बंद करने के बाद उससे भी बड़ा नोट जारी करने का औचित्य क्या था ?

गत दिवस की गई नोटबंदी के साथ रिजर्व बैंक ने ये साफ किया कि उस समय मुद्रा की कमी को दूर करने के लिये 2 हजार का नोट शुरू किया गया था किन्तु अब वह उद्देश्य पूर्ण हो चुका है इसलिए उसे वापस लेने की प्रक्रिया के तहत ये कदम उठाया गया है। बीते तीन-चार सालों से वैसे भी इस नोट की छपाई बंद थी और जितने नोट बैंक में गए भी उनको दोबारा चलन में लाने की बजाय वापस रिजर्व बैंक भेज दिया गया। दो हजार के तीन लाख 62 हजार करोड़ रुपए मूल्य के नोट अभी चलन में हैं अगर इसका ज्यादातर हिस्सा दो फीसदी लोगों के पास है और काले धन के रूप में जमा है तब भी सरकार को उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि कोई काला धन बाहर आएगा। पहली नोटबंदी में 99 फीसदी से ज्यादा पांच सौ और एक हजार के नोट वापस आ गए थे और इस बार भी संभव है कि सौ फीसदी नोट बैंकों में वापस लौट जाएं। ऐसा कैसे होगा, यह बताने की जरूरत नहीं है। बीते 6 साल में केंद्रीय बैंक ने 102 करोड़ रुपए मूल्य के ह्यगुलाबी नोटह्ण नष्ट किए हैं।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या बड़े भ्रष्टाचार, जमाखोरी, आतंकवाद की फंडिंग आदि के लिए ही यह नोट कारगर रहा? जांच एजेंसियों की ऐसी रपटें सामने आती रही हैं ईडी और आयकर के छापों में जब्त किया गया काला धन ज्यादातर 2 हजार के नोटों की शक्ल में ही मिला। इससे इस अवधारणा की पुष्टि हुई कि बड़े नोट काले धन के संचय में मददगार बनते हैं। रिजर्व बैंक का फरमान जारी होने के अगले दिन से इसका असर भी दिखने लगा। मीडिया में खबर आई कि गुजरात में दो हजार रुपए के नोट से लोग 10 ग्राम सोना 70 हजार रुपए की दर पर और चांदी 80 हजार रुपए किलो खरीद रहे हैं। क्या इससे 2016 की याद नहीं आती है? पेट्रोल पंपों पर करोड़ों की संख्या में दो हजार के नोट पहुंचने लगे हैं और दुकानदार दो हजार के नोट तभी ले रहे हैं, जब खरीदारी पूरी रकम की हो।

इसमें दो राय नहीं है कि 2016 के फैसले के बाद काले धन से कारोबार करना कुछ हद तक तो कठिन हुआ है। इसी तरह जीएसटी के आने से भी व्यापार में पारदर्शिता बढ़ी है। हालांकि पूरी तरह से काले धन का प्रचलन बंद हो गया, ये सोच लेना तो सच्चाई से आंखें मूंदना होगा लेकिन उस पर नियंत्रण तो हुआ है। जब रिजर्व बैंक को ये लगा कि 2 हजार का नोट सामान्य चलन से बाहर होकर काले धन वालों की तिजोरियों में कैद हो चुका है तब उसने ये फैसला करने की हिम्मत जुटाई। सरकार भी इस बात से आश्वस्त थी कि इस निर्णय से आम जनता को हलकान नहीं होना पड़ेगा क्योंकि उसके पास 2 हजार के नोट या तो हैं नहीं और यदि हैं तो न के बराबर होंगे।

लेकिन इसके बाद की परिस्थिति पर भी विचार करना चाहिए। अर्थात बीते कुछ सालों में जबसे नगदी में लेन देन में निरंतर कमी आ रही है और नई पीढ़ी तेजी से डिजिटल आर्थिक व्यवहार को अपनाती जा रही है तब बड़े नोटों के प्रचलन को भी धीरे-धीरे कम करते हुए बंद करना चाहिए। लेकिन यह भी हकीकत है कि तमाम ऑनलाइन विकल्पों के बावजूद नोट प्रचलन में बढ़ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि नोटबंदी के समय चलन में मौजूद नकदी के मुकाबले करीब दुगनी नगदी अर्थव्यवस्था में मौजूद है।

अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ नकदी की मात्रा भी बढ़ रही है। अमेरिका में सबसे बड़ा नोट 100 डालर का होता है। कहते हैं नोटबंदी की भूमिका में ऐसा ही कुछ करने की सोच थी किन्तु फिर जो फैसला हुआ वह सही होते हुए भी परेशानी का सबब बन गया। अच्छा हुआ सरकार और रिजर्व बैंक दोनों ने पिछले अनुभव या गलतियों से सबल लेते हुए जनता की असुविधा का ध्यान रखा।

ये भी कहा जा सकता है कि इस बार पर्याप्त मात्रा में नए नोट तैयार किये जा चुके होंगे जिससे नोट बदलने वाले को तत्काल भुगतान किया जा सके। इस बारे में बेहतर होगा कि अगले कदम के तौर पर 500 का नोट भी बंद किया जाए। ये बात तो हर कोई जानता है कि बड़े नोट घूसखोरी और भ्रष्टाचार के जरिये काले धन में परिवर्तित होकर चलन से बाहर हो जाते हैं। कम मूल्य की मुद्रा को छिपाने में भी काले धन वाले को परेशानी होगी। इसलिए आधे-अधूरे मन से काम करने के बजाय सरकार को ठोस निर्णय लेना चाहिए। भ्रष्टाचार हमारे देश की सबसे बड़ी समस्या है और उसका पोषण काले धन से ही होता है। इसलिए उसकी जड़ें काटने के लिए सबसे सुलभ तरीका बड़े नोटों को बंद करना ही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि रिजर्व बैंक का दो हजार को नोट बंद करने का फैसला भ्रष्टाचार और आने वाले चुनावों में काले धन के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगाने में मददगार साबित होगा।

# दिखावटीपन से बचे

एक व्यक्ति को किसी बड़े पद पर नौकरी मिल गयी। वह इस नौकरी से खुद को और बड़ा समझने लगा, लेकिन वह कभी भी खुद को बड़े पद के मुताबिक नहीं ढाल सका। एक दिन वह अपने ऑफिस में बैठा था, तभी बाहर से उसके दरवाजे को खटखटाने की आवाज आई। खुद को बहुत व्यस्त दिखाने के लिए उसनें टेबल पर रखे टेलीफोन को उठा लिया और जो व्यक्ति दरवाजे के बाहर खड़ा था उसे अन्दर आने के लिए कहा। वह अन्दर आकर इंतजार करने लगा, इस बीच कुर्सी पर बैठा अधिकारी फोन पर चिल्ला-चिल्ला कर बात कर रहा था।



बीच-बीच में वह फोन पर कहता, कि मुझे वह काम जल्दी करके देना, टेलीफोन पर अपनी बातों को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा था। ऐसे ही कुछ मिनट तक बात करने के बाद उस आदमी ने फोन रखा और सामने वाले व्यक्ति से उसके ऑफिस आने की वजह पूछी। उस आदमी ने अधिकारी को जवाब देते हुए कहा, सर, मुझे बताया गया था कि 3 दिनों से आपके इस ऑफिस का टेलीफोन खराब है और मैं इस टेलीफोन को ठीक करने के लिए आया हूँ।

**शिक्षा :-**

हमें कभी भी दिखावा नहीं करनी चाहिए। हम दिखावा करके क्या साबित करना चाहते हैं, इससे हम कभी भी कुछ हासिल नहीं कर सकते, हमें किसी के सामने झूठ बोलने की क्या जरूरत! दिखावा करके हम खुद की नजरों में कभी भी ऊपर नहीं उठ सकते। दिखावा करने से बचिए क्योंकि इससे लोग पीठ पीछे आपकी ही बुराई करेंगे। मुखौटा मत लगायें।

नजरिया

# मौत के ताबूत बने मिग 21 लड़ाकू विमान

भारतीय वायुसेना ने लड़ाकू विमान मिग-21 के पूरे बेड़े की उड़ान पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है। लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए एयरफोर्स ने फैसला लिया है। राजस्थान में सूरतगढ़ के पास 8 मई को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक मिग-21 एयरक्राफ्ट क्रैश होकर आबादी क्षेत्र के मकानों पर गिर गया था। उस हादसे में 3 महिलाओं की जान चली गई थी। वायु सेना ने मिग - 21 लड़ाकू विमानों के पूरे बेड़े को उड़ान भरने से तब तक के लिए रोक दिया है जब तक कि राजस्थान में हुए हादसे की जांच पूरी नहीं हो जाती है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र पत्रकार

मौत के उड़ते ताबूत कहलाने वाले मिग 21 लड़ाकू विमान के आये दिन दुर्घटनाग्रस्त होते रहने के कारण उन्हे फ्लाइंग कॉफिन और विडो मेकर कहा जाने लगा है। हैं।

> **मौत के उड़ते ताबूत कहलाने वाले मिग 21 लड़ाकू विमान के आये दिन दुर्घटनाग्रस्त होते रहने के कारण उन्हे फ्लाइंग कॉफिन और विडो मेकर कहा जाने लगा है।**

इस कारण इनको स्थायी रूप से सेना से बाहर करने की मांग होती रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन एयरफोर्स के 400 से ज्यादा मिग-21 विमान पिछले 60 सालों में दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जिसमें 200 से अधिक पायलटों और 63 नागरिकों की जान जा चुकी है। अभी वायु सेना के पास मिग-21 बाइसन की तीन स्क्वाड्रन हैं। जिन्हे 2025 की शुरूआत में चरणबद्ध तरीके से वायु सेना से हटाया जाएगा।


मिग-21 को 1960 के दशक में भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था। एक जमाने में ये दुनिया के सबसे ताकतवर फाइटर प्लेनो में शामिल था। इसकी तेज रफ्तार और मारक क्षमता के आगे अमेरिका जैसे देश भी डरते थे। ये इकलौता ऐसा फाइटर प्लेन है जिसे दुनियाभर के 60 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल किया गया है। अब तक इस लड़ाकू विमान की 11 हजार 496 यूनिट्स का निर्माण किया जा चुका है। मिग-21 विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है। सत्तर के दशक में यह दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर प्लेन था।

मिग-21 वही फाइटर प्लेन है जिससे भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ-16 को मार गिराया था। हालांकि उनका मिग 21 विमान भी क्रेश कर गया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध में भी मिग-21 ने अहम भूमिका निभाई थी। मिग-21 बाइसन फाइटर जैट का इस्तेमाल अब केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। इनका उपयोग लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए किया जाता हैं। ये विमान एयरक्राफ्ट शॉर्ट रेंज और मीडियम रेंज एयरक्राफ्ट मिसाइलों से हमला करने में सक्षम है। इस लड़ाकू विमान की स्पीड 2229 किलोमीटर प्रति घंटा की है।

मिग 21 लडाकू विमान को बनाने वाली सोवियत वायु सेना ने इसे 1985 में ही अपनी वायु सेना से हटा दिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने भी इसे सेवा से हटा दिया था। भारत में भी 1990 के दशक के मध्य में इनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जाता रहा है। अक्टूबर 2014 में तत्कालीन वायु सेना प्रमुख ने कहा था कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि वायु सेना बेड़े के कुछ विमान बहुत पुराने हो गये हैं।

जानकारी

# खूबसूरत हिल स्टेशन कोडाईकनल



कोडाईकनल डिंडीगुल जिले में स्थित तमिलनाडु का सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशन है इसको इस हिल स्टेशन का राजकुमारी भी कहा जाता है और यह यात्रियों के लिए घूमने का सबसे अच्छा स्थान है। इसको यदि आप सबसे प्रसिद्ध हनीमून स्थल कहेंगे तो गलत नही होगा। कोडाईकनल अपने पहाड़ियों और सुंदरता को लेकर प्रसिद्ध है यहाँ की झील आपके दिल को छू जाने वाली है। कोडाईकनल समुद्र तल से लगभग 7200 फिट के ऊंचाई पर स्थित है कोडाईकनल बहुत से ट्रेक को का केंद्र माना जाता है जोकि 60 एक-ड़ जमीन में फैला हुआ है और यही नही कोडाईकनल में एक ऐसा तारो का झील है जोकि मानवी द्वारा निर्मित किया गया है। चलिए अब देख लेते है कि तमिलनाडु के फेमस हिल स्टेशन कोडईकनाल में देखने लायक पर्यटन स्थल कौन से है।

# Motorola ने भारत में लॉन्च किया Edge 40



नई दिल्ली : बड़ी स्मार्टफोन कंपनियों में शामिल Motorola ने मंगलवार को भारत में Motorola Edge 40 को लॉन्च किया। इस स्मार्टफोन को यूरोप, मिडल ईस्ट, लैटिन अमेरिका और एशिया पैसेफिक के कुछ देशों में पहले ही पेश किया जा चुका है। पिछले महीने कंपनी ने कुछ यूरोपियन मार्केट्स में Motorola Edge 40 Pro को भी लॉन्च किया था। भारत में Motorola Edge 40 का केवल बेस वेरिएंट ही लाया गया है। यह स्मार्टफोन Motorola Edge 30 की जगह लेगा। इसे 8 GB RAM और 256 GB स्टोरेज के साथ लॉन्च किया गया है। इसका प्राइस 29,999 रुपये है और यह Flipkart के जरिए बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। इसके लिए प्री-ऑर्डर 23 मई से शुरू हो गए हैं। इसकी बिक्री 30 मई से होगी। इसे खरीदने पर 2,000 रुपये तक का एक्सचेंज ऑफर भी लिया जा सकता है। इसके अलावा नो-कॉस्ट एटक का विकल्प भी है। इसे Eclipse Black, Lunar Blue A:SX Nebula Green कलर्स में उपलब्ध कराया गया है।

**Motorola Edge 40 के स्पेसिफिकेशंस**

इस स्मार्टफोन में MediaTek Dimensity 8020 SoC दिया गया है। इसका मेटल फ्रेम और वीगन लेदर में बैक पैनल है। इसे देश में IP68 रेटिंग मिली है। मोटोरोला का दावा है कि यह IP68 रेटिंग वाला सबसे स्लिम 5G स्मार्टफोन है। इसमें 6.55 इंच स्त्रडछएऊ डिस्प्ले है। इसकी स्क्रीन पर फ्रंट कैमरा के लिए होल-पंच कटआउट है। इसका डिस्प्ले फुल HD+ 2,400 x 1,080 पिक्सल के रिजॉल्यूशन, 360 Hz टच सैंपलिंग रेट और 1,200 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट



"... धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सिख धर्म के पांचवे गुरु, गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस पर उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ...।"

**मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री



"अमित जी और मेरे बीच काम करने का काफी लंबा रिश्ता रहा है। मुझे लगता है कि हमारी एक अच्छी ऑनस्क्रीन जोड़ी बनाने का एक कारण हमारा एक जैसा स्टाइल भी है। हम दोनों ही वक्त के बहुत पाबंद हैं और इस बात से फिल्म इंडस्ट्री में हर कोई एग्री होगा।"

**जीनत अमान**
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## लापरवाही के कारण हो रही मौतें

देश मे सड़क दुर्घटनाओं में मौत का सिलसिला लगातार बढ़ता है ।हररोज तेज रफ्तार गाड़ियों से अनेक जिंदगियां छीन रही है ।किसी को कोई मतलब नही है ।तेज रफ्तार वाहनों को कंट्रोल नही किया जा सकता है ।नेशनल हाइवे पर सपाट चलते वाहनों के अनियंत्रित होने के बाद घटनाए बढ़ती रहती है ।दररोज हर राज्य में दुर्घटनाओ में होने वाली मौतों से अखबार के पन्ने भरे रहते है ।आरटीओ के नियमो का उल्लंघन कर तेज रफ्तार वाहनों से परिवार उजड़ जाता है ।यह सिलसिला आज भी इस युग मे तेजी से आगे बढ़ रहा है ।नियमो का उल्लंघन कर लिमिट से ज्यादा तेज रफ्तार वाहन जब कंट्रोल नही होते है तब कयामत आ जाती है ।घर मे मौत पर रोने वाला कोई नही होता है ।इसके बाद एक चौकान्ने वाली घटना सामने आई है कि वाहनों में 35 से 40 पीसीआर हवा की आवश्यकता होती है ।वही ऑटोगेरेज वाले 65 पीसीआर हवा भरने की घटना प्रत्यक्ष हुई है ।जिसके कारण लिमिट से ज्यादा हवा के दबाव में हवा में बाते करने वाले वाहन कभी कंट्रोल नही होते है ।इसलिए टायरों में हवा 35 से 40 तक ही होनी चाहिए ।कारण की ज्यादा हवा वाली गाड़िया ब्रेक लगाने पर रोका नही जा सकता है ।वैसे तो खड़े ट्रक को टक्कर मारना और खड़ी कारो के9 उड़ाने की घटना सामान्य बात है ।हम इस बात से अनभिज्ञ है कि तेज रफ्तार गाड़ी चलाने से चालक को क्या मजा आता है ।शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों को सब्र से काम लेना चाहिए ।सड़को के डामरीकरण और पंचायत द्वारा निर्माण सीसी रोड के बाद वाहन धारकों की शिकायत नही रहती है ।फिर भी सड़कों के मरम्मत और सड़कों के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग कर सड़क बनाई जाती है उसकी अल्पायु के कारण सड़को पर वाहन टिक नही पाते है ।द्विचक्री वाहन और फोर व्हील गाड़ियों के बीच अधिक दुर्घटना होती है ।हाइवे पर तेज गति वाहन नही चलाया जाए ।परिवार के लिए भी जीना सीखे।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### विभावि पीजी भू-गर्भ विज्ञान में कैंपस सलेक्शन 26 मई को

**हजारीबाग** : हजारीबाग विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में पीजी भू-गर्भ विज्ञान में कैंपस सलेक्शन 26 मई की पूर्वाह्न 11 बजे से होगा। ओम जियो कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। यह एक्सप्लोरेशन की कंपनी है, जो चूना पत्थर, कोयला और लोहा के एक्सप्लोरेशन के लिए मेघालय में 4 I5 करोड़ के वर्क ऑर्डर पर काम कर रही है।

## सिटी अपडेट्स >>

### जनप्रतिनिधियों ने बड़कागांव में कोल्ड स्टोर निर्माण हेतु उपायुक्त को दिया आवेदन

**बड़कगांव** :बड़कागांव प्रखंड में किसानों के द्वारा उपजाए जा रहे फसलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रखंड में कोल्ड स्टोर निर्माण हेतु बड़कागांव उप प्रमुख बचनदेव कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, सांड पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कु प्रसाद एवं कांडतरी पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को लिखित आवेदन दिया और कहा कि बड़कागांव एक कृषि प्रधान क्षेत्र है जहां सालों भर भिन्न भिन्न प्रकार के फसल उपजाए जाते हैं, लेकिन बाजार में सब्जियों का उचित कीमत ना होने के कारण किसान काफी मायूस हो जाते हैं, कीमत में गिरावट के कारण बहुत सारे किसान अपने फसलों को खेतों में ही छोड़ देते हैं जिससे किसानों की फसल ना चाहते हुए भी बर्बाद हो जाता है। इस वर्ष फूलगोभी की कीमत में भारी गिरावट के कारण किसानों का बहुत नुकसान हुआ। कोल्ड स्टोर न होने के कारण किसानों द्वारा उपजाए गए आलू, प्याज जैसे अन्य फसल घरों में ही रखा जाता है जो कुछ दिनों के बाद सड़ने लगता है। आगे कहा कि कोल्ड स्टोर का निर्माण होने से किसान अपने फसलों को लंबे समय तक कोल्ड स्टोर में सुरक्षित रख पाएंगे और जब फसलों का बाजार में उचित कीमत होगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### इचाक प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्य का बैठक संपन्न

**इचाक** :इचाक प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्य का एक दिवसीय बैठक संपन्न। ग्राम पंचायत गोबर बंदा में एक जून तक आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को पंचायत भवन शिफ्ट करने का आदेश। चोरी हुए रजिस्टर टू को जल्द से जल्द थाना से मुक्त करवा के प्रखण्ड लाने का अपिल। रजिस्टर टू मामले में थाना ने कहा मामला न्यायालय में है आदेश मिलने पर हम रजिस्टर टू दे देंगे। सी ओ को प्रखण्ड में सैकडो मोटेशन वा रसीद लंबित है। इसे जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश । मनरेगा कार्य मशीन के द्वारा कोई भी काम नहीं करवाने का आदेश।अगर मनरेगा का काम मशीन द्वारा किया जाएगा तो सारे पदाधिकारी सहित लाभुक पर होगी केस। उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने कहा की सिझुवा गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र मे एएनएम या सफाई कर्मी भी नही है। नियुक्त करने के लिए जिला से राज्य को भी पत्र भेजा गया है। मिशन स्कूल में शेड की मांग की गई। बिरहोर टोला भूसवा में पेयजल, शौचालय और पाठशाला की मांग की गई।प्रधानमंत्री आवास योजना में पेंडिंग पड़े हर एक पंचायत के लाभुकों को आवास बनाने पर जोर । बरका खुर्द में बार-बार तार जल जाता है इसीलिए ट्रांसफॉर्मर 100 केबी के ट्रांसफर्मा लगाने का मांग । जल नल योजना की सूची पंचायतवर मांगी गई। कई स्थान पर पुराना चापाकल का मरमत्ती का मांग किया गया । पंचायत समिति सदस्य को मिला कई प्रभार, स्वास्थ्य विभाग में नामित हुई प्रियंका कुमारी ,रेणु देवी, महेंद्र पांडे ,संतोष कुमार मेहता, केदार प्रसाद मेहता, रिंकी देवी, अध्यक्ष उप प्रमुख, सचिव बीडीओ, महिला शिशु एवं सामाजिक कल्याण मे नामित हुई, रिंकी देवी, लज्जावती देवी, बीना देवी, उर्मिला देवी ,रानी देवी, प्रदीप मेहता ,अध्यक्ष उप प्रमुख ,सचिव बीडीओ।

**खुलासा** 06 मई को आने-जाने की रास्ते की रेकी की जा रही थी : चन्दन साव

# ऋत्विक कंपनी अधिकारी को हत्या करने की साजिश, पतरातू में ही बनाई गई थी योजना

- दो अपराधी मंगल मिश्रा मो0 जाहिर अंसारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- 15 मई को 6 अपराधी को पुलिस गिरफ्तार कर भेज चुकी है जेल
- फरार अपराधियों को जल्दी किया जाएगा गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक : मनोज रतन चौथे



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर बड़कागांव थाना क्षेत्र बरवाडीह हेडगड्डा में चट्टीबरियातू कोल माइन्स में कार्यरत ऋत्विक कम्पनी के प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर शरत बाबू की बीते 9 मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तथा उनके अंगरक्षक राजेन्द्र प्रसाद महतो गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इस संदर्भ में बड़कागांव थाना काण्ड सं0-156/2023, 09 मई.2023 दर्ज कर इस काण्ड का यथाशीघ्र उदभेदन एवं गिरफ्तारी बड़कागांव अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया है। उपरोक्त टीम के द्वारा गहराई से अनुसंधान करते हुए पूर्व में इस काण्ड के पीछे की साजिश तथा साजिशकताओं के संदर्भ में पता लगा लिया गया था, इस संदर्भ में आप सभी को पूर्व में सूचित किया जा चूका है। उपरोक्त टीम के द्वारा अग्रतर अनुसंधान करते हुए इस काण्ड में शामिल शूटर्स तथा रेकी करने वाले लोगों की पहचान भी स्थापित कर ली गई है। तथा काण्ड का पूर्ण उदभेदन भी कर लिया गया है।

इस हत्याकाण्ड की साजिश अमन साहू एवं कथित मंयक सिंह के निर्देशन पर उसके गैंग के अत्यन्त सक्रिय सदस्य चन्दन साहू पिता- लोकनाथ साहू, साकिन साकूल, थाना- पतरातू जिला रामगढ़ के द्वारा अपने अन्य साथियों यथा जयमंगल मिश्रा, पिता स्व० उदयनाथ मिश्रा, मो0 जाहिर अंसारी उर्फ टैक्सी, पिता-इसराईल अंसारी, अमन साव, पिता बासूदेव साह, फिरोज अंसारी उर्फ छोटका, पिता-सफिक अंसारी, वारिस असारी उर्फ मूसा सभी साकिन साकूल, थाना- पतरातू जिला रामगढ़ के साथ मिलकर रची गई इस टीम के सदस्यों द्वारा अप्रैल माह 2023 में कई बार तथा 04 एवं 06 मई को भी घटनास्थल तथा ऋत्विक कम्पनी के कार्यालय तथा उनके पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आने-जाने की रास्ते की रेकी की जा रही थी। घटना करने हेतु चन्दन साव द्वारा अपने साथियों के मदद से दो चोरी की मोटरसाइकिल का प्रबंधन करने का प्रयास किया गया, परन्तु सफल नहीं होने पर जाहिर अंसारी उर्फ टैक्सी को अपनी मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करने हेतु मना लिया गया था। इसके बाद चन्दन साहू पिता- लोकनाथ साहू, साकिन साकूल, थाना- पतरातू जिला रामगढ़ के द्वारा अपने अन्य साथियों यथा जयमंगल मिश्रा, पिता स्व० उदयनाथ मिश्रा, मो0 जाहिर असारी उर्फ टैक्सी, पिता इसराईल अंसारी, अमन साव, पिता- वासूदेव साह, फिरोज अंसारी उर्फ छोटका, पिता-सफिक अंसारी, वारिस असारी उर्फ मूसा, सभी साकिन साकूल, थाना-पतरातू जिला रामगढ़ सीधे पकरी बरवाडीह थाना बड़कागांव स्थित घटनास्थल के लिए 02 मोटरसाइकिल से प्रस्थान कर गये ये लोग करीब 10.30 बजे बड़कागांव घटनास्थल पर पहुँचकर मोटरसाइकिल को एक तरफ किनारे खड़ा करके पैदल ही रैंकिंग करते हुए शरद कुमार को स्कारपियों के आने का इन्तजार करने लगे। इसी बीच चन्दन साहू, पिता लोकनाथ साहू, साकिन साकूल, थाना- पतरातू जिला रामगढ़ के द्वारा अपने अन्य साथी जयमंगल मिश्रा, पिता स्व० उदयनाथ मिश्रा भी आस-पास के क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर घटना की निगरानी करने लगे तथा शूटर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश देने लगे। लगभग 12 बजे दिन में इन शूटर्स को चन्दन साहू एवं जयमंगल मिश्रा के द्वारा इन शूटर्स को सूचना दी गई कि शरत बाबू की गाड़ी घटनास्थल के पास पहुँचने वाली है। ये सूचना मिलते ही वारिस उर्फ मूसा एवं फिरोज उर्फ छोटका हथियार के साथ घटनास्थल पर खड़े होकर गाड़ी का इंतजार करने लगे तथा अमन साव एवं जहिर उर्फ टैक्सी दोनों मोटरसाइकिल को स्टार्ट करके घटना के उपरान्त भागने की नियत से इन्तजार करने लगे। जैसे ही शरत बाबू की गाड़ी घटनास्थल पर पहुँची, फिरोज उर्फ छोटका तथा वारिस उर्फ मूसा के द्वारा शरत बाबू को ताबड़-तोड़ गोली फायर किया जाने लगा। इसके उपरान्त शरत बाबू के ड्राईबर द्वारा गाडी को तेजी से भगाकर गाड़ी को एनटीपीसी कार्यालय, बड़कागांव पहुँचाया गया। फायरिंग के तुरन्त बाद चारों शूटर्स मोटरसाईकिल में बैठकर हजारीबाग होते हुए रामगढ़ की तरफ भाग गये। उल्लेखनीय है कि इन शूटर्स के द्वारा पूर्व में भी कई अपराधिक घटनाओं का अंजाम दिया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त:**

मो0 जहीर अंसारी उर्फ टैक्सी, पिता मो0 इजराइल अंसारी जयमंगल मिश्रा, पिता- उदयनाथ मिश्रा दोनो साकिन साकूल, थाना पतरातू जिला रामगढ़ पुलिस के द्वारा बरामद काला रंग का स्प्लेंडर दो स्मार्टफोन भी बरामद किया गया है।

प्रशिक्षुओं के बीच स्वच्छता पर पोस्टर और श्लोगन प्रतियोगिता

## गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज में जनजागरुकता अभियान का दूसरा दिन

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में मंगलवार को जनजागरुकता अभियान के तहत प्रशिक्षुओं के बीच स्वच्छता पर पोस्टर और श्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। इसमें आरती कुमारी, हुमा, मुकेश कुमार मंडल, रोशनी कुमारी और मोनू कुमार ने पहला स्थान पाया। वहीं दूसरे स्थान पर सूरज कुमार, सोनल कुमारी, तनु प्रिया और अर्जुन कुमार रहे। प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर माया कुमारी, अलका सोरेंग, नीलावती, प्रशांत और सागर हेम्ब्रम चुने गए। विजता प्रतिभागियों के बीच सर्टिफिकेट बांटे गए। मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने बताया कि कॉलेज में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। साप्ताहिक जन सामुदायिक कार्यक्रम के अंतर्गत जारी इस अभियान के दूसरे दिन प्रशिक्षुओं में क्रियात्मक क्षमता के विकास के लिए यह प्रतियोगिता कराई गई। अभियान 27 मई तक चलेगा। मौके पर सभी व्याख्याता मौजूद थे।

समर कैंप से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है : हर्ष अजमेरा

## मुस्कान योगा डांस एकेडमी द्वारा आयोजित छह दिवसीय समर कैंप का हर्ष अजमेरा ने किया उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** जारीबाग गर्मियों की छुट्टियां शुरू होते ही कई स्कूल एवं कई संस्थाओं के द्वारा बच्चों को व्यस्त रखने के साथ उनकी रचनात्मकता बढ़ाने के लिए समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में मुस्कान योगा डांस एकेडमी के द्वारा रेलवे स्टेशन के समीप तिलक बाग के परिसर में छह दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैंप का विधिवत उद्घाटन मंगलवार को शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, तिलक बाग के संचालक अंजनी कुमार एवं मुस्कान योगा डांस एकेडमी की आयोजक मुस्कान राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं राष्ट्रीय गान के साथ छह दिवसीय समर कैंप का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह समर कैंप सुबह 6 बजे से 9.30 बजे तक चल रहा है। स समर कैंप में महिलाएं, लड़की वही 3 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चे को प्रवेश दिया गया है। कैंप की रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रखी गई थी। समर कैंप में जंबो डांस, पूल पार्टी स्विमिंग, योगा, आर्ट क्राफ्ट,स्टोरी टेलिंग,फनरिक्रिएशनल गेम्स,पेंटिंग ड्राइंग, कबड्डी सहित कई एक्टिविटी को शामिल किया गया है। कैंप में उत्कृष्ट होने वाले लोगों को प्रथम पुरस्कार 2100 रु , द्वितीय पुरस्कार 1100 रु, तृतीय पुरस्कार 500 रु, चतुर्थ पुरस्कार 300 रु से सम्मानित किया जाएगा।मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि जीवन में नैतिकता का गुण सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में आज से समर कैंप हुआ प्रारंभ



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में समर कैंप आज से प्रारंभ हो गया। गौरतलब है कि इस समर कैंप में विद्यालय के भैया -बहन विभिन्न प्रकार के खेलो ताइक्वांडो ,खो-खो एवं कबड्डी खेल पूरे समूह भावना के साथ खेलेंगे। समर कैंप में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। यह समर कैंप 8 दिनों तक चलने वाला है। विद्यालय के भैया -बहन समर कैंप के लगने से काफी उत्साहित हैं। गौरतलब है कि समर कैंप के लगने से विद्यालय के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह ,उपाध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार मिश्रा, सचिव संजय उपाध्याय, कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं समाजसेवी सह व्यवसायी सतीश चंद्रा ने भैया बहनों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। ज्ञात हो कि संस्कार केंद्र के भैया -बहन भी इस समर कैंप में शामिल होंगे। 8 दिनों तक चलने वाले इस समर कैंप में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक की उपस्थिति में भैया- बहन प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। विद्यालय में समर कैंप के आयोजन होने से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है।

## कोर्रा स्थित जबरा शिव मंदिर प्रांगण में अयोजित होने वाले यज्ञ को लेकर

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के कोर्रा स्थित जबरा शिव मंदिर प्रांगण में आगामी 10 जून से 14 जून 2023 तक अयोजित होने वाले शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर मगंलवार की शाम में यज्ञ समिति के आग्रह पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने यज्ञ मंडप परिसर का निरीक्षण किया और मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया। यहां पहुंचने पर विधायक मनीष जायसवाल का स्थानीय लोगों ने भगवा- वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। जग समिति ने विधायक मनीष जायसवाल से मंदिर जीर्णोद्धार कार्य में ग्रेनाइट, टाइल्स और ग्रिल लगवाने का सहयोग मांगा। विधायक मनीष जायसवाल ने यज्ञ समिति को आश्वस्त करते हुए कहा कि यथासंभव सहयोग अवश्य करूंगा। मौके पर भाजपा नेता सुरेश प्रसाद, चौधरी प्रसाद, केदार प्रसाद, अनूप प्रसाद, बरूण प्रसाद, गोपाल प्रसाद, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

**आयोजन** सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निष्पादन करने का दिया निर्देश

# उपायुक्त ने जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए

- आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में
- एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में
- भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## न्यूज फटाफट

### टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से डिगवाडीह स्टेडियम में शुरू हुआ बच्चों के लिए समर कैंप

**धनबाद:** टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) झरिया डिवीजन की ओर से टाटा फीडर सेंटर, डिगवाडीह स्टेडियम में आज स्कूली बच्चों के लिए दस दिवसीय समर कैंप का आगाज किआ गया। कैंप का उद्घाटन चीफ जामाडोबा ग्रुप नरेंद्र कुमार गुप्ता ने किआ। कैम्प में अगले दस दिनों तक बच्चों को फुटबॉल, आर्चरी और एथलीट के गुर अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सिखाए जाएंगे। कैम्प में झरिया क्षेत्र के 30 स्कूलों के कुल 500 बच्चे शिविर में भाग ले रहे है। उद्घाटन सत्र में कंपनी के हेड एडमिनिस्ट्रेशन कर्नल भवानी सिंह निर्वाण, हेड सेफ्टी बरुण बनर्जी, सीनियर मैनेजर सिक्योरिटी सुजीत झा, सिजुआ ग्रुप के सीनियर मैनेजर (एचआरबीपी) पीयूष कुमार, अस्सिटेंट मैनेजर (एचआरबीपी) कुमारी श्वेता के साथ राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सच्ची संतोष महतो उपस्थित थे। कैम्प का परिचालन लाइवलीहुड मैनेजर संजय कुमार व स्पोट्र्स इंचार्ज मदन मोहन सिंहा की देखरेख में प्रशिक्षक जयराम कुमार, लखन प्रसाद व मोहम्मद समसाद कर रहे है।

### स्वर्णरेखा एक्सप्रेस का पाथरडीह स्टेशन में ठहराव का मंजूरी मिली, लोगों में हर्ष

**धनबाद:** कोयलांचल के लोगों की मांग को देखते हुए रेल मंत्रालय ने ट्रेन संख्या 13301/13302 धनबाद-टाटा स्वर्णरेखा एक्सप्रेस का पाथरडीह स्टेशन में ठहराव की मंजूरी दे दी है। यह ठहराव दिनांक 25.05.2023 से लागू होगी जिसमें ट्रेन नंबर 13301 पाथरडीह स्टेशन पर 06:25 बजे पहुंचेगी और 06:35 बजे टाटा नगर के लिए रवाना होगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 13302 पाथरडीह स्टेशन पर 20:30 बजे पहुंचेगी और 20:40 बजे धनबाद के लिए प्रस्थान करेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से पाथरडीह में इस ट्रेन का ठहराव बंद कर दिया गया था जिससे लोगों में नाराजगी थी। अब पूण ट्रेन का ठहराव शुरू किए जाने से लोगों में भारी खुशी है।

### सदर विधायक मनीष जायसवाल के माता- पिता ने परिवार के साथ मनाया 60 वां शादी सालगिरह



**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के पिता सह हजारीबाग के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और उनकी माता विद्या जायसवाल ने अपने शादी की 60 वीं सालगिरह परिवारजनों संग मनाई। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने कहा की 60 वीं शादी की सालगिरह रिश्ते की मजबूत नींव को बताती है। इतने लंबे समय तक प्यार, उन्होंने बताया की विश्वास और सम्मान के बिना कोई भी रिश्ता नहीं टिक सकता। विद्या जायसवाल ने कहा की पति- पत्नी का रिश्ता एक धागे की तरह होता है, जो प्यार, विश्वास और सम्मान के बिना इतने लंबे समय तक अटूट नहीं रह सकता अन्यथा वर्तमान नवीन पीढ़ी के इस दौर में अत्यधिक तनाव के कारण यह पवित्र रिश्ते भी कहीं- कहीं टूट जाते हैं। इसलिए शादी के रिश्ते में जोड़े को एक- दूसरे को आजादी जरूर देनी चाहिए। एक- दूसरे पर भरोसा बनाए रखें और दोनों के बीच आपसी भावनाओं का सम्मान करना भी बेहद जरूरी है। सादगी साफगोई प्यार समर्पण और सुंदर तालमेल से परिपूर्ण ब्रजकिशोर जायसवाल और विद्या जयसवाल की जोड़ी के 60 वें शादी सालगिरह पर उनके चाहने वालों ने मिलकर, फोन के माध्यम से और सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### पीरटांड़ प्रखंड भाजपा कार्यकारिणी समिति की कामकाजी बैठक आयोजित



**पीरटांड़ :** जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन स्थित सरकारी गेस्ट हाउस में मंगलवार को पीरटांड़ प्रखंड भारतीय जनता पार्टी कार्यकारिणी समिति की एक कामकाजी बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन महामंत्री संतोष कुमार राणा ने किया। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सामूहिक वंदे मातरम् गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में पहला सत्र परिचय सत्र चला जहां लोगों ने बारी बारी से अपना परिचय दिया। बाद में मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। जबकि प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश कराया। बैठक में केन्द्र एवं राज्य भाजपा द्वारा तय कार्यक्रमों पर विस्तार पुर्वक चर्चा कि गई। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी मिशन मुड में है। जिसके लिए म ई, जून एवं जुलाई महीने का कार्यकर्ताओं को टास दिया गया है। जिसके लिए 30,31 म ई को राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लौंच रैली का आयोजन जहां मोबाइल फोन के द्वारा अधिक से अधिक लोगों को रैली से जोड़ा जाएगा। 1 से 22 जून तक गांव गांव में सम्पर्क से समर्थन अभियान चलाया जाएगा । 5,6 एवं 19,20 जून को विधान सभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन। वहीं 10 एवं 11 जून को लोकसभा स्तरीय विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। जबकि 12,13 एवं 14 जून को विधान सभा स्तरीय संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी मोर्चा जैसे युवा मोर्चा, महिला मोर्चा आदि सम्मिलित हैं। 16 एवं 17 जून को लोकसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया गया है। वहीं 20 से 30 जून घर घर सम्पर्क अभियान कर प्रधानमंत्री जी के 9 सालों की उपलब्धि लोगों को बताना है। बैठक में कई अन्य विषयों पर भी गहन चर्चा कि गई। गिरिडीह जिला के लिए इन कार्यक्रमों में केन्द्र की और से राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री बसुंधरा राजे सिंधिया एवं मध्य प्रदेश के गृहमंत्री भाग लेंगे। आज के बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे प्रदेश कार्य समिति सदस्य चुन्नूकांत, सुरेश साव, दिनेश यादव ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनय सिंह, मिशन मोदी अगेन पीएम के जिला अध्यक्ष शरत भक्त, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्याम प्रसाद, सिकंदर हेंब्रम, अरविंद वर्णवाल सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने सूबे के मुख्यमंत्री से हजारीबागवासियों की ओर से लगाया गुहार

**हजारीबाग** : हजारीबाग संपूर्ण झारखंड सहित हजारीबाग में बिजली की चौपट व्यवस्था को लेकर हजारीबाग बीजेपी विधायक मनीष जायसवाल ने सुबह के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हजारीबाग वासियों की ओर से गुहार लगाई और कहा कि बिजली दो झारखंड सरकार, जनता प्रचंड गर्मी में बिन बिजली त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों की संख्या में त्राहिमाम सन्देश आये हैं, पिछले वर्ष भी गर्मी के मौसम में यही स्थिति थी इस बार पुनः यही हाल है। उन्होंने कहा कि हमें सिर्फ और सिर्फ मतलब है।

प्रदेश >> अपडेट

### ताड़ के पेड़ से गिरकर एक युवक की मौत

**जामा :** ताड़ के पेड़ से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। घटना जिले के जामा थाना क्षेत्र के बिचकोड़ा गांव में घटी। मृतक युवक 25 वर्षीय श्रीजल सोरेन है। जानकारी के अनुसार श्रीजल ताड़ का फल काटने पेड़ पर चढ़ा था। नशे की हालत में होने के कारण वह पेड़ पर संतुलन नहीं बना सका और पेड़ से गिर गया। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एसआई रविशंकर सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में थाना प्रभारी जितेंद्र साहू ने बताया कि मृतक की पत्नी सजंती मरांडी के बयान पर पुलिस यूडी केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। यहां बता दें कि एक सप्ताह के अंदर ताड़ के पेड़ से गिरने से ये दूसरी मौत है। चार दिन पूर्व थाना क्षेत्र निश्चितपुर में भी ताड़ के पेड़ से गिरने से एक युवक की मौत हो गई थी।

छापेमारी

स्थानीय लोगों के हमले से माहौल बिगड़ा

# अवैध शराब के ठिकाने पर छापा मारने पहुंची थी पुलिस

- भीड़ का तेवर देख पीछे हटा छापामार दल
- पत्थरबाजी के बाद पुलिस ने फायरिंग की
- कारोबार के सिलसिले में दो लोग गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**पटना:** बिहार के बेगूसराय में आबकारी विभाग के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर शराब की बिक्री के सिलसिले में छापेमारी करने पहुंचे स्थानीय लोगों ने उन पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने बांस के डंडों से हमला कर और उन पर पत्थर फेंककर अधिकारियों को खदेड़ दिया। पुलिस और अधिकारियों द्वारा सूखे राज्य में अवैध रूप से शराब की आपूर्ति करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद हमले हुए। खुद को बचाने के लिए पुलिसकर्मियों को हवा में फायरिंग करनी पड़ी। सूचना मिलने पर भगवानपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक खोखा और एक कारतूस भी बरामद किया है।

जानकारी के मुताबिक, आबकारी विभाग की एक टीम एक तारीखाने पर छापा मारने पहुंची थी। इस दौरान पुलिस ने भगवानपुर गांव निवासी गोविंद कुमार चौधरी व अनिरुद्ध कुमार को पकड़ लिया। जब दोनों को पकड़ा गया, तो स्थानीय लोगों ने पुलिस का विरोध करना शुरू कर दिया, पथराव किया और उन पर हमला किया। हालात बिगड़ते देख पुलिस अधिकारी ने हवा में फायरिंग कर दी। फायरिंग के तुरंत बाद उस स्थान पर भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। लोग वहां से भागने लगे। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार पुलिस ने आबकारी विभाग की टीम के साथ मौके से भागने की कोशिश की तो आत्मरक्षा में आठ राउंड फायरिंग की। घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर थाने के एएसआई विनीत कुमार झा पहुंचे और घटनास्थल की जांच की तो एक जिंदा कारतूस व दो खोखा बरामद हुआ। भगवानपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार के अनुसार जब आबकारी विभाग की टीम छापेमारी करने गयी तो स्थानीय लोगों ने पुलिस का विरोध किया और उन पर हमला कर दिया जिससे पुलिस को आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी।

## न्यूज फटाफट

### धनंजय त्रिपाठी एक बार फिर निगम दफ्तर पहुंचे



**पलामू :** नगर निगम के समस्याओं को लेकर निगम के हरेक वार्डो के भ्रमण के दौरान संकलित समस्याओं को लेकर आज फिर मेयर प्रत्याशी व पूर्व प्रबंधक नई दिल्ली नगरपरिषद धनंजय त्रिपाठी ने नगर आयुक्त को अपने 7 मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। श्री त्रिपाठी ने 5 वर्षो के निगम के कार्यशैली पे आवाज उठाते हुए कहा कि नगर निगम मेदिनीनगर को गठन हुए पांच वर्ष हो गए परन्तु मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं। अपने 7 मांगों में श्री त्रिपाठी ने बताया कि निगम के 35 वार्ड में पानी की घोर समस्या हैं जिसका निदान आवश्यक हैं वर्तमान में 15 टैंकर पानी प्रति वार्ड उपलब्ध कराया जाए। अपनी दूसरी मांग में कहा कि सभी वार्ड में गली से लेकर रोड तक कूड़ा फैला हुआ है, जल्द से जल्द प्रतिदिन कूड़ा उठाने का प्रबंध किया जाए व सफाई कर्मी उपलब्ध कराई जाए। तीसरी मांग में निगम के नए क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार को दरकिनार करते हुए पानी,लाइट व रोड का उचित बेवस्था किया जाए। चौथे मांग में बताया कि जब तक पूरे निगम में मूलभूत सुविधा न मिले टैक्स लेना बंद किया जाए। पांचवे में श्री त्रिपाठी ने कहा कि शहर में हो रहे अवैध व गलत ठेकेदारी प्रथा पे रोक लगाई जाए।

### पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**जामा :** जामा प्रखंड अंतर्गत भैरवपुर पंचायत सोमवार को बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने क्षेत्र भ्रमण कर प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ लाभुकों की समस्याओं से रूबरू हुए और उनके समाधन के बारे में आवश्यक सुझाव दिया। बीडीओ ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में तेजी लाने के लिए संबंधित मुखिया, पंचायत स्वंयसेवक एवं तकनिकी पदाधिकारियों के साथ उपरोक्त पंचायत के योजना स्थल का निरीक्षण कर लाभुकों से बातचीत कर समस्या का समाधन करते हुए निमार्णाधीन आवास योजना को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। पंचायत सचिव एवं स्वंयसेवक को निर्देश दिया गया है। जो लाभुक राशि उठाकर कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें समझा बुझाकर जल्द आवास पूरा कराने, अन्यथा उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दिया। इस दौरान बीडीओ ने लाभुकों की समस्या भी सुनी और उसने समाधान का सलाह भी दी। बीडीओ ने योजना के लाभुकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर बीपीओ पवन कुमार सिंह, कनीय अभियंता विष्णु राज, रोजगार सेवक स्टेनशीला के अलावा संबंधित मुखिया एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### मारपीट व अनुसूचित जाति गाली-गलौज के मामले में पूर्व राजद विधायक हुए बरी

**दुमका :** वर्ष 2016 के विधानसभा उपचुनाव के दौरान मतदान केन्द्र पर मारपीट एवं अनुसूचित जाति गाली-गलौज करने के आरोप में न्यायालय ने राजद के पूर्व विधायक को बरी का आदेश सुनाया। बरी का आदेश डीजे थ्री लक्ष्मण प्रसाद के न्यायालय ने सोमवार को सुनाया। मामले में गोड्डा जिला के बसंतराय थाना कांड संख्या 26/2016 के तहत मारपीट एवं अनुसूचित जाति के कार्यकर्त्ता को गाली-गलौज करने का मामला दर्ज हुआ था। मामले में परिवादी पक्ष के द्वारा पूर्व विधायक गोड्डा संजय प्रसाद यादव पर लगाए गए सभी आरोप साबित करने में असफल साबित रहा। न्यायालय ने संजय प्रसाद यादव को उनके विरुद्ध लगाए गए सभी आरोपो से मुक्त करते हुए केस से बरी करने का आदेश सुनाया।

### अडाणी पावर प्लांट के विरोध मामले में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव की न्यायालय में हुई पेशी

**दुमका :** अडाणी पावर प्लांट के विरोध के मामले में दर्ज प्राथमिकी में कांग्रेस के पौड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव की कोर्ट में सोमवार को पेशी हुई। विधायक की पेशी डीजे थ्री लक्ष्मण प्रसाद के न्यायालय में हुई। मामला वर्ष 2017 में दर्ज हुई थी। जानकारी के अनुसार अडाणी के लिए हुई पर्यावरणीय जनसुनवाई के दौरान पुलिस पार्टी पर पथराव, जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने व आपराधिक षड़यंत्र रचने के मामले में पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव समेत दस लोगों पर कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया गया है। विधायक प्रदीप यादव पर लोगों को उकसाने व अपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप था। कांड के अनुसंधानकर्ता ने न्यायालय में वारंट के लिए अर्जी दी थी। इसके बाद न्यायालय ने वारंट जारी किया है। मामले में विधायक ने हाई कोर्ट में अर्जी दाखिल किया था। मामले में हाई कोर्ट ने 6 माह के लिए अग्रतर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था। जिसमें हाई कोर्ट से दी गई अवधी समाप्त होने पर विधायक ने डीजे थ्री, दुमका के न्यायालय में उपस्थिति दर्ज कराया। जहां न्यायालय से हाई कोर्ट जाने की अवधि मांगा। मामले में गोड्डा के मोतिया में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जयप्रकाश सिंह ने 12 नामजद व 100-150 अज्ञात पर मामला दर्ज कराया था। जनसुनवाई पूरी होने के बाद घटना हुई थी। पथराव में डीएसपी मुख्यालय बबन सिंह समेत चार पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागे थे। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए धर्मेंद्र कुमार राय व कैलाश मंडल को गिरफ्तार कर लिया था। बाकी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

### ईट भट्ठा मालिकों से रंगदारी मांगने वाला जेकेएम का अपराधी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के पतरा में अमानत नदी के किनारे स्थित ईंट भट्ठे के व्यवसायी से रंगदारी मांगने के आरोप में झारखंड क्रांति मोर्चा (जेकेएम) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से लेवी के रूप में वसूले गये 3000 रुपये, लेवी मांगने में इस्तेमाल मोबाइल फोन और झारखंड क्रांति मोर्चा का पर्चा बरामद किया गया है।लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक टूटी ने सोमवार को बताया कि 13 मई को चार की संख्या में अपराधियों ने तरहसी थाना क्षेत्र के पतरा में अमानत नदी के किनारे संतोष कुमार और इस्लाहुल हक के ईंट भट्ठों पर लेवी की मांग की थी और मौके से फरार हो गये। इस दौरान मुंशी से मालिक का मोबाइल नंबर मांगकर ले गये तभी से लगातार लेवी की मांग की जा रही थी। फिर 20 मई की रात अपराधियों की टोली उसी ईंट भट्ठे पर पहुंची और मुंशी से पर्ची देकर 11500 रुपये छीन लिये।मामले में कार्रवाई की गयी और लेवी माँगने की घटना में शामिल एक अपराधी सत्येंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उसे बनई के जंगल से गिरफ्तार किया गया। वह पांकी थाना क्षेत्र के भंवरदह का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## दुर्घटना में पिता और पुत्री घायल



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** चियांकी हेरिटेज स्कूल के पास ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दानिश राजा उम्र 28 वर्ष और उसकी बेटी सलूजा प्रवीण उम्र 8 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के बेतला निवासी दानिश रजा अपनी बेटी के साथ बाइक पर सवार होकर मेदनीनगर बजार कपड़ा खरीदने जा रहा था। इसी बीच रास्ते में सदर थाना क्षेत्र के हेरिटेज स्कूल के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें दोनों पिता और पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी दानिश राजा की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गई है।

# नॉर्वेजियन राजदूत ने दिसोम मांझी थान में विधिवत किया पूजा-अर्चना



राष्ट्रीय खबर

**दुमका:** दिसोम मांझी थान के परिसर में जिला प्रशासन के सौजन्य से मुख्य अतिथि नॉर्वेजियन राजदूत एचई मिस्टर हंस जैकोब फ्रेडलेंड का सोमवार को परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। इस मौके पर नॉर्वेजियन राजदूत के द्वारा परंपरागत संथाल रिती-रिवाज के अनुसार इष्ट देव मरांग बुरु एवं देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की गई। मौके पर मौजूद जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने भी पूजा अर्चना की। इसके बाद समिति पदाधिकारी एवं धर्म गुरुओं के द्वारा नॉर्वेजियन राजदूत का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नॉर्वेजियन राजदूत ने अपने संदेश में कहा कि संथाल आदिवासियों की संस्कृति काफी समृद्ध और वैभवशाली हैं। बचपन से ही आदिवासी समाज में जाकर उनकी संस्कृति परंपरागत रहन सहन एवं जीवन शैली को जानने का काफी इच्छा थी। आज दिसोम मांझी थान परिसर में पूजा अर्चना के उपरांत यह बचपन का सपना सार्थक और सफल हुआ। इसके लिए समिति के अधिकारी को जिला प्रशासन के पदाधिकारी को हार्दिक धन्यवाद दिया। नॉर्वेजियन राजदूत को इस पूजा स्थल में आकर आंतरिक मन से सकून और शांति महसूस हुआ। कहा कि वास्तव में आदिवासी संथाल समाज प्रकृति से जुड़ी हुई हैं। जो कई मायने में इस संसार के लिए अमूल्य कृति के रूप में विराजमान है। इस मौके पर मुख्य रूप से डीसी रविशंकर शुक्ला, एसडीओ कौशल कुमार, संचालन समिति सदस्य के धर्म गुरु बाबा संतलाल मरांडी, साहित्यकार चुण्डा सोरेन (सिपाही), रसका हांसदा, सुलेमान हांसदा, टेकलाल मरांडी, अजय कुमार हेम्ब्रम, प्रेमचंद किस्कू, चंद्रमोहन हांसदा, सीताराम मुर्मू, अजीत कुमार टुडू, सुशील कुमार टुडू, सीताराम सोरेन, केप्टेन सोरेन, बबलू टुडू आदि मौजूद थे।

## विधायक से मार्केट कॉम्प्लेक्स की बंदोबस्ती की मांग युवा संघ ने किया



राष्ट्रीय खबर

**शिकारीपाड़ा:** युवा संघ, शिकारीपाड़ा के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को विधायक नलीन सोरेन एवं जिप अध्यक्ष जोयेस बेसरा से मार्केट कॉम्पलेंक्स की बंदोवस्ती की मांगो युवा संघ ने किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अध्यक्ष दुलाल बेसरा ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने शिकारीपाड़ा मार्केट कांप्लेक्स से जुड़े 6 बिंदुओं का मांग पत्र विधायक नलिन सोरेन व जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा को सौंपा गया। मांग पत्र में नव निर्मित मार्केट कांप्लेक्स का नये सिरे से बंदोबस्ती करने, बंदोबस्ती में स्थानीय लोगो को प्राथमिकता देने, कांप्लेक्स का आवंटन अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा व अन्य वर्गों में आरक्षित के आधार पर करने, 18 हजार रुपए से अधिक की सरकारी नौकरी करने वाले परिवार के सदस्यों को कमरा आवंटित नहीं करने, एक परिवार को एक से अधिक कमरा आवंटित नहीं करने, शटर या गेट एनएस 114 की ओर नहीं रखने का मांग किया। इस अवसर पर विधायक एवं जिप अध्यक्षा द्वारा उनकी मांगो को लेकर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए निदान के प्रति आश्वस्त किया गया। मौके पर पश्चिमी क्षेत्र के जिप सदस्य प्रकाश हांसदा, संघ संयोजक चंदो बास्की, सचिव करण मुर्मू, उपाध्यक्ष बाबुल हेम्ब्रम, कोषाध्यक्ष राम सोरेन, सलाहकार समिति अग्नेश किस्कू, पोरेश बास्की, जोसेफ टुडू, बुद्धिनाथ सोरेन आदि मौजूद थे।

### विमलेश पाठक माध्यमिक शिक्षक बनने पर दी बधाई

**पलामू :** आजसू पार्टी के केंद्रीय कमेटी सदस्य हरिहरगंज निवासी विमलेश पाठक को माध्यमिक शिक्षक के पद पर चयनित होने पर उनके कई शुभ चिंतक मित्रों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी है। इसके लिए उन्होंने सभी का आभार जताया है। बता दें कि वे बीते 22 वर्षों से आजसू पार्टी संगठन में सक्रियता से जुड़े रहे। बाबजूद इसके उन्होंने अपनी कैरियर पर विशेष ध्यान रखा और इसके लिए हमेशा प्रयासरत भी रहे। इसी का प्रतिफल है कि अब उनका चयन माध्यमिक शिक्षक पद पर हो चुका है। इसे देखते हुए उन्होंने आजसू पार्टी के सभी पद और सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। ताकि पूर्ण पारदर्शिता के साथ सरकारी सेवा देते हुए अपने कर्तव्यों को बेहतर तरीके से निभा सकें।इस आशय का पत्र पार्टी सुप्रीमों पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो को प्रेषित कर उन्होंने त्याग पत्र स्वीकार करने का आग्रह किया है। शिक्षक बनने पर एनसीपी नेता अजय कुमार सिंह के अलावा ,मठाई व्यवसाई महेश कुमार उर्फ पिंटू कुमार आदि कई गणमान्य लोगों का नाम शामिल है।

## पलामू सिविल सर्जन की पुत्री अमृता का निधन

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सिविल सर्जन) डॉ अशोक कुमार की पुत्री अमृता सुरभि की मौत हो गई। उसकी उम्र 32 वर्ष के आसपास थी । अगले महीने 22 जून को उसकी शादी होने वाली थी। दोपहर में शव का अंतिम संस्कार राजा हरिश्चन्द्र घाट कोयल नदी तट पर किया गया। अंतिम संस्कार में कई चिकित्सक, चिकित्साकर्मी एवं गणमान्य लोग शामिल हुए । बताया जाता है कि सिविल सर्जन डा. अशोक की पुत्री अमृता सुरभि को सोमवार की सुबह अचानक पेट दर्द हुआ और फिर शौच होने लगा। घर पर कुछ दवा दी गई, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ तो आनन फानन में उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में ले जाया गया। यहां करीब 10 मिनट बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन तत्काल शव को जेलहाता स्थित आवास पर ले आए।11 बजे के आसपास अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा निकली और पहाड़ी स्थित राजा हरिश्चन्द्र घाट कोयल नदी तट पर ले जाया गया। अंतिम यात्रा में गढ़वा के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार सिंह, डा. अंशुमन सागर, डा. हरिओम, डा. सतीश कुमार, डा. आरके रंजन के अलावा धन्नजय त्रिपाठी, बृजेश शुक्ला, डीपीएम दीपक कुमार के साथ साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कई चिकित्सा पदाधिकारी शामिल रहे। बताते चलें कि सिविल सर्जन की पुत्री अमृता की गत पांच मई को सगाई हुई थी । एमबीबीएस की छात्रा थी। अमृता एक भाई और एक बहन होती थी और छोटी थी। भाई ऋषभ कुमार रिम्स में कार्यरत है। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। शादी की खुशियां गम में बदल गई है।

### मानव सेवा ही सही अर्थों में पूजा: रागिनी सिंह

**मेदिनीनगर :** मंगलवार को श्री सर्वेश्वरी समूह के मेदिनीनगर शाखा द्वारा बाईपास रोड स्थित ब्राइटलैंड स्कूल के समीप पनशाला खोला गया।इसकी शुरूआत शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड स्कूल की चैयरमैन रागिनी सिंह ने परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम व पूज्य गुरुपद संभव राम जी की तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित और पूजा अर्चना कर की ।मौके पर श्रीमति सिंह ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह निरंतर सेवा के लक्ष्य को लेकर काम करती है।समूह मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये कार्य करती है,क्योकि परम पूज्य गुरुदेव जी का यह संदेश है कि ईश्वर द्वारा प्राण प्रतिष्ठित मानव की सेवा ही सही अर्थों में पूजा है।इसलिए किसी भी परिस्थिति में पीड़ित मानव की उपेक्षा नही होनी चाहिए ।

## उद्योगपतियों के इशारे पर किया जा रहा नोटबंदी : शत्रुघ्न

- केंद्रीय सत्ता से उखाड़कर नोटबन्दी के महाघोटाले का पदार्फाश करें
- पुराने 500 व 1000के नोट से भ्रष्टाचार, आतंकवाद व कालाधन बढ़ रहा था

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर :** झारखड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अब 2000 के नोट लीगल टेंडर नहीं रहने सम्बन्धी निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था व मौद्रिक नीति को पटरी पर लाने में अक्षम मोदी सरकार ने अपने भ्रष्ट उद्योगपति मित्रों व संघ के काले धन वाले कारोबारियों के इशारे पर 500 व 1000 के पुराने नोट को बन्द कर 2000 के नये नोट जारी करवाकर भ्रष्टाचारियों व काले कारोबारियों की मदद की थी। अब पुनः 2000 के नोटबंदी की घोषणा से यह प्रमाणित हो गया कि मोदी सरकार आर्थिक मोर्चे पर मानसिक दिवालियापन का शिकार होकर देश का बेड़ा गर्क करने पर तुली हुई है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि देश में आतंकवाद व कालाधन पर कथित रुप से रोक लगाने के तर्क के साथ 8 नवम्बर 2016 को 500 व 1000 के पुराने नोट को बन्द करने की स्वयं घोषणा के बाद 2000 के भ्रष्टाचारियों के गुलाबी सपनों के नोट जारी करवाकर मोदी जी ने हास्यास्पद आर्थिक व मानसिक अक्षमता का परिचय दे दिया था। निश्चित रूप से आरएसएस व भाजपा को यह बताना चाहिए कि अगर पुराने 500 व 1000के नोट से भ्रष्टाचार, आतंकवाद व कालाधन बढ़ रहा था,तो 2000 के नये नोट जारी करने से कैसे घट गया। अब 2000 के नोट बन्द करने सम्बन्धी भाजपा नेताओं व प्रवक्ताओं के हास्यास्पद तर्क की कड़ी आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि देश की मौद्रिक नीति को संघ के डंडे से हांकने की प्रवृति ने नोटबन्दी -1 के बाद नोटबन्दी-2 के महाघोटाले को अंजाम दिया है। हम देश के लोगों से अपील करते हैं कि आगामी 2024 के आम चुनाव में मोदी सरकार को केंद्रीय सत्ता से उखाड़कर नोटबन्दी के महाघोटाले का पदार्फाश करें।

## शहर >> अपडेट

### 100% रहा एसएस पब्लिक स्कूल का रिजल्ट

**लोहरदगा** :सदर प्रखंड स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में सत्र 2022-23 में भी बच्चों ने इस बार भी स्कूल एवं सभी शिक्षकों को गौरवान्वित किया, विद्यालय का रिजल्ट देख कर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी तब,जब इस सत्र में भी सभी विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जहां विद्यालय की छात्रा प्रेरणा कुमारी 88.80 पर्सेंट के साथ विद्यालय की टॉपर बनी।

## सिटी अपडेट्स >>

### बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने को लेकर एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय धरना कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**पेटरवार** : पेटरवार बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने हेतु एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय धरना कार्यक्रम का आयोजन पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में मंगलवार को किया गया। बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख शारदा देवी ने की। मंच का संचालन समन्वयक संतोष कुमार महतो ने किया। इसके पूर्व स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान से एक जुलूस निकाल कर विभिन्न मार्गों से हो कर प्रखंड मुख्यालय परिसर पहुंचा। जहां पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। विशिष्ट अतिथि गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने को ले कर पूरे अनुमंडल में आंदोलन चल रहा है। कदम से कदम मिला कर इस आंदोलन में चलने के लिए तैयार हैं।बेरमो जिला बनने की सारी अर्हत्ता पूरी करता है। बेरमो को जिला बनाने के लिए आर-पार की लड़ाई के लिए कटिबद्ध हैं। विधायक ने कहा कि सड़क से लेकर सदन तक इस आंदोलन को बुलंद करेंगे और बेरमो को जिला बनाने के लिये सरकार को बाध्य करेंगे। मुख्य अतिथि बोकरो जिला परिषद की अध्यक्षा सुनीता देवी ने कहा बेरमो अनुमंडल की स्थापना 50 वर्ष पूर्व हुआ था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दो तल्ला छत से गिर जाने के कारण सुरेंद्र महतो की हुई मौत

**पेटरवार** : पेटरवार प्रखंड के ओरदाना गांव निवासी सुरेंद्र महतो (49 वर्ष) की मौत दो तल्ला छत से नीचे गिरने के कारण हो गयी। हालांकि गांव वालों ने उसे मध्य रात्रि में ही पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जहां से उसे रेफर कर दिया और रांची ले जाते समय प्रखंड के चरगी गांव के पास उसकी मौत हो गयी। प्रखंड के ओरदाना गांव निवासी प्रख्यात ग्रामीण पशु चिकित्सक व झामुमो के पूर्व पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र महतो रविवार की रात्रि में बिजली की आंख मिचौली के कारण गर्मी से राहत पाने के लिए रविवार की रात्रि में अपनी पत्नी के साथ छत के उपर सोए हुए थे कि अचानक मध्य रात्रि में उठकर छत पर चहल कदमी करने लगे और दो तल्ला छत से नीचे गिर पड़े। छत के तीनों ओर घेराबंदी किया हुआ था लेकिन सामने की ओर घेराबंदी नही किया गया था जिसके कारण नींद में ही वह छत से नीचे गिर पड़े। बता दे कि दो दिनों से लापता ओरदाना गांव निवासी ओम प्रकाश शर्मा का शव रविवार को एक कुंए से बरामद होने के बाद उसका अंतिम संस्कार कर रविवार की रात्रि ग्यारह बजे घर लौटा था और खाना खाकर छत के उपर सोने चला गया था और एक घंटे के अंदर छत से गिरने के कारण उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी पाकर दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद पेटरवार स्थित सी एच सी पहुंचकर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की ओर तत्काल मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की व्यवस्था कराई। वही दूसरी ओर घटना की सूचना मिलने पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो मृतक के घर जाकर शोक संवेदना प्रकट की। मृतक का अंतिम दर्शन करने के लिए उसके घर पर ग्रामीण का जन सैलाब उमड़ पड़ा था। पेटरवार पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया है।

---

**योजना** स्वरोजगार से जुड़ने के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है: उपायुक्त

# कोडरमा जिले में होगी ड्रैगन फ्रूट की खेती, डीसी ने की शुरूआत

- उपायुक्त ने गांव में स्थित पेड़ की छांव में बैठकर ग्रामीणों को संबोधित किया
- कई योजनाएं का लाभ लेकर अपनी आजीविका के स्रोत को बढ़ाएं

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** गलवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने डोमचांच प्रखंड में जानपुर पंचायत अंतर्गत कालीडीह गांव का दौरा किया जहां पहली बार ड्रैगन फ्रूट की खेती की शुरूआत हो रही है। उपायुक्त आदित्य रंजन व वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ड्रैगन फ्रूट का पौधा लगाकर शुरूआत की। उपायुक्त ने गांव में स्थित पेड़ की छांव में बैठकर ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा स्वरोजगार से जुड़ने के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाओं का संचालन किया जा रहा, उन सभी योजनाओं का लाभ लें। मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बागवानी योजना समेत कई योजनाएं का लाभ लेकर अपनी आजीविका के स्रोत को बढ़ाएं। इसके साथ ही सरकार की कई जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री सूरज कुमार सिंह, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डोमचांच उदय कुमार सिन्हा, पीएमयू सदस्य धनपाल व अन्य मौजूद थे।

**कई आंगनवाड़ी केंद्रों का लिया जायजा**

उपायुक्त आदित्य रंजन ने डोमचांच प्रखंड के कलीडीह आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केन्द्र का जायजा लेते हुए सेविका व सहायिका को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चों का बालमित्र आधारित शिक्षा प्रदान करें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनका संपूर्ण विकास करें। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण बदलाव लायें और बच्चों को ठीक से रखना, उनका ध्यान देना, उनका अभिभावकों का काउसलिंग करने की बात कही।

---

वाहन में करीब 5 टन ढिबरा लोड था

## 2 लाख मूल्य का ढिबरा लदा शक्तिमान जप्त



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** वन विभाग की टीम ने सोमवार की सुबह ढिबरा लदा एक शक्तिमान ट्रक को जब्त किया है। विभाग को मिली गुप्त सूचना के आधार पर नीरूपहाडी के पास से उक्त वाहन को जप्त किया गया। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गयी। रेंजर रामबाबू ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी एक शक्तिमान ट्रक ढिबरा लोड कर-के कोडरमा की तरफ आ रहा है। सूचना पर उक्त वाहन को जाते देख वाहन को रुकवाने को कहा गया पर गस्ती दल देखकर नीरूपहाडी के समीप गाड़ी छोड़कर कर चालक भागने में सफल रहा। वाहन में करीब 5 टन ढिबरा लोड था जिसे जप्त कर लिया गया। जप्त वाहन को वन परिसर लाया गया। ढिबरा की कीमत 2 लाख रुपया से ज्यादा बताई जा रही है। मौके पर प्रभारी वनपाल सुजीत कुमार सोनी, वनरक्षी हिरामन उराव, पंकज कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

---

पांच खिलाड़ियों का थाईलैंड में होने वाली अन्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ चयन

## राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में लोहरदगा के खिलाड़ियों का जलवा, 10 गोल्ड और 2 कांस्य पदक झटके



- पांच खिलाड़ियों ने थाईलैंड में होने वाले अंतराष्ट्रीय काराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित भी हुए हैं

राष्ट्रीय खबर

कुडू : उत्तराखंड के देहरादून स्थित द बॉस ग्रांड होटल में 20 मई से 22 मई तक चले राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले के खिलाड़ियों का एक बार फिर जलवा देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपने चिर परिचित शानदार प्रदर्शन की बदौलत स्पर्धा में 10 स्वर्ण पदक राज्य और जिले की झोली में डाल दिया। सभी खिलाड़ी 24 मइ की शाम 4 बजे कुडू पहुंचेंगे, इनके स्वागत की तैयारी की जा रही है। विजेताओं में अंडर 11 में कविता कुमारी, अंडर 12 में लीलावती कुमारी, अंडर 14 में अनामिका उरांव, जूही, अंजलि, अंडर 15 में नेहा कुमारी शामिल हैं और कुमकुम कुमारी, अंडर 16 में मरियम प्रवीण, रोशनी उराव स्वर्ण पदक विजेता रही वहीं अंडर 12 में प्रियंका उरांव, अंडर 13 में फुल कुमारी ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। साथ ही पांच खिलाड़ियों ने थाईलैंड में होने वाले अंतराष्ट्रीय काराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित भी हुए हैं। जिनमे मरियम प्रवीण, अनामिका उरांव, कुमकुम कुमारी, रोशनी उरांव और सुनेहा शामिल हैं। सभी झारखंड का प्रतिनिधत्व करेंगे। खिलाड़ियों के कोच सह लोहरदगा जिला काराटे संघ के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि 31 मई तक थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल टूनामेंट के लिए सभी खिलाड़ियों ट्रायल होगा।

---

# बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश



- सभी पंचायत को लक्ष्य का महीना के अनुसार पूरा करना,

राष्ट्रीय खबर

**कुडू** : प्रखंड परिसर स्थित सभागार कक्ष में मंगलवार को कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। मौके पर बीडीओ ने मानव दिवस सृजन, सभी पंचयात को लक्ष्य का महीना के अनुसार पूरा करना, उसके लिए प्रतिदिन प्रति पंचयात को 300 मजदूरो को कार्य पर लगाने, वाटर शेड योजना को कार्य कराते हुए पूर्ण करने, पोटो हो खेल मैदान को कार्य कराते हुए एमआईएस में बंद करने, बिरसा हरित ग्राम योजना में अधिक से अधिक मजदूर लगाते हुए 30 मइ तक गढ़ा खुदाई पूर्ण करने, बिरसा सिंचाई कूप का शनिवार तक लक्ष्य के अनुसार सैंक्शन कर देने हेतु 24 मइ को सभी रिकॉर्ड के साथ प्रखंड में उपस्थित रहने, प्रधान मन्त्री आवास को मानव दिवस देते हुए 800 योजना मनरेगा सॉफ्ट में शनिवार तक बंद करने, दीदी बाड़ी 2020-21 जा 100% बंद करने के लिए सभी योजनाओं का ड्यूरिंग टैग कर लेंने का निर्देष दिया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक, सहायक अभियंता एवं कनीय अभिनताओं वा प्रखंड कर्मियों की उपस्थिति रही।

---

## डीडीसी ने की जल शक्ति अभियान के कार्यों की समीक्षा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** मंगलवार को उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जल संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों को यथा शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने अमृत सरोवर के तहत बनाये जा रहे तालाबों के चारों ओर पौधारोपण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा की योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर फोकस रखें। मनरेगा पार्क को विकसित करने, सभी प्रखंड में जल शक्ति केंद्र स्थापित करने का निर्देश दिया। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी व पीएमयू सदस्य मौजूद रहे।

---

**कार्रवाई** पिकनिक मनाने गए आठ वर्षीय छात्र की नदी में डूबने से हुई मौत मामले में हुई कारवाई

# प्रधानाध्यापक और एक सहायक शिक्षक निलंबित

- आधा दर्जन पारा शिक्षकों के वेतन पर रोक
- वही छः पारा शिक्षकों पर नो वर्क नो पे का निर्देश जारी किया है
- परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर जमकर बवाल काटा था

राष्ट्रीय खबर




**कुडू /लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उदुमुडू के छात्र कृष कुमार की नदी में डूबने से हुई मौत के मामले में शिक्षा विभाग ने स्कूल के शिक्षकों पर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने प्रधानाध्यापक जलेस्वर उरांव और सहायक शिक्षक धर्मवीर साहू को निलंबित कर दिया है वही छः पारा शिक्षकों पर नो वर्क नो पे का निर्देश जांरी किया है।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 19 मई की सुबह स्कूल के शिक्षक बच्चो को लेकर उमरी कोयल नदी के तट पर पिकनिक मनाने गए थे। जहां कक्षा दो का छात्र उडूमुडू निवासी वीरेंदर साहू का आठ वर्षीय पुत्र कृष कुमार की मौत नदी में डूबकर हो गयी थी।

जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर जमकर बवाल काटा था। शिक्षकों को तत्काल निलंबित करने और सभी पर 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग पर अड़े परिजन और ग्रामीणो को बीईओ जयमंगम लोहार और कुडू पुलिस द्वारा काफी मशक्कत के बाद समझाइश और लापरवाह शिक्षकों पर कारवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीण सांत हुए थे। बाद में पुलिस प्रधानाध्यापक जलेश्वर उरांव, सहायक शिक्षक धर्मवीर साहू, पारा शिक्षक मैमून खातून, समीना खातून, मोनिका उरांव, राजेस्वरी उरांव, बसंत उरांव, सरिता टोप्पो को थाना लाई थी। और बच्चे के पिता के आवेदन पर पुलिस ने सभी पर लापरवाही से हुई मौत की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मिली जानकारी के अनुसार सभी शिक्षकों को न्यायालय ने जमानत लेना होगा।

---

## न्यूज फटाफट

### सिख युवाओं की पहल सैकडों को पिलाया मीठा जल गुरु अर्जन देव जी महराज की शहादत पर आयोजन



**कोडरमा** : गुरु अर्जन देव जी महराज की सहादत की स्मृति संजोये उनके आदर्शों से अभिभूत जिले मेँ सिख समाज और संगत से जुड़े युवाओं द्वारा लगातार जगह जगह आयोजन कर लोगों को मीठा जल पिलाने और प्रसाद वितरण करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है । इसी कडी मेँ 23 मई को सामन्ता पेट्रोल पम्प के निकट स्थित परिसर मेँ एक आयोजन कर लोगों को मीठा जल पिलाया गया । लगभग दिन भर चले इस कार्यक्रम के दौरान आने जाने वाले राहगीरों और शहर वासियों को प्रसाद वितरण भी किया गया । जोशीले युवाओं ने पूरी सक्रियता दिखा लोगों को मीठा जल पिलाया । अलग अलग स्थानों पर यह आयोजन लगातार किया जा रहा है । सुभाष चौक पर भी ऐसा एक अन्य आयोजन किया गया । सामन्ता पैट्रोल पम्प परिसर वाले आयोजन मेँ सिख समाज के पुष्पिंदर सिंह दल जीत सिंह पवन शर्मा परम्जीत सिंह समेत कई अन्य युवाओं ने सक्रिय योगदान दिया । गुरु अर्जन देव जी महराज की सहादत से ओत प्रोत यहां के सिख समाज के युवाओं मेँ एक विशेष तरह के जज्बे का संचार हुया है । उनके प्रति समाज के लोगों मेँ सच्ची सेवा और समर्पण को लेकर आस्था बढी है ।

### सरकार के बिजली को लेकर वादे झूठे साबित हुए- प्रकाश रजक



**कोडरमा** : भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने बताया कि कोडरमा जिले में बहुत लंबे समय से चाहे वर्तमान सरकार हो चाहे पूर्व की डबल इंजन की सरकार हो, दोनों सरकारों ने कोडरमा जिले की जनता को 24 घंटा में 22 घंटा बिजली देने का वादा कर ठगने का काम किया है। डबल इंजन की सरकार में बिजली का स्थिति बहुत ही खराब रहा और वर्तमान गठबंधन की सरकार ने 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने के झूठे वादे कर 100 यूनिट मुफ्त बिजली तो छोड़ दीजिए, गठबंधन की सरकार में बिजली की व्यवस्था इतना लचर हो चुकी है किन लोगों को जीना दूभर हो गया है। इतनी भीषण गर्मी में 24 घंटा बिजली आपूर्ति के जगह 8 घंटा ही बिजली मिल पा रहा है। कोडरमा जिले के जब बांझेडीह मे 2008 में प्लांट का शिलान्यास हो रहा था तब लोगों को उस मंच से बड़े-बड़े सफेदपोश नेताओं ने झूठे वादे किए थे कि बांझेडीह पावर प्लांट के 10 किलोमीटर में बसने वाले लोगों को 24 घंटा मुफ्त बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क नाली की सुविधा मिलेगी। बांझेडीह निर्माण के समय कोडरमा जिले की किसानों एवं मजदूरों के द्वारा एक लंबी लड़ाई लड़ी गई थी वह लड़ाई कोडरमा जिले में 24 घंटा मुफ्त बिजली देने, जिन किसानों का जमीन किया है उन को रोजगार देने 10 किलोमीटर तक विकास की गंगा बहाने शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने आदि चीजों को लेकर लड़ाई लड़ी गई थी। श्री रजक ने कहा कि जिस जिले में बिजली का उत्पादन हो वह जिला अंधेरे में जीने पर मजबूर हो इसके लिए झारखंड सरकार को सोचने एवं समझाने की आवश्यकता है। झारखंड सरकार के कई मंत्री आते हैं परिसदन में रुकते हैं और अपने कार्यकताओं नेताओं के साथ फोटो खींचा कर चले जाते हैं पर कोडरमा जिला में क्या कमी है या नहीं है इस पर रिव्यू नहीं कर पाते हैं। जिले में 24 घंटा में 20 घंटा बिजली नहीं मिलेगी तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बाध्य होकर जिला समाहरणालय कोडरमा के समक्ष लोगों के सहयोग से बड़ा आंदोलन करेगी।

### झुमरीतिलैया स्टेशन रोड स्थित प्रतिष्ठान में हुई चोरी

**झुमरीतिलैया** : शहर के स्टेशन रोड स्थित चौधरी ब्रदर्स के गल्ला दुकान में रविवार के रात्रि अज्ञात चोरों ने प्रतिष्ठान के मुख्य गेट का ताला तोड़कर लगभग 25 हजार के नगद और 11 चांदी के सिक्के की चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में तिलैया थाना में पवन चौधरी ने आवेदन देते हुए कहा है कि व्यापार का गल्ले से लगभग 7 हजार रुपया तथा गौशाला समिति के दूध बिक्री का नगद लगभग एक सप्ताह का लगभग 8 हजार रुपया तथा दीपवाली में पूजा किया जाने वाले 11 चाँदी के सिक्के जिसका मूल्य लगभग 9 हजार रुपया है, उसे चोरी कर लिया गया है तथा दुकान के गल्ले में रखे कुछ कागजात भी चोर अपने साथ ले भागे हैं। इस सम्बन्ध में तिलैया थाना पुलिस ने घटना स्थल की जांच की है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है।

### स्क्रैप कटिंग के दौरान सिर पर लोहा गिरने से मजदूर की मौत

**कोडरमा** : जिले के जयनगर थाना अंतर्गत हीरोडीह में स्थित गैडे फैक्ट्री में मंगलवार को स्क्रैप कटिंग के कार्य में लगे एक मजदूर पर लोहे का एंगल गिरने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गैड़े फैक्ट्री में पिछले एक महीने से कोलकाता की कंपनी आरकेपीआर विन्मय प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा स्क्रैप कटिंग का कार्य कराया जा रहा है। कार्य के दौरान मंगलवार को बिहार के सिवान निवासी मजदूर प्रमोद साव उम्र 43 वर्ष पिता अजय साव के सिर पर लोहे का एक एंगल गिर गया। जिसके बाद मजदूर को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि स्क्रैप कटिंग के दौरान कंपनी के द्वारा उनके पिता को सुरक्षा हेलमेट, ग्लब्स और सेफ्टी जूता उपलब्ध नहीं कराया गया था। यदि कंपनी के द्वारा सेफ्टी हेलमेट दिया गया होता तो आज उनके पिता की जान बच गई होती। जानकारी के अनुसार जिले के कई फैक्ट्रियों में मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरण के जोखिम भरे कार्य कराए जा रहे हैं जिसकी वजह से आए दिन इस प्रकार के हादसे सामने आ रहे हैं। गत दिनों महतोअहरा के जेकेआई फैक्ट्री में भी काम के दौरान एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पेटरवार** : पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के आखिरी दिन मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया ने ग्राम पंचायत विकास योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों व विभिन्न विभागों के अधिकारी को दी। अंतिम दिन बाल सभा, महिला सभा ओर केंद्र सरकार की ओर से संचालित प्रमुख योजनाओं का कैसे एकीकृत करे पर विस्तार पूर्वक बताया। प्रशिक्षण शिविर के आखिरी दिन बीडीओ ने ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत गरीबी मुक्त ओर उन्नत आजीविका, स्वस्थ गांव, चाइल्ड फ्रेंडली गांव, स्वच्छ और हरा- भरा गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव ओर महिला हितकारी वाला गांव कैसे बने पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावे पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, जे एस एल पी एस, महिला प्रसार पदाधिकारी, जल जीवन मिशन के समन्वयक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज फटाफट

### नीरज चोपड़ा को विश्व का शीर्ष खिलाड़ी बनने पर बधाई



**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जैवलिन-थ्रो (भाला फेंक) रैंकिग में विश्व वरीयता क्रम के शीर्ष पर पहुंचने पर ओलम्पियन नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। श्री खट्टर ने चोपड़ा के यह इतिहास रचने पर ट्वीट कर कहा, ''म्हारे छोरे की उपलब्धियों का सफर अविराम जारी है। हरियाणा की माटी के लाल, देश के रिकॉर्डवीर और स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा को विश्व का शीर्ष भाला फेंक एथलीट बनने पर ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। आप इसी प्रकार इतिहास रचते हुए देश-प्रदेश का नाम रोशन करते रहें, ऐसा मेरा आशीर्वाद है।''

### मलेशिया मास्टर्स : अश्मिता, मालविका मुख्य ड्रॉ में



**कुआला लंपुर :** भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ और अशमिता चालिहा ने मलेशिया मास्टर्स के क्वालीफिकेशन चरण में मंगलवार को दमदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। मालविका ने चीनी ताइपे की लिन सियांग ती को 21-12, 21-19 से सीधे गेमों में हराया। अश्मिता को जीत के लिये थोड़ा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह कनाडा की वेन यु झांग को 10-21 21-19 21-17 से हराने में सफल रहीं। दुनिया की 42वीं नंबर की खिलाड़ी मालविका मुख्य ड्रॉ में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की वांग झी यी से भिड़ेंगी, जबकि नंबर 53 अश्मिता का सामना चौथी वरीयता प्राप्त हान यू से होगा। पुरुष एकल प्रतियोगिता में हालांकि भारतीय शटलर मुख्य ड्रॉ तक अपना रास्ता नहीं बना सके। विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन ताइपे के ची यू जेन से 10-21, 14-21 से हार गये। राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ भी इस मौके का फायदा उठाने में नाकाम रहे और एक अन्य क्वालीफाइंग मैच में ताइपे के चिया हाओ ली से 13-21, 19-21 से हार गये। पीवी सिंधु, एचएस प्रणय, किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन सहित भारत के शीर्ष सितारे बुधवार को अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

### सानिया बनीं सोनी की टेनिस अंबैसडर



**नयी दिल्ली :** भारत की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और छह बार की युगल ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया मिर्ज़ा सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क की ह्यटेनिस अंबैसडरह्न बन गयी हैं। सोनी ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि सानिया 28 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में सोनी पर बतौर विशेषज्ञ नज़र आयेंगी। सानिया ने इस साझेदारी पर कहा, अपने हालिया रिटायरमेंट के बाद सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ टेनिस के प्रसारण का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। चार में से तीन ग्रैंड स्लैम के मजबूत पोर्टफोलियो के साथ सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क भारत में टेनिस का घर है। भारत में दर्शकों के लिये टेनिस का सर्वश्रेष्ठ प्रसारण लाने की नेटवर्क की प्रतिबद्धता का हिस्सा बनना मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। सोनी के खेल व्यवसाय प्रमुख राजेश कौल ने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि टेनिस में सानिया मिर्जा की विशेषज्ञता और जुनून हमारी टीम के लिये अच्छी होगी। हम उन्हें सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के टेनिस अंबैसडर के रूप में पाकर रोमांचित हैं।

**रोमांचक** चेपॉक स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स की भिड़ंत होगी

# धोनी या हार्दिक... जो आज जीता उसे मिलेगा फाइनल का टिकट

▶▶ ये 9 खिलाड़ी करेंगे उलटफेर



**एजेंसियां**

**नई दिल्ली:** आईपीएल में आज (23 मई) को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स की भिड़ंत होगी। इस मैच को जो भी टीम जीतेगी, उसे 28 मई को आईपीएल फाइनल का टिकट मिल जाएगा. इस मैच में 9 खिलाड़ी मैच को रोमांचक बना सकते हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2020) के पहले क्वालिफायर में चेन्नई सुपर किंग्स अपने घर में गुजरात टाइटंस का सामना करेगी। महेंद्र सिंह धोनी के सामने हार्दिक पंड्या की फौज होगी। इस मैच को जीतने वाली टीम को आईपीएल फाइनल का टिकट मिल जाएगा। चेन्नई के लिए सबसे बड़ी एडवांटेज यह है कि वह अपने घर में मैच खेलने उतर रही है। वहीं गुजरात टाइटंस ने इस सत्र में चेपॉक पर एक भी मैच नहीं खेला है।

चेन्नई ने यहां 7 मैच खेले हैं, लेकिन हर मैच में पिच ने अलग तरह से रिएक्ट किया है। गुजरात के लिए चेपॉक की पिच की धीमी प्रकृति से निपटना चुनौती होगी। हार्दिक पंड्या के रूप में गुजरात टाइटंस के पास ऐसा कप्तान है, जिन्हें धोनी की तरह कुशल रणनीतिकार माना जा रहा है। गुजरात की टीम भी चेन्नई की तरह अंतिम एकादश में बहुत अधिक बदलाव करने में दिलचस्पी नहीं रखती है। यदि मैच के लिए पिच को सपाट बनाया जाता है तो ऐसे में स्पिनरों की भूमिका अहम हो जाएगी। चेन्नई के पास रवींद्र जडेजा, मोईन अली और तीक्ष्णा के रूप में अच्छे स्पिनर हैं, तो टाइटंस के पास राशिद और नूर अहमद हैं। अफगानिस्तान के दोनों स्पिनरों ने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।चेन्नई के लिए डेवॉन कॉन्वे और ऋतुराज गायकवाड से अच्छी शुरूआत बेहद महत्वपूर्ण होगी। चेपॉक में अजिंक्य रहाणे का प्रदर्शन भी काफी महत्व रखता है, जबकि शिवम दुबे सत्र के अपने 33 छक्कों में इजाफा करना चाहेंगे। चेन्नई के बल्लेबाजों के लिए हालांकि अनुभवी मोहम्मद शमी और राशिद खान से निपटना आसान नहीं होगा।

इन 9 खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

गुजरात के तीन गेंदबाज- गुजरात टाइटन्स के मोहम्मद शमी और राशिद खान इस आईपीएल में 24-24 विकेट झटके हैं। ऐसे में ये दोनों ही करामात कर सकते हैं। मोहित शर्मा ने गुजरात के लिए कई अहम मौको पर कमाल की गेंदबाजी की

गुजरात का ओपनर- आईपीएल में दूसरे नंबर पर रन बनाने के मामले में गुजरात टाइटन्स के शुभमन गिल हैं। गिल ने अब तक 680 रन बनाए हैं।

चेन्नई को दो ओपनर्स - डेवोन कॉन्वे (585) और ऋतुराज गायकवाड़ (504) चेन्नई के ओपनर अपनी टीम के लिए एक्स-फैक्टर रहे हैं। दोनों चले तो गुजरात की हालत खराब हो सकती है। चेन्नई का पेस और स्पिन अटैकः चेन्नई के तुषार देशपांडे अब तक (20) विकेट झटक चुके हैं, वहीं चेन्नई के मथीशा पथि?राना 10 मैचों में 15 विकेट ले चुके हैं। ऐसे में ये दो खिलाड़ी गुजरात के लिए मुसीबत बन सकते हैं। वहीं सीएसके के रवींद्र जडेजा ने भी 17 विकेट झटके हैं। जडेजा तो बल्ले से भी खतरनाक हैं।

## खेल जगत अपडेट्स ››

### एडिडास बना भारतीय टीम का किट प्रायोजक




**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और वैश्विक स्पोर्ट्सवेयर ब्रांड एडिडास ने मंगलवार को भारतीय टीमों के किट प्रायोजक के रूप में एक नयी साझेदारी की घोषणा की। मार्च 2028 तक चलने वाले इस अनुबंध के तहत एडिडास खेल के सभी प्रारूपों में भारतीय टीम की जर्सी एवं अन्य किट तैयार करेगा। एडिडास पुरुषों, महिलाओं और युवा टीमों सहित बीसीसीआई के लिये सभी मैच, प्रशिक्षण और यात्रा वस्त्रों के लिये एकमात्र आपूर्तिकर्ता भी होगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने इस साझेदारी पर कहा, ह्नहम क्रिकेट के खेल को विकसित करने में मदद करने के लिये प्रतिबद्ध हैं और इस यात्रा में दुनिया के अग्रणी स्पोर्ट्सवियर ब्रांडों में से एक, एडिडास के साथ साझेदारी करने के लिये अधिक उत्साहित नहीं हो सकते।ह्व बीसीसीआई और एडिडास के बीच यह अनुबंध जून 2023 से शुरू होगा।

# मंथरा की भूमिका में हैं विनेश फोगाट : ब्रजभूषण

**एजेंसियां**



**गोंडाः** अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट को रामायण की 'मंथरा' की संज्ञा देते हुये भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने मंगलवार को कहा कि राम के वनवास में मंथरा और कैकेयी की भूमिका थी और विनेश मौजूदा घटनाक्रम में मंथरा बन कर उभरी हैं। आगामी पांच जून को अयोध्या में होने वाली जन चेतना रैली की तैयारियों को लेकर रघुकुल विद्यापीठ गोण्डा में एक सभा को संबोधित करते हुये ब्रजभूषण ने मंगलवार को कहा कि राज्याभिषेक हो गया होता तो राम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान न बन पाते। उन्होंने कांग्रेस नेता भूपेंद्र हुड्डा पर षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुये कहा,'' हुड्डा एक तथाकथित नाबालिग लड़की को लेकर आये हैं। उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप पर केस दर्ज हुआ है। पुलिस जांच कर रही है।पुलिस अपना काम करेगी।'' यौन उत्पीड़न के आरोप का सामना कर रहे भाजपा नेता ने कहा '' यौन शोषण के आरोप से लोग आत्महत्या तक कर रहे हैं। इस ×कानून से अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप भी हैं परेशान हैं। मुझे इस उम्र में एक और लड़ाई लड़नी हैं। पहलवानों पर हमने करोड़ों रुपये खर्च किए,जो पैर छूते थे आज उनकी भाषा बदल गई।'' भाजपा सांसद ने कहा '' रैली में संतों ने 11 लाख लोगों का आ''ान किया है। अयोध्या में पांच जून को संत बोलेंगे और सब सुनेंगे और दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।''

## गिरफ्तार विनीशियस का पुतला लटकाने के मामले में चार गिरफ्तार

**एजेंसियां**



**मैड्रिडः** स्पेन की पुलिस ने लालीगा में रियल मैड्रिड के लिये खेलने वाले ब्राज़ील के अश्वेत फुटबॉलर विनीशियस जूनियर का पुतला एक पुल से लटकाने के मामले में मंगलवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि ये चार लोग एक कथित घृणा अपराध के लिये जिम्मेदार हो सकते हैं और उनमें से तीन 'मैड्रिड क्लब के प्रशंसकों के एक कट्टरपंथी समूह' के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि उन तीन सदस्यों को पहले मैचों के दौरान पहचाना गया था और खेल में हिंसा को टालने के लिये उन्हें 'उच्च जोखिम' के रूप में चिह्नित किया गया था। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2023 में रियल मैड्रिड के प्रशिक्षण स्थल के बाहर पुल पर विनीशियस की नंबर 20 जर्सी पहने हुए एक पुतले को लटकाया गया था। इस पुतले के साथ रियल मैड्रिड के प्रतिद्वंदी क्लब एटलेटिको मैड्रिड की जर्सी के लाल और सफेद रंग का 16 मीटर लंबा बैनर टंगा था जिसपर 'मैड्रिड रियल से नफरत करता है' लिखा था।

# शिल्पा शेट्टी ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो




**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। शिल्पा शेट्टी अक्सर अपने वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं। शिल्पा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। वीडियो में शिल्पा कोर स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करती हुई नजर आईं। वह हाथ में वेट प्लेट लेकर एक्सरसाइज कर रही हैं। शिल्पा ने वीडियो को शेयर करते कैप्शन में लिखा, ह्यमजबूती के साथ अपने पैर को टिकाकर, मैं फिटनेस, फ्लेक्सिबिलिटी और मस्ती के साथ एक नए वीक की शुरुआत ह्यव्हीलिंगह्न करते हुए जा रही हूं। यह एक कोर-ड्रिवेन मूवमेंट है जो पैरों और कोर के लिए अच्छे से काम करता है। इन रेप्स को करने से आपका कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम काम करता है, कोर स्ट्रेंथ को बढ़ाता है और कार्डियो रेस्पिरेटरी एंड्योरेंस को भी बढ़ावा देता है। ये देखने में मुश्किल लग सकता है। लेकिन इसे मेरे साथ रीमिक्स करें, मुझे टैग करें और मैं आपके वीडियो शेयर करूंगी।'' शिल्पा के इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।

# जीनत अमान ने अमिताभ बच्चन के साथ शेयर की पुरानी यादें

**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री जीनत अमान ने अमिताभ बच्चन के साथ सोशल मीडिया पर पुरानी यादें शेयर की है। जीनत अमान इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। इसी बीच जीनत ने अमिताभ बच्चन के साथ अपनी पुरानी यादों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।जीनत अमान ने अमिताभ बच्चन के साथ वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म 'लावारिस' की फोटो को शेयर करते हुए लिखा कि, 'लावारिस 42 साल पहले 22 मई 1981 को रिलीज हुई थी। यह एक ओल्ड स्कूल मसाला ब्लॉकबस्टर है, जिसमें एक अनाथ शख्स की कहानी को दिखाया गया है। इसके साथ इस मूवी में प्यार, धोखा और मर्डर जैसी थीम्स भी शामिल हैं।' जीनत अमान ने लिखा कि, 'जंपसूट्स उस टाइम काफी ट्रेंडिंग में थे और यह पर्पल सेट बहुत ही शानदार था।' जीनत अमान के द्वारा शेयर फोटो 'कब के बिछड़े हुए हम' आज गाने का है। जीनत अमान ने लिखा, 'अमित जी और मेरे बीच काम करने का काफी लंबा रिश्ता रहा है। मुझे लगता है कि हमारी एक अच्छी ऑनस्क्रीन जोड़ी बनाने का एक कारण हमारा एक जैसा स्टाइल भी है। हम दोनों ही वक्त के बहुत पाबंद हैं और इस बात से फिल्म इंडस्ट्री में हर कोई एग्री होगा।



## द केरल स्टोरी ने 200 करोड़ से अधिक की कमाई की



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा की फिल्म द केरल स्टोरी ने 200 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म द केरल स्टोरी में अदा शर्मा ने लीड रोल प्ले किया है। इस फिल्म का निर्देशन सुदिप्तो घोष ने किया है जबकि निर्माण विपुल अमृतलाल शाह ने किया है। 20 से 30 करोड़ के बजट में बनीं 'द केरल स्टोरी'बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। केरल में लड़कियों के धर्मांतरण, उन पर ज्यादती और फिर आतंकी संगठन की कहानी पर बनी 'द केरल स्टोरी' की ताबड़तोड़ कमाई जारी है। इस फिल्म ने 200 करोड़ के क्लब में शानदार एंट्री कर ली है। द केरल स्टोरी में अदा शर्मा के अलावा योगिता बिहानी, सिद्धि इदनानी और सोनिया बलानी लीड रोल में है।

## 26 मई को रिलीज होगी अरविंद अकेला कल्लू और आम्रपाली दुबे स्टारर 'शादी मुबारक'

**एजेंसियां**



**मुंबईः** अरविंद अकेला कल्लू और आम्रपाली दुबे स्टारर 'शादी मुबारक' 26 मई को रिलीज होगी। निर्माता रौशन सिंह और निर्देशक आनंद सिंह की भोजपुरी फिल्म 'शादी मुबारक' 26 मई को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अरविंद अकेला कल्लू और आम्रपाली दुबे मुख्य भूमिका में हैं।फिल्म की सह निर्माता शर्मिला आर सिंह ने बताया कि फिल्म 'शादी मुबारक' भोजपुरी बॉक्स ऑफिस की बड़ी फिल्मों में से एक होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर में इसकी एक झलक सबों ने देखी है, जिसके बाद से लोगों को फिल्म के रिलीज होने का इंतजार था। अब हम इसके लिए तैयार हैं। फिल्म इसी सप्ताह में रिलीज होगी। आशा करती हूं कि अपने पसंदीदा स्टार के साथ फिल्म को सभी लोग थियेटर में जाकर देखें।

## प्रदेश >> अपडेट

### रेलगाड़ी की टक्कर से एक श्रमिक की मौत

**भीलवाड़ा :** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के रायला रेलवे फाटक के पास रेलगाडी की टक्कर से एक श्रमिक की मौत हो गई। इस घटना में मृतक अंकित पिता दिनेश यादव उम्र 25 वर्ष उदी थाना बढ़पुरा जिला इटावा का रहने वाला था। सुचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची मुआयना कर शयाम सेवा संस्था रायला के सहयोग से शव को रायला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### गहलोत ने उदयपुर में सुने आमजन के अभाव-अभियोग

**उदयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को उदयपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। श्री गहलोत ने इस दौरान आमजन के अभाव-अभियोग सुने एवं अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान जनकल्याणकारी बजट घोषणाओं व महंगाई राहत कैंपों के लिए लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस मौके आमजन ने कहा कि कैंपों में पंजीयन कराने से उन्हें मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड प्राप्त हुए हैं। इनके जरिए उन्हें महंगाई से राहत मिलेगी और सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

### यूथ फॉर लाइफ के लिए कलेक्टरों को गाइडलाइन

**भोपाल :** पर्यावरण विभाग में प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने सभी जिला कलेक्टरों से कहा है कि यूथ फॉर लाइफ के तहत जिलास्तर पर एक परीक्षण समिति बनायें। आधिकारिक जानकारी के अनुसार बामरा ने कहा कि लाइफ वॉलेंटियर्स के लिए समिति के माध्यम से 35-40 योग्य आवेदकों का चयन कर चयन सूची कार्यपालन संचालक, एप्को को 31 मई तक ई-मेल पर उपलब्ध करायें। समिति में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के साथ अतिरिक्त अन्य सदस्य भी शामिल हो सकते हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### केरल:गोदाम में भीषण आग लगने से दमकलकर्मी की मौत

**तिरुवनंतपुरम :** केरल के तिरुवनंतपुरम में थुंबा किन्फ्रा औद्योगिक पार्क के गोदाम में मंगलवार को भीषण आग लगने से एक दमकलकर्मी की मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि केरल मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन के दवा गोदाम में देर रात करीब डेढ़ बजे भीषण विस्फोट के साथ आग लग गई। मृतक की पहचान राजधानी शहर में चक्का फायर फोर्स यूनिट में कार्यरत अग्निशमन अधिकारी अत्तिंगल के रहने वाले रंजीत (32) के रूप में हुई है। जब रंजीत आग बुझा रहे थे तो बिल्डिंग का एक हिस्सा गिर गया और वह मलबे में फंस गए। उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### हिमाचल में कार हादसे का शिकार,तीन युवकों की मौत

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में कार हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि दो अन्य जख्मी हैं। घायलों उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस द्वारा मृतक युवकों के शवों को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस ने मृतकों की पहचान श्रेय नेगी (18) पुत्र लेख राज निवासी तकलेच, शिवांग (18) पुत्र रूप लाल निवासी मझारली और जतीर (20) पुत्र मनी लाल निवासी तकलेच के रूप में हुई है। वहीं घायलों में करूण चौहान (20) पुत्र तारा चांद निवासी करतोट और रमन (22) पुत्र राज पाल निवासी तकलेच शामिल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के रोहडू उपमंडल में सोमवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे यह हादसा पेश आया है। कार में सवार होकर सभी युवक शादी समारोह से रामपुर की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी।

---

**पड़ताल** काफी अवैध संपत्ति का विदेशी निवेश की आशंका

# बांग्लादेश ने सात देशों को गिरफ्तार पुलिस अधिकारी पर पत्र लिखा

राष्ट्रीय खबर



**ढाका:** बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने देश से मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने और विदेश से तस्करी के पैसे को वापस लाने के लिए काम शुरू कर दिया है। अवैध रूप से अधिग्रहीत संपत्तियों को बरामद करने या जब्त करने के लिए संगठन सभी आवश्यक कदम उठाएगा। पूर्व सैन्य अधिकारी की हत्या और भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद इस समय जेल में बंद पूर्व पुलिस अधिकारी प्रदीप कुमार दास की संपत्ति की जानकारी के लिए सात देशों को पत्र भेजा गया है। एसीसी आयुक्त (जांच) मो. डॉ। ये बातें मोजम्मल हक खान ने चटगांव में आयोजित एक ईमानदारी रैली में कहीं। सोमवार दोपहर चटगांव बंदरगाह के शाहिद। एसीसी द्वारा फजलुर रहमान मुंशी सभागार में आयोजित रैली का आयोजन सत्ता संघ ने किया। मुख्य अतिथि के उद्बोधन में एसीसी कमिश्नर ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति मनी लॉन्ड्रिंग, विदेशों में धन की तस्करी में शामिल है, तो उसे ढूंढ़ना और देश में वापस लाना अब हमारा नियमित काम है। हमने पत्र भेजकर विभिन्न देशों का सहयोग मांगा है। तदनुसार हम इस मामले में कोई भी रणनीति अपनाएंगे।अपर मंडलायुक्त प्रकाश कांति चौधरी ने चटगांव बंदरगाह प्राधिकरण सदस्य (वित्त) की अध्यक्षता में बात की। शाहिदुल आलम, चटगांव रेंज के अतिरिक्त डीआईजी प्रबीर कुमार रॉय, उपायुक्त अबुल बसर मोहम्मद फखरुज्जमां, सीएमपी के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त फैसल महमूद, पुलिस अधीक्षक एसएम शफीउल्ला, महानगर भ्रष्टाचार रोधी समिति के अध्यक्ष मनोवारा हाकिम अली और अन्य। चटगांव संभाग के 104 उपजिलों के छात्रों के साथ आयोजित सभा में उपस्थित शिक्षकों और छात्रों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ खड़े होने की शपथ ली. मुख्य अतिथि एसीसी कमिश्नर मोजम्मल हक खान ने कहा कि बच्चों के मन में ईमानदारी का बीज बोकर नई पीढ़ी को शान से खड़ा करना चाहिए। इसलिए सबसे पहले जरूरी है कि हम खुद को शुद्धता के मॉडल के रूप में पेश करें।

कमिश्नर ने कहा, विकसित देशों में अगर आप मकान किराए पर लेना चाहते हैं तो आपसे वेतन जानने को कहा जाता है। लेकिन हमारे देश में उन्हें 20,000 का वेतन मिलता है और घर का किराया 25,000 टका देता है। ईमानदारी की संस्कृति का परिचय देना चाहिए। हम सिर्फ एक बातूनी राष्ट्र हैं। हमें वक्ताओं की जरूरत है। आइए बयान को धोखा न दें। वचन का भुगतान किया जाना चाहिए। झूठा जाना जाता है। एसीसी के महानिदेशक।

अख्तर हुसैन ने कहा कि एसीसी दो काम करती हैः भ्रष्टाचार की रोकथाम और दमन। हमें लगता है कि स्मार्ट बांग्लादेश का निर्माण युवा पीढ़ी के हाथों से होगा। कानून को लागू करके भ्रष्टाचार को सहनीय स्तर पर लाना संभव नहीं है। सामाजिक आंदोलन की जरूरत है। तो हमने 27 हजार 629 सट्टा संघ किया है। कोरोना के कारण ज्यादा काम नहीं कर सका। अब फिर से उस काम को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## भारत के जी-20 की अध्यक्षता का मजबूती से समर्थन : कोरिया

राष्ट्रीय खबर

**श्रीनगर :** भारत में दक्षिण कोरिया के राजदूत चांग जे-बोक ने मंगलवार को कहा कि उनका देश भारत की जी-20 अध्यक्षता का पुरजोर समर्थन करता है। कोरिया के राजदूत ने सोमवार को श्रीनगर में फिल्म स्टार राम चरण के साथ एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के लोकप्रिय गीत 'नाटू नाटू' पर नृत्य करके जी-20 प्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया।चांग ने श्रीनगर में जी-20 बैठक के इतर पत्रकारों से कहा कि स्टार रामचरण के साथ नृत्य करना आप जानते है एक सपने के सच होने जैसा है,मैंने ऐसी कल्पना नहीं की थी। श्रीनगर में सोमवार को उच्च स्तरीय तीसरी जी-20 पर्यटन कार्यकारी समूह की बैठक कड़ी सुरक्षा के बीच शुरु हुई। यह तीन दिवसीय बैठक भारत की अध्यक्षता में हो रही है।वर्ष 2019 में जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने और इसे दो केन्द्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद यहां पहली बार बड़ा आयोजन किया जा रहा है। चांग ने कहा कि कोरिया भारत की जी-20 की अध्यक्षता का मजूबत समर्थक है। यहाँ, श्रीनगर की बैठक जी-20 पर्यटन के लिए तीसरा कार्य समूह है। फिर गोवा में इसका अंतिम चरण है। उम्मीद है कि सदस्य देश और आमंत्रित देश दस्तावेज़ के लिए आम सहमति बना लेंगे। जहां तक कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का संबंध है,हम भारत की जी-20 अध्यक्षता की बड़ी सफलता के लिए पुरजोर समर्थन करते हैं।

## कांग्रेस के आरोपों की चिंता नहीं : विष्णुदत्त



एजेंसियां

**भोपाल :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में सकारात्मक राजनीति करते हुए आगे बढ़ने का काम कर रही है, हमें न कांग्रेस के आरोपों की चिंता है और ना ही इनके आरोपों से जनता प्रभावित होने वाली है। शर्मा आज मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिसम्बर 2022 तक की सभी कॉलोनियों को वैध करने, प्रदेश के बुजुर्गों को हवाई यात्रा से तीर्थदर्शन कराने और किसानों के कर्ज की ब्याज माफी करने जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिसकें अंतर्गत 31 दिसंबर 2016 तक बनी अनाधिकृत कॉलोनियों को चिन्हित कर उनमे मूलभूत नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें दिसंबर 2022 तक की सभी कॉलोनियां वैध घोषित कर दी जाएंगी, उनकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय वास्तव में मध्यप्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, शेष निकायों में कार्यवाही तेजी से चल रही है जिसे जून 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। शर्मा ने कहा कि तीर्थ दर्शन योजना जो हर गरीब लोगों को जिनका सपना होता है कि अपने जीवन के समय में चार धाम यात्रा करे आएं।

## सिविल सेवा में पहले चार स्थानों पर महिला उम्मीदवारों ने बाजी मारी




एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा के अंतिम परिणाम की आज घोषणा कर दी जिसमें कुल 933 उम्मीदवारों को सफल घोषित किया गया है इनमें से शीर्ष चार स्थानों पर महिला उम्मीदवारों ने बाजी मारी है। आयोग द्वारा मंगलवार को घोषित परिणामों में सफल घोषित 933 उम्मीदवारों में 613 पुरुष तथा 320 महिलाएं हैं। सुश्री इशिता किशोर पहले , गरिमा लोहिया दूसरे , उमा हराथी तीसरे तथा स्मृति मिश्रा चौथे स्थान पर रही हैं। शीर्ष 25 उम्मीदवारों में से 14 महिलाएं तथा 11 पुरूष हैं। पहले स्थान पर रही सुश्री किशोर ने राजनीति शास्त्र और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विषय के साथ परीक्षा पास की है। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कालेज ऑफ कार्मस की अर्थशास्त्र की छात्रा रही हैं। दूसरे स्थान पर रही सुश्री लोहिया ने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कालेज से कार्मस में पढाई की है। सिविल सेवा परीक्षा में उनके विषय कामर्स और अकाउंटेंसी थे। तीसरे स्थान पर रही सुश्री हराथी ने आई आई टी हैदराबाद से सिविल इंजीनयरिंग में बी टेक किया है। सिविल सेवा परीक्षा उन्होंने वैकल्पिक विषय एंथ्रोपोलोजी के साथ पास की। सुश्री मिश्रा दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कालेज से पढी हैं और सिविल सेवा परीक्षा में उनका वैकल्पिक विषय प्राणी विज्ञान रहा है।

सिविल सेवा 2022 की प्रारंभिक परीक्षा 5 जून 2022 को हुई थी जिसके लिए 11 लाख 35 हजार 697 उम्मीदवारों ने आवेदन किया लेकिन 5 लाख 73 हजार 735 ने परीक्षा दी। इनमें से 13090 उम्मीदवारों ने प्रारंभिक परीक्षा पास की। इनमें से 2529 उम्मीदवारों ने सितम्बर 2022 में हुई मुख्य परीक्षा पास की जिनमें से 933 उम्मीदवारों को साक्षात्कार के बाद सफल घोषित किया गया। सफल उम्मीदवारों में 41 बेंचमार्क दिव्यांग भी शामिल हैं।

### कूनो राष्ट्रीय उद्यान में शावक की मौत

**मुरैना :** मध्यप्रदेश के चंबल संभाग के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में आज दोपहर एक चीते के एक शावक की मौत हो गयी। यह शावक कूनो पार्क प्रबंधन की मॉनिटरिंग के दौरान बीमार मिला था और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ जसवीर सिंह चौहान ने इसकी पुष्टि की है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला (सियाया) ने बीते 24 मार्च को ही पार्क में 4 शावकों को जन्म दिया था। अब पार्क में अब कुल 17 चीते और 3 शावक बचे हैं। पिछले साल से अब तक 3 चीतों और एक शावक की मौत हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बीते दो माह के अंतराल में 3 चीतों की मौत के चलते मायूसी छाई हुई थी। इसी बीच सियाया (ज्वाला) ने बीती 24 मार्च को 4 शावकों को जन्म दिया था। मदर्स डे पर चारों शावक अपनी मां संग अठखेलियां करते नजर आए थे।

**तैयारी** आधुनिक अमेरिकी हवाई हमले वहां तक पहुंच ही नहीं सकते हैं

# काफी गहराई में चल रहा है ईरान का परमाणु कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर



**दुबई, संयुक्त अरब अमीरात:** मध्य ईरान में जाग्रोस पर्वत की एक चोटी के पास, श्रमिक पृथ्वी में इतनी गहराई में एक परमाणु सुविधा का निर्माण कर रहे हैं कि यह संभावित रूप से ऐसी साइटों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किए गए अंतिम-खाई वाले अमेरिकी हथियार की सीमा से परे है। विशेषज्ञों और उपग्रह इमेजरी के अनुसार इसका विश्लेषण किया गया है। प्लैनेट लैब्स पीबीसी से तस्वीरें और वीडियो दिखाते हैं कि ईरान परमाणु स्थल के पास पहाड़ में सुरंग खोद रहा है, जो अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर पश्चिम के साथ तेहरान के गतिरोध के बीच बार-बार तोड़फोड़ के हमलों का शिकार हुआ है। विश्व शक्तियों के साथ अपने परमाणु समझौते के पतन के बाद ईरान अब हथियार-ग्रेड स्तर के करीब यूरेनियम का उत्पादन कर रहा है। वाशिंगटन स्थित आर्म्स कंट्रोल एसोसिएशन में अप्रसार नीति के निदेशक केल्सी डेवनपोर्ट ने चेतावनी दी, इस तरह की सुविधा का पूरा होना एक दुःस्वप्न परिदृश्य होगा जो एक नए तनाव को जन्म देगा। यह देखते हुए कि ईरान एक बम के कितना करीब है, उसके पास अमेरिका और इजरायल की लाल रेखाओं को पार किए बिना अपने कार्यक्रम को शाफ़्ट करने के लिए बहुत कम जगह है। तो इस बिंदु पर, किसी भी तरह की वृद्धि से संघर्ष का खतरा बढ़ जाता है। नतांज साइट पर निर्माण पांच साल बाद आता है जब तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका को परमाणु समझौते से एकतरफा वापस ले लिया था।

ट्रम्प ने तर्क दिया कि सौदा तेहरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को संबोधित नहीं करता है, न ही व्यापक मध्य पूर्व में मिलिशिया का समर्थन करता है। लेकिन इसने जो किया वह सख्ती से ईरान के यूरेनियम के संवर्धन को 3.67 प्रतिशत शुद्धता तक सीमित कर दिया, जो केवल नागरिक बिजली स्टेशनों को शक्ति देने के लिए पर्याप्त था, और इसके भंडार को केवल 300 किलोग्राम (660 पाउंड) तक ही सीमित रखा। परमाणु समझौते के समाप्त होने के बाद से, ईरान ने कहा है कि वह यूरेनियम को 60 फीसद तक समृद्ध कर रहा है। हालांकि निरीक्षकों ने हाल ही में पाया कि देश ने यूरेनियम कणों का उत्पादन किया था जो 83.7 प्रतिशत शुद्ध थे। यह हथियार-ग्रेड यूरेनियम की 90 फीसद सीमा तक पहुंचने से सिर्फ एक छोटा कदम है। इस्लामी गणराज्य इनकार करता है कि वह परमाणु हथियारों की मांग कर रहा है, हालांकि तेहरान में अधिकारी अब एक का पीछा करने की अपनी क्षमता पर खुले तौर पर चर्चा करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने निर्माण के संबंध में एपी के सवालों के जवाब में कहा कि ईरान की शांतिपूर्ण परमाणु गतिविधियां पारदर्शी हैं और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के सुरक्षा उपायों के तहत हैं।ह्व हालाँकि, ईरान वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय निरीक्षकों की पहुँच को सीमित करता रहा है। तेहरान ने इस सुविधा के लिए किसी अन्य योजना को स्वीकार नहीं किया है, हालांकि अगर वे इसमें यूरेनियम पेश करने की योजना बना रहे हैं तो उसे आईएईए को साइट घोषित करनी होगी।

---

## >>>> न्यूज फटाफट >

### श्रीलंका के चार शांति सैनिक विस्फोट में घायल : संरा

**संयुक्त राष्ट्र :** श्रीलंका से माली में हुए विस्फोट से संयुक्त राष्ट्र के चार शांतिरक्षक घायल हो गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि माली में संयुक्त राष्ट्र मिशन के शांति सैनिकों को लगी चोटें गंभीर नहीं हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह घटना रविवार को किडल क्षेत्र के टेसालिट में उनके शिविर से करीब 12 किमी उत्तर-पश्चिम में हुई। जब विस्फोट हुआ, वे एक बख्तरबंद वाहन में थे, जो रसद काफिले की सुरक्षा प्रदान कर रहा था। प्रवक्ता ने कहा, घटना के करीब 40 मिनट बाद, आसपास के इलाके की तलाशी में एक दूसरा आईईडी मिला, जिसे सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया। इससे पहले भी एक अन्य आईईडी विस्फोटक निष्क्रिय किया था, जो टेसालिट शिविर के उत्तर-पश्चिम में लगभग 23 किमी दूर पाया गया था। प्रवक्ता ने कहा कि शांति सैनिकों पर हमला माली में जारी हिंसा का संकेत है। संयुक्त राष्ट्र कर्मचारी संघ ने इस साल की शुरुआत में रिपोर्ट में बताया था कि मिनुस्मा मिशन नौवें वर्ष के लिए किसी भी विश्व निकाय में सबसे घातक था, जिसमें 2022 में 14 कर्मियों की मौत हो गई थी।

### पुतिन बोस्नियाई सर्ब नेता की मेजबानी करेंगे

**मॉस्को:** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक वर्ष के अंदर तीसरी बार मंगलवार को मास्को में बोस्नियाई सर्ब नेता मिलोराड डोडिक की मेजबानी कर सकते हैं। बोस्निया और हर्जेगोविना की सर्ब बहुमत इकाई रिपब्लिका सर्पस्का के अध्यक्ष सोमवार को मॉस्को पहुंचे और रूसी सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रूशेव से मुलाकात की। रूस में रिपब्लिका सर्पस्का मिशन के प्रमुख, दुस्को पेरोविक ने कहा कि मिलोराड डोडिक राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत के दौरान गैस आपूर्ति पर चर्चा कर सकते हैं लेकिन रूस-यूक्रेन संघर्ष एजेंडे में शामिल नहीं होगा।

### अफगानिस्तान में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

**गजनी:** अफगानिस्तान के पूर्वी गजनी प्रांत की प्रांतीय राजधानी गजनी शहर में सामवार शाम एक सड़क हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गयी। स्थानीय समाचार एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी के अनुसार यह हादसा पुलिस जिला-5 में विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टकरा जाने के कारण हुआ, जिसमें तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। रविवार से देश में यह चौथा सड़क हादसा था। एजेंसी के मुताबिक, अफगानिस्तान के बामियान, फरयाब और परवान प्रांतों में पिछले 48 घंटों में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो और लोगों की मौत हो गई और महिलाओं और बच्चों सहित 12 अन्य घायल हो गए। खस्ताहाल सड़कें, लापरवाह ड्राइविंग, और जर्जर राजमार्गों पर यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी अक्सर अफगानिस्तान में घातक दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं।

### कैमरून सेना की कार्रवाई में बोको हराम के दो आतंकवादी ढेर

**याओंडे:** अफ्रीकी देश कैमरून के सुदूर उत्तर क्षेत्र में नागरिक समुदाय और सेना के खिलाफ हमले के दौरान मुठभेड़ में आतंकवादी समूह बोको हराम के कम से कम दो आतंकवादी मारे गए। स्थानीय लोगों और सुरक्षा सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।। क्षेत्र के एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि यह हमला पिछले सप्ताह मोजोगो इलाके में हुआ था। सेना और आतंकवादियों की रात भर मुठभेड़ हुई, इस दौरान, आतंकवादियों ने कई इलाकों पर हमला किया। इस बीच, दो आतंकवादी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। नाम न छापने की शर्त पर अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान स्थानीय चौकसी का एक सदस्य भी मारा गया। हम उन लोगों का पीछा कर रहे हैं जो गोली लगने से बच गए थे। सुरक्षा रिपोर्टों और स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों के अनुसार, बोको हराम ने 2004 में इस क्षेत्र में अपराध शुरू करने के बाद से दो हजार से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया है।

### पाकिस्तान में हरित सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने की वकालत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने कहा कि देश के पर्यावरण प्रदूषण में कमी लाने के लिए पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को और ज्यादा बढ़ावा देने की आवशयकता है। अलवी ने जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं अन्य के अधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में कहा कि हरित परिवहन का उपयोग करने से कार्बन उत्सर्जन, पर्यावरण प्रदूषण एवं पाकिस्तान द्वारा जीवाश्म ईंधन के आयात की लागत में कटौती की जा सकती है। उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण में कमी लाने के साथ-साथ पारंपरिक ईंधन पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए कुशल एवं जलवायु अनुकूल परिवहन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने का आह्वान किया और कहा कि देश के विकास के लिए नई प्रौद्योगिकियां आवशयक हैं। अलवी ने कहा कि व्यापारिक समुदाय को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए औद्योगिक उन्नयन एवं आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करने की आवशयकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक परिवहन प्रौद्योगिकियां पाकिस्तान में नए उद्योगों को बढ़ावा देने और देश की समग्र सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के अलावा युवाओं के लिए रोजगार के ज्यादा अवसर उत्पन्न करने में मदद कर सकती हैं।

### कई वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत,पांच घायल

**कैलिफोर्निया :** अमेरिका में कैलिफोर्निया के राजमार्ग संख्या 101 पर सोमवार को कई वाहनों की आपस में टक्कर से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी और अन्य पांच घायल हो गये। केलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल दल ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि कल देर रात छह वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि उत्तर की ओर जाने वाला एक पिकअप ट्रक सड़क के डिवाइडर से दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### मेक्सिको मध्य अमेरिकियों को अस्थायी कार्य वीजा देगा

**मेक्सिको सिटी :** मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने कहा कि देश में मध्य अमेरिकियों को अस्थायी कार्य वीजा प्रदान करने की योजना तैयार की गयी है। राष्ट्रपति ने सोमवार को अपने दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि मेक्सिको को बड़े पैमाने पर अपनी अवसंरचना परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त श्रमशक्ति की आवशयकता है, जैसे कि दक्षिण-पूर्व माया क्षेत्र से एक ट्रेन मार्ग। श्री ओब्राडोर ने मेक्सिको सिटी के नेशनल पैलेस में संवाददाताओं से कहा कि हमारे पास परियोजनाओं के लिए जनशक्ति का अभाव है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह मैं हमारे मध्य अमेरिकी भाइयों के लिए एक कार्यक्रम शुरू करने जा रहा हूं जिससे उन्हें मेक्सिको में सार्वजनिक परियोजनाओं पर काम करने के लिए अस्थायी वीजा प्राप्त हो सके और वे अस्थायी कार्य वीजा के साथ कानूनी रूप से हमारे देश में रह सकें।

## आज का इतिहास

- 1543 : पोलैंड के खगोलविद निकोलस कोपरनिकस का निधन।
- 1689 : ब्रिटिश संसद ने प्रोटेस्टेंट ईसाइयों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी प्रदान की।
- 1883 : ब्रुकलिन और मैनहट्टन को जोड़ने वाले ब्रुकलिन ब्रिज को यातायत के लिए खोला गया।
- 1915 : थॉमस अलवा एडिसन ने टेलीस्क्राइब का आविष्कार किया।
- 1931 : पहली वातानुकूलित यात्री ट्रेन अमेरिका के वाल्टमोर ओहियो मार्ग पर चलाई गई।
- 1959 : साम्राज्य दिवस का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल दिवस किया गया।
- 1985 : बंगलादेश में चक्रवाती तूफान से 10 हजार लोगों की मौत।
- 1986 : मार्गरेट थैचर इजरायल का दौरा करने वाली पहली ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनी।
- 1994 : मीना (सऊदी अरब) में हज में भगदड मचने से 250 से ज्यादा हाजियों की मौत हो गई।
- 2004 : उत्तर कोरिया ने मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाया।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची बुधवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

24:05:2023


## अविनाश कुमार 31 मई तक अवकाश पर

रांची:ऊर्जा विभाग के संयुक्त सचिव ऊर्जा विभाग सह कॉमर्शियल निदेशक मनीष कुमार को जेवीवीएनएल एमडी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अविनाश कुमार के अवकाश से लौटने तक मनीष कुमार प्रभार में रहेंगे। इसको लेकर कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।बतातें चलें कि ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार 31 मई तक अवकाश पर हैं।

बैंक सुविधा

नोट बदलने के लिए बैंकों में बनाए गए अलग काउंटर

# रांची के सभी बैंकों में 2000 रुपए के नोट बदलने की प्रक्रिया शुरू

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पूरे देश के साथ-साथ राजधानी रांची के सभी बैंकों में 2000 के नोट बदलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मंगलवार को पहले दिन राजधानी के सभी बैंकों में लोग 2000 रुपए के नोट बदलने के लिए पहुंचे थे। इसको लेकर रांची के सभी बैंकों में खास तैयारी की गई है, ताकि ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी ना हो। वहीं भारत के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के सभी ब्रांचों में 2000 के नोट बदलने के लिए खास तैयारियां की गई हैं। एसबीआई के टॉप अधिकारियों ने सभी ब्रांचों में तैनात पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जितने भी ब्रांच हैं, वहां पर ग्राहकों के लिए पानी की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।रांची में करीब 41 एसबीआई के ब्रांच हैं। इसको लेकर सभी ब्रांच के पदाधिकारियों को यह दिशा निर्देश दिया गया है कि जो भी ग्राहक 20 हजार तक के नोट बदलने के लिए आ रहे हैं, उन्हें आसानी से नोट बदल कर दे दें। एसबीआई के सभी ब्रांच में नोट बदलने के लिए एक काउंटर बनाया गया है। जहां पहुंच कर लोग अपने 2000 के नोट बदल सकते हैं। काउंटर पर दो से तीन कर्मचारियों की तैनाती की गई है, ताकि यदि भीड़ बढ़ जाए तो आसानी से लोगों को नोट बदल कर दिया जा सके।

हालांकि राजधानी के कोकर एसबीआई ब्रांच और लालपुर एसबीआई ब्रांच में नोट बदलने के लिए ग्राहकों की भीड़ दिखी। बैंक प्रबंधन की ओस से काउंटर पर कर्मियों की विशेष तैनाती की गई है, ताकि यदि भीड़ बढ़े तो उन्हें नियंत्रित किया जा सके। इसको लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के जितने भी सुरक्षाकर्मी है उन्हें भी विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं, ताकि भीड़ में कोई ऐसा व्यक्ति ना हो जो गलत तरीके से नोट को एक्सचेंज करने के लिए बैंक पहुंच रहा हो।कचहरी स्थित एसबीआई मेन ब्रांच में नोट बदलने आए लोगों ने कहा कि यहां आसानी से नोट बदले जा रहे हैं। सभी बैंकों में भीड़ ना के बराबर है। लोगों ने कहा कि सभी बैंकों में बिना किसी पहचान पत्र और बिना फॉर्म भरे ही नोट बदले जा रहे हैं। कुछ बैंकों में नोट बदलने के लिए फॉर्म भी भरवाए जा रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि नोट बदलने के लिए आरबीआई का गाइडलाइन पालन करने के लिए पदाधिकारियों को पहले ही सारी जानकारी दे दी गई है।इस संबंध में बैंक के अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार को पहला दिन होने के कारण भीड़ कम है, लेकिन आने वाले दिनों में भीड़ बढ़ सकती है। इसको लेकर बैंक की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं आम लोगों से भी अपील की गई है कि बैंक के नियमों के अनुसार ही नोट बदलने पहुंचे। बिना मतलब के बैंक में भीड़ ना लगाएं। जिन्हें नोट बदलना हो वही नोट बदलने के लिए बैंक पहुंचे। अपने साथ अनावश्यक लोगों को लेकर नहीं आएं। इससे जरूरतमंद ग्राहकों को दिक्कत हो सकती है।

10वीं और 12वीं साइंस बोर्ड के रिजल्ट जारी

# मैट्रिक में 95.38% और इंटर में 81.45 प्रतिशत स्टूडेंट्स सफल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 10वीं और 12वीं साइंस बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिये हैं। मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और इंटर साइंस की परीक्षा में 81.45 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की है। स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने रिजल्ट जारी किया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा के निदेशक सुनील कुमार जैक के अध्यक्ष डॉ एके माहतो, जैक उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह और जैक के सचिव एमके सिंह भी मौजूद रहे। स्टूडेंट्स अपना रिजल्ट जैक की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं। जैक 10वीं बोर्ड परीक्षा में 68.32 फीसदी छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से पास किया है। वहीं 39.25 फीसदी छात्र सेकेंड डिवीजन से और 2.72 फीसदी थर्ड डिवीजन से पास किये हैं। वहीं इंटर साइंस की बोर्ड परीक्षा में 90.60 फीसदी स्टूडेंट्स ने फर्स्ट डिवीजन हासिल किया है। वहीं 7.63 फीसदी छात्र सेकेंड डिवीजन से और 0.02 फीसदी छात्र थर्ड डिवीजन से पास किये हैं। 479 अंक लाकर दिव्या कुमारी साइंस की टॉपर बनी है। खुशी कुमारी ने दूसरा, प्रियंका घोष ने तीसरा, पवन कुमार राना ने चौथा और बेबी कुमारी ने पांचवा स्थान हासिल किया है। वहीं 490 अंक लाकर श्रेया सोनगिरी मैट्रिक की परीक्षा में टॉपर रही। इसके अलावा सॉरव कुमार पॉल ने दूसरा, दीक्षा भारती ने तीसरा, दीप मित्रा ने चौथा और मनीष सिंह ने पांचवा स्थान हासिल किया है।बता दें कि जैक कक्षा 10वीं की परीक्षा 14 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित की गयी थी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 14 मार्च से 5 अप्रैल तक चली थी। 10वीं की परीक्षा के लिए 1225 और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 724 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। झारखंड बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए 7.68 लाख परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। जिसमें से दसवीं में लगभग 4.34 लाख परीक्षार्थी और 12वीं में लगभग 3.34 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए।

नाबालिग से दुष्कर्म करने में

# दोस्त का सहयोग करने के मामले में नाबालिग को 20 साल की कैद की सजा




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** नाबालिग से दुष्कर्म करने में दोस्त का सहयोग करने के मामले में नाबालिग आरोपी को पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 10 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि नहीं देने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। बीते शनिवार को उसको कोर्ट ने उसे दोषी ठहराया था।मामले के मुख्य आरोपी संजय सिंह मुंडा एवं दीपक सिंह मुंडा को भी अदालत ने मार्च 2020 में 20 साल से उम्र कैद तक की सजा सुना चुकी है। तीसरे आरोपी का उम्र 17 साल होने के कारण उसके ऊपर लगे आरोप की सुनवाई चिल्ड्रेन कोर्ट में चली। वर्तमान में उसकी उम्र 22 साल है। घटना के समय उसकी उम्र साल थी। अभियोजन की ओर से मामले में आठ गवाही कराई गई। घटना को लेकर पीड़िता ने सोनाहातू थाना में 16 मई 2018 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि नाबालिग शाम सात बजे जब अपने घर से बाहर निकली तो एक अभियुक्त ने लड़की का मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। जबकि नाबालिग लड़के ने दोस्त का सहयोग किया था।

## आउट सोर्सिंग कर्मियों की नौकरी होगी पक्की

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड राज्य में कार्यरत हजारों आऊट सोर्सिंग कर्मी भी अब नियमित होंगे। हाईकोर्ट के निर्देश के आलोक में अब सरकार हरकत में आ गयी है। वित्त विभाग ने इसको लेकर पहल शुरू कर दी है। विभाग ने झारखंड के सभी 60 विभागों के विभागाध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव एवं सचिव को पत्र भेज कर आऊट सोर्सिंग एजेंसी के तहत कार्य कर रहे कर्मचारियों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सरकार की इस पहल से झारखंड राज्य के विभिन्न विभागो में कार्यरत 31 हजार से अधिक आऊटसोर्सिंग कर्मियों को सीधा लाभ होगा। आउट सोर्सिंग कर्मियों की नौकरी पक्की करने वाला संभवतः झारखंड पहला राज्य बन जायेगा।

## झारखंड फूड टेस्टिंग लैब में एनालिस्ट की नियुक्ति नहीं

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** एक तरफ खाद्य पदार्थों में मिलावट का धंधा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दूसरी तरफ झारखंड फूड टेस्टिंग लैब में अभी तक फूड एनालिस्ट की नियुक्ति नहीं की गयी है। ऐसे में खाद्य पदार्थ के सैंपल में मिलावट होने के बाद भी फूड सेफ्टी अफसर कानूनी कार्रवाई नहीं पा रहे हैं। क्योंकि ऋरउक के नियम के मुताबिक, स्टेट फूड लेबोरेट्री की जांच रिपोर्ट पर फूड एनालिस्ट का हस्ताक्षर होना जरूरी होता है। बिना हस्ताक्षर के रिपोर्ट वैध नहीं मानी जाती है।बता दें कि झारखंड स्टेट फूड लेबोरेट्री में संविदा पर रखे फूड एनालिस्ट का अनुबंध 31 मार्च 2023 को ही समाप्त हो गया है। इसके बाद नया अनुबंध के साथ ना तो कार्य विस्तार किया गया और ना ही किसी नये फूड एनालिस्ट की नियुक्ति की गयी। ऐसे में हर दिन फूड सेफ्टी अफसर दर्जनों खाद्य पदार्थों के सैंपल टेस्ट के लिए पहुंचते हैं। जांच में कई बार मिलावट भी पायी जाती है। लेकिन रिपोर्ट पर फूड एनालिस्ट का हस्ताक्षर नहीं होने के कारण मिलावटखोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं हो पा रही है।खाद्य सुरक्षा इंडेक्स में झारखंड का बुरा हाल है। द्वारा विभिन्न मानकों में तय किये गये 100 अंकों में झारखंड को महज 41.5 अंक मिले हैं। इसी के साथ झारखंड पूरे देश में 16वें स्थान पर रहा है। यह दशार्ता है कि झारखंड में बाजारों, होटलों, रेस्टोरेंट आदि में लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को लेकर की जा रही पहल संतोषजनक नहीं है।

## रांची में बारातियों को अनियंत्रित कार ने कुचला,तीन की मौत,25 से ज्यादा घायल




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जिले के सिकिदिरी इलाके में एक अनियंत्रित कार ने दो दर्जन से ज्यादा बारातियों को कुचल दिया है। इस हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई है। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। कार चालक को भी ग्रामीणों के द्वारा जमकर पीटा गया है। वह भी बुरी तरह से जख्मी हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवर की रात लगभग 2:30 बजे की है। सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के सांडी चौक के समीप 50 से ज्यादा की संख्या में बाराती सड़क के किनारे बैठे हुए थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित कार बारातियों के बीच घुस गई। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि देखते ही देखते 25 से ज्यादा लोगों को कार ने अपनी चपेट में ले लिया।इस हादसे की वजह से बारातियों में हड़कंप मच गया लोग इधर-उधर भागने लगे। मात्र 5 मिनट के भीतर ही सड़क पर 25 से ज्यादा लोग कराहते नजर आने लगे। शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो चुकी थी। पूरे गांव में खलबली मच गई, जिसके बाद आनन-फानन में मामले की जानकारी थाने को दी गई। स्थानीय लोगों ने भी अपने-अपने वाहन निकालकर घायलों को अस्पताल पहुंचाना शुरू किया। थाने की तरफ से जल्द से जल्द एंबुलेंस मंगवा कर लोगों को इलाज के लिए रिम्स पहुचाया गया। इस हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई। जिन ग्रामीणों की मौत हुई है, उनमें महेश महतो, बालेश्वर महतो और शंकर महतो शामिल हैं। वही 25 से ज्यादा ग्रामीण बुरी तरह से जख्मी हुए हैं। जख्मी ग्रामीणों में से चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वहीं दूसरी तरफ अनियंत्रित कार के ड्राइवर को ग्रामीणों ने खदेड़ कर पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। मौके पर मौजूद गांव के कुछ बुजुर्ग लोगों ने भीड़ को समझा-बुझाकर ड्राइवर को बचाया। ड्राइवर की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है उसका भी इलाज अस्पताल में चल रहा है।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के झारखंड आगमन को लेकर कारकेड का किया गया रिहर्सल, सुरक्षा के दिखे पुख्ता इंतजाम

- पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है
- राजभवन से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक कारकेड का रिहर्सल किया
- चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रही हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर मंगलवार को रांची एयरपोर्ट से लेकर राजभवन, राजभवन से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक कारकेड का रिहर्सल किया गया। इस दौरान विभिन्न सड़कों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखे। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। 24 मई को रांची एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति का काफिला जिस रूट से राजभवन पहुंचेगा और फिर वहां से जिस रूट के द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक और झारखंड हाईकोर्ट पहुंचेगा वहां चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही तय रूट पर पुलिस पदाधिकारियों ने कारकेड का रिहर्सल मंगलवार को किया। रांची एयरपोर्ट पर बुधवार को राष्ट्रपति के काफिले में शामिल होने वाले सभी वाहनों की सुरक्षा जांच के उपरांत कारकेड रिहर्सल शुरू किया गया।

एयरपोर्ट से निकलने के बाद काफिला बिरसा चौक, सेटेलाइट चौक होते हुए अरगोड़ा चौक पहुंचा। उसके बाद काफिला सहजानंद चौक, रातू रोड होते हुए राजभवन पहुंचा। इस दौरान एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक तमाम सुरक्षा उपायों के साथ रिहर्सल किया गया, जैसा राष्ट्रपति के आगमन के दौरान देखने को मिलेगा। कारकेड रिहर्सल के दौरान रांची एयरपोर्ट से राजभवन तक ट्रैफिक पुलिस से लेकर सभी सुरक्षा कर्मी सड़कों पर विशेष रूप से अलर्ट दिखे। कारकेड गुजरने के दौरान राजधानी के किन-किन रास्तों को बंद किया जाएगा उसका भी मंगलवार को रिहर्सल किया गया। हालांकि कारकेड के रिहर्सल के दौरान कई सड़कों पर वाहनों को थोड़ी देर के लिए रोक दिया गया था। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।






हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

झारखण्ड राज्य के वन अधिकांशतः उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती साल तथा मिश्रित प्रजाति के हैं एवं जैव विविधता की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध हैं। वनों के आस–पास रहने वाले राज्यवासियों की जीविका मुख्यतः वनों पर निर्भर है। वनों के शुष्क एवं पर्णपाती होने के कारण गर्मी के मौसम में फरवरी से जून माह तक वन अग्नि की घटनाएं होती हैं तथा अधिकांश वन अग्नि की घटनाएं मानव जनित कारणों से होती हैं यथा, महुआ एवं साल बीज एकत्र करने वाले लोगों द्वारा अक्सर वृक्षों के नीचे साफ–सफाई के लिए जमा सूखे पत्तों को जलाने के क्रम में आग आस–पास के क्षेत्रों में फैलकर भीषण वन अग्नि का रूप धारण कर लेती है तथा वन सम्पदा को नुकसान पहुँचाती है। वन अग्नि की घटनाएं जैव विविधता तथा वन वासियों के वन आधारित जीविकोपार्जन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती हैं।

राज्य के वन विभाग द्वारा वन अग्नि से वन तथा जन पर होने वाले दुष्परिणामों को देखते हुए व्यापक रणनीति के तहत वन अग्नि से होने वाले नुकसान के बारे में व्यापक जागरूकता अभियान वन अग्नि मौसम में चलाया जाता है एवं जन सहयोग से वन अग्नि प्रबंधन का कार्य किया जाता है। वनों में वन अग्नि की रोकथाम एवं प्रबंधन में स्थानीय समुदाय की सक्रिय रूप से जन–सहभागिता नितान्त आवश्यक है।

मेरी सभी राज्य वासियों, विशेषकर वनों के समीप रहने वाले स्थानीय समुदायों के ग्रामीण भाई–बहनों से अपील है कि वनों की वन अग्नि से सुरक्षा में अपना सक्रिय सहयोग देकर राज्य के प्राकृतिक वन संसाधनों एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

जोहार !

PR 298100 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24